# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 17 दिसंबर 2025






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH:** RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.



## दस हजार से अधिक वाहन रेंगते रहे

## काली मंदिर, भारत टॉकीज तक लगा घंटों तक जाम में फंसे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर में इन दिनों मेट्रो ट्रेन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इससे एक तरफ जहां भोपाल का विकास हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर लोग इससे खासे परेशान भी हो रहे हैं।

मंगलवार को काली मंदिर से भारत टॉकीज तक करीब तीन किमी तक लंबा जाम लग गया। शाम करीब पांच बजे से रात साढ़े सात बेज तक दस हजार से अधिक वाहन करीब ढाई घंटे तक रेंगते नजर आए। काली मंदिर से भारत टॉकीज रोड तक लगे इस जाम के चलते भोपाल स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके चलते कुछ यात्रियों की ट्रेन तक छूट गई।

दरअसल, रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड तक वाहनों की लंबी कतारें लगी नजर आई। इसके चलते बस व ऑटो आदि से जाने वाले यात्री समय से स्टेशन तक नहीं पहुंच सके। वाहन चालकों का कहना है कि यहां पर मेट्रो के काम के साथ ही इस रोड पर लगातार बढ़ रही अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े दोपहिया वाहनों के कारण हालात आए दिन इस तरह की स्थिति बन जाती है।

### यातायात पुलिस नजर नहीं आई

सेंट्रल लाइब्रेरी, भोपाल स्टेशन व नादरा बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर भी ट्रैफिक रेंग-रेंग कर चलता रहा। इस दौरान यातायात पुलिस नजर नहीं आ रही थी। वाहन चालकों को जहां से जगह मिल रही थी, उल्टे-सीधे अपने वाहनों को निकालने के चक्कर में यहां-वहां से डाल रहे थे। इससे जाम के हालत ओर बिगड़ गए।

### ई-रिक्शा की वजह से लगता है जाम

राजधानी के अहम 12 रूट पर करीब चार माह पहले ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगाई गई थी। तब प्रशासन की ओर से ई-रिक्शों को यहां ,खड़े होने की वजह बताकर रोक लगाई थी। लेकिन अब तक इसका पालन नहीं किया गया। भारत टॉकीज व भोपाल स्टेशन,नादरा बस स्टैंड की ओर बड़ी संख्या में ई-रिक्शों का संचालन किया जा रहा है। इसके चलते भी आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस की सीट गंदी, तो टॉयलेट में नहीं मिल रहा नैपकिन रोल

### रानी कमलापति से नई दिल्ली जा रही चलती ट्रेन में यात्रियों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की सबसे शानदार ट्रेनों की जब बात होती है तो वंदे भारत का नाम आता है। लेकिन इन दिनों इस ट्रेन के हाल बेहल है। यात्री को अधिक किराया देने के बाद भी अच्छी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को आरकेएमपी से नई दिल्ली की ओर जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस यात्री टॉयलेट में नैपकिन नहीं मिला। तो वहीं गंदी सीटों के साथ ही ट्रेन को रवाना कर दिया। इसको लेकर कुछ यात्रियों ने चलती ट्रेन में हंगामा कर दिया। साथ ही मामले रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने मामले को संज्ञान लिया। इसके बाद सीट की सफाई कराई गई।

*गंदी सीटो के साथ ही ट्रेन को नई दिल्ली के लिए किया रवाना*

*यात्रियों की शिकायत के बाद कराई गई सीटों की सफाई*

### टॉयलेट में नहीं मिल रहा नेपकिन रोल



खाली पड़ा नेपकिन रोल स्टैंड।

वंदेभारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्रियों का कहना था कि आरकेएमपी से नई दिल्ली जाते समय ट्रेन के टॉयलेट में नैपकिन रोल नहीं रखा जाता है। जबकि यह ट्रेन सुबह यहां से रवाना होती है। ऐसे में नैपकिन नहीं होने से खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही सही से इस ट्रेन की सफाई नहीं की जा रही है। टॉयलेट अक्सर ही गंदे रहते है।

### किराया महंगा, पर सुविधाएं नदारद



सीटों मे निकली लोहे की पत्तियां।

मामले की शिकायत करने वाले यात्री शेखर कुमार का कहना है कि वंदे भारत एक्सप्रेस की एग्जीक्यूटिव श्रेणी का टिकट तीन हजार से अधिक रुपये है। चेयरकार का टिकट 1735 रुपये है। महंगे टिकट के बावजूद यात्रियों को आधारभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। मेल, सुपर फास्ट, एसी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में भी यात्रियों को ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## हाउसिंग फॉर आल प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंची महापौर, हितग्राहियों का गुस्सा फूटा

# बोले... बुकिंग के दौरान कहा गया थ, दो साल में प्रोजेक्ट पूरा होगा, लेकिन 8 साल बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाउसिंग फॉर ऑल योजना के तहत 12 नंबर बस स्टॉप पर बन रहे आवासों का मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंची महापौर मालती राय को हितग्राहियों के गुस्से का सामना करना पडा। लोगों ने उनसे कहा कि जब बुकिंग शुरू हुई थी तब कहा गया था कि दो साल में प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा, लेकिन आठ साल बाद भी यह अधूरा है। इसके अलावा लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता और घरों के सामने जलभराव की शिकायतें भी कीं। महापौर ने लोगों को भरोसा दिलाया कि रेरा से मंजूरी नहीं मिलने के कारण काम लेट हो गया। अब मंजूरी मिल गई तो काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। मई-26 तक सबको आवास मिल जाएंगे।

महापौर ने प्रोजेक्ट से जुडी सभी जानकारी मौके पर मौजूद अधिकारियों से ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अधूरे काम तेजी से पूरे किए जाएं और गुणवत्ता में किसी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोगों की शिकायतों का प्रमुखता से निराकरण करने की बात भी कही। महापौर के निरीक्षण करने की सूचना मिलने पर बडी संख्या में वे लोग वहां पहुंच गए थे जिन्होंने फ्लैट्स बुक किए हैं। महापौर जैसे ही निरीक्षण स्थल पर पहुंची लोगों ने अपनी शिकायतों की छडी लगा दी।

*महापौर बोलीं रेरा की मंजूरी न मिलने से लेट हुआ निर्माण कार्य*

*महापौर ने मई-26 तक सबको घर मिलने का दिलाया भरोसा*

*लोगों से की बात, सफाई व्यवस्था देखी, गंदगी देखकर हुईं नाराज*

### काम जल्द पूरा करेंगे, गुणवत्ता का रखा जाएगा ध्यान



महापौर के समक्ष अपना आक्रोश व्यक्त करते लोग।

महापौर मालती राय ने लोगों को समझाया और कहा कि यह बात सही है कि आवास नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बैंक से लोन की किश्त और मकान के किराए का बोझ पड रहा है। रेरा की मंजूरी मिलने के बाद अब काम तेजी से पूरा होगा।

### महापौर ने दिए निर्देश

महापौर श्रीमती राय ने परियोजना स्थल पर सड़कों का निर्माण एवं आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनाने, जलप्रदाय व्यवस्था से संबंधित कार्यों को भी व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय को इस दौरान अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 12 नंबर स्टॉप आवासीय परियोजना में 216 एमआईजी, 576 एलआईजी तथा 432 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए जा रहे है। इस प्रकार इस परियोजना में कुल 1224 आवास निर्मित किए जा रहे हैं।

### कई बार धरना-प्रदर्शन भी हो चुके हैं

यहां आवास आवंटन को लेकर कई बार लोग धरना-प्रदर्शन भी कर चुके हैं। बडी संख्या में ऐसे लोग हैं जो दर्जनों चक्कर निगम के लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं दे रहा था कि आखिर आवास कब तक मिलेंगे। इसे लेकर लोगों में खासी नाराजगी थी।

## कमिश्नर ने दारोगा से पूछा सफाई कर्मी जिन्हें तनख्वाह दी जाती है क्या वे ड्यूटी पर आते हैं?



करोंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निरीक्षण करती निगम कमिश्नर संस्कृति जैन।

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन मंगलवार को करोंद स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निरीक्षण करने पहुंची। उन्हें यहां एक स्कूल के पास गंदगी मिलने पर दरोगा की क्लास ली और उनसे पूछा सफाई कर्मचारी जिन्हें तनख्वाह दी जाती है क्या वे सारे कर्मचारी ड्यूटी पर आते हैं या सिर्फ कागजों में ही इनकी ड्यूटी होती है। गंदगी देखकर वे नाराज हुईं और कहा कि जो फोटो सफाई के ऐप पर अपलोड किए जाते हैं स्थिति से उसके उलट है। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से भी बातचीत की। लोगों ने बताया कि पूरे वार्ड-78 में नालियां कचरे से पटी हुई हैं। सडक पर गडढे हैं। बारिश में जलभराव होता है। कभी-कभी इक्का-दुक्का गडढों को भरकर उसके फोटो अपलोड कर दिए जाते हैं। रहवासियों ने उन्हें बताया कि वार्ड से जो भी टैक्स आता है उस राशि से क्षेत्र में विकास नहीं करवाए जाते।

### तीन मंजिला मकान, टैक्स दो मंजिल का

निगम कमिश्नर को स्थानीय रहवासियों ने एक तीन मंजिला मकान को दो मंजिल का टैक्स लिए जाने की बात कही। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से पूछा कि ऐसा क्यों। लोगों ने उनसे कहा कि इसकी जांच होना चाहिए। लोगों ने उनसे क्षेत्र में विकास करवाने और समस्याओं के निराकरण की गुहार लगाई।

## विदिशा में शिकार कांड में पकड़ाया पटवारी सस्पेंड

**भोपाल।** विदिशा के लटेरी जंगल में मोर का शिकार करने निकले एक पटवारी और सिविल इंजीनियर को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। पटवारी गुफरान अहमद भोपाल की हुजूर तहसील में पदस्थ है। जिसे मंगलवार को एसडीएम विनोद सोनकिया ने सस्पेंड कर दिया।

हुजूर के हल्का नंबर-25 में पदस्थ पटवारी गुफरान को तहसील मुख्यालय पर रखा गया है। पटवारी को उसके साथी मोहम्मद आमिर निवासी श्यामला हिल्स के साथ पकड़ा गया था, जो पेशे से सिविल इंजीनियर है। इतना ही नहीं इन आरोपियों के पास से वन अमले ने टेलीस्कोप लगी एयरगन और 14 सेंटीमीटर लंबा चाकू जब्त किया गया था। आरोपी गुफरान और आमिर को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। यहां से उन्हें लटेरी जेल भेज दिया गया।

## स्टेशनों पर दिया जा रहा है फाइनल टच

## अब इंतजार के तीन दिन शेष, मेट्रो के कामर्शियल रन में जुटे अफसर-कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो के कामर्शियल रन की शुरुआत में अब महज तीन दिन का इंतजार बाकी है। इसे लेकर मेट्रो प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। लोकार्पण के साथ ही मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। हालांकि अभी फेयर और शैडयूल मेट्रो प्रशासन ने जारी नहीं किया है।

मेट्रो के लोकार्पण कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा चुका है। वहीं ट्रेन के परिचालन, समय-सारिणी, टिकटिंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और यात्रियों की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं को फाइनल टच देने अधिकारी-कर्मचारी दिनभर व्यस्त रहे। स्टेशनों पर साफ-सफाई, साइन बोर्ड, एस्केलेटर, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म



व्यवस्था और कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को भी फाइनल टच दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार मेट्रो परिचालन के लिए सभी सिस्टम पूरी तरह तैयार है। मेट्रो के कामर्शियल रन से शहरवासियों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा मिलेगी, जिससे यातायात का दबाव भी कम होगा।

*हरिभूमि की टीम ने हमीदिया रोड पर देखी व्यवस्थाएं*

## निगमायुक्त के आदेश पर केवल एक दिन दिखा असर...फिर वही हाल, रैन बसेरों के सामने ही खुले आसमान के नीचे सोते मिले लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोड किनारे खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले लोगों को नजदीकी रैन बसेरों में पहुंचाने के निगम आयुक्त एक माह पहले दिए निर्देशों का असर शहर में केवल एक दिन ही देखने मिला। अब हालात फिर जस के तस ही नजर आ रहे हैं। बीती रात हरिभूमि की टीम ने देर रात जब हमीदिया रोड पर व्यवस्थाएं देखीं तो रैन बसेरे के सामने ही खुले आसमान के नीचे लोग रात गुजारते नजर आए। इस संबंध में जब जोनल अधिकारी से पूछा गया तो उनका कहना था कि खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों को रैन बसेरों में पहुंचाया जा रहा है। जैसे की जानकारी मिलती है वे ऐसे लोगों को तुरंत रैन बसेरों तक निगम के वाहन से पहुंचाते हैं।

निगम आयुक्त ने एक माह पूर्व खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के निर्देश दिए थे। इस आदेश पर पहले दिन ही संबंधित जोन के जेडओ और एएचओ सडकों पर देर रात घूमकर खुले आसमान के नीचे रात बिताने वालों को रैन बसेरों तक पहुंचाने के काम में जुटे। उसके बाद यह मुहिम धीमी पड गई। जबकि महापौर भी रैन बसेरों का निरीक्षण कर चुकी हैं।



हमीदिया रोड के रैन बसेरे के सामने खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर लोग।

### यादगार-ए-शाहजहांनी में शहर का बड़ा रैन बसेरा है

यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में बना रैन बसेरा शहर का सबसे बडा रैन बसेरा है। यहां बने दो मंजिला भवन में 400 से ज्यादा लोगों के ठहरने की क्षमता है। महापौर और निगम के अधिकारियों के निर्देश पर यहां व्यवस्थाएं सुधारी गई हैं। सर्दी से बचाव के लिए हीटर लगाए गए हैं और गरम पानी का इंतजाम भी है, लेकिन बावजूद इसके लोग खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे हैं।

### एएचओ कर रहे हैं निगरानी

नगर निगम जोन-9 के जोनल अधिकारी मधुर जैन ने बताया कि निगम आयुक्त के आदेश पर लगातार एएचओ खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों की निगरानी कर रहे हैं और उन्हें अपने वाहन से रैन बसेरे तक पहुंचा रहे हैं।



हमीदिया रोड के ही रैन बसेरे के सामने सोता शख्स।

## 4 लाख 44 हजार 307 वोटर के नाम कटने के बाद संभागायुक्त ने की समीक्षा

## नाम कटने से बचाने के लिए मिलेंगे दो मौके, पेश कर सकेंगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सात विधानसभाओं में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 4 लाख 44 हजार 307 वोटर्स के नाम कटना लगभग तय है, हालांकि 18 दिसंबर तक इसकी तादाद में बदलाव हो सकता है। बीएलओ एप में दर्ज जानकारी में बदलाव करा सकता है। इधर जिले में भारी तादाद में नाम कटने को लेकर आयोग चिंतित है। इधर 42 दिन बाद पहली बार संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखी, जिसमें अफसरों को हिदायत दी गई कि वह नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नोटिस तामील होने के साथ उन्हें दो से तीन मौके दिए जाएं।

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में रखी बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को हिदायत दी कि अनकलेक्टेबल केटगरी के सभी वोटरं का 18 के पहले वेरिफिकेशन करा लिया जाए। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि अब तक जिले के सवा पांच सौ अफसरों के साथ एसडीएम और बीएलओ ने करीब तीन लाख मतदाताओं का दोबारा से वेरिफिकेशन कर लिया है।

### बीएलओ को नोटिस तामील की जिम्मेदारी





### भोपाल डॉट एनआईसी डॉट जीओवी पर लिस्ट

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल केटगरी वाले मतदाताओं की लिस्ट भोपाल डॉट एनआईसी डॉट जीओवी पर अपलोड कर दी गई है, जहां आम लोग अपने मोबाइल फोन पर भी देख सकते हैं। अगर किसी मतदाता का नाम इसमें दर्ज है, तो वह बीएलओ से संपर्क कर सही जानकारी दे सकता है।

बैठक में बताया गया कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को दिए जाने वाले नोटिस सौ फीसद तामील कराए जाने चाहिए, जिससे किसी भी मतदाता का सुनवाई के बिना नाम नहीं काटा जा सके। कलेक्टर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में सुनवाई की जाएगी, जिससे मतदाताओं को दस्तावेज पेश करने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दस महीने बाद 33 हजार 354 वोटर मृत मिले

पांच जनवरी 2025 को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। जिसके बाद 4 नवंबर से एसआईआर का काम शुरु किया गया था। जिसके बाद से अब तक मृतक की केटगरी में 33 हजार 354 मतदाताओं को दर्ज किया गया है। जिसमें सबसे ज्यादा मृतक 6 हजार 280 मृतक मतदाता गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में मिले हैं। इधर अफसरों का कहना है कि बीएलओ ने लंबे टाइम से मृतकों के नाम नहीं काटे थे, जिसकी वजह से मृतकों का आंकड़ा अधिक है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 आईपीएल ऑक्शनः ग्रीन पर 25.2...



विचार पेज
06 नशे के खिलाफ मालदीव मॉडल...



## मोहन कैबिनेट ने 7 तरह के पदों को किया समाप्त

# मप्र में अब नियमित, संविदा व आउटसोर्स के पद ही रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र शासन में अब नियमित, संविदा और आउटसोर्स के पद ही रहेंगे। बाकी पदों का राज्य सरकार ने विभेदीकरण कर दिया है।

नए नियम में कार्यभारित और आकस्मिक स्थापना के सभी पदों को सांख्येतर घोषित करते हुए इन पदों पर नवीन नियुक्तियां नहीं करने की भी अनुमति कैबिनेट ने दी है। अनूपपुर, मंडला और डिंडोरी जिलों में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मंजूर किया गया है। इन तीनों परियोजनाओं से कुल 13 हजार 873 परिवार प्रभावित होंगे, जिन्हें विशेष पैकेज अनुसार निर्धारित मुआवजा प्रति परिवार 12.50 लाख रुपए दिया जाएगा। इसमें परियोजनाओं के डूब प्रभावितों के लिए डीपीआर में प्रावधानित ▶▶शेष पेज 4 पर

अपर नर्मदा, राघवपुर और बसानिया परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मंजूर



कैबिनेट बैठक में सीएम डॉ. यादव और मंत्री


### स्थायी व अस्थायी पदों के लिए लिया बड़ा निर्णय

मप्र कैबिनेट ने करीब साढ़े सात लाख शासकीय सेवकों को ध्यान में रखकर स्थायी व अस्थायी पदों के विभेदीकरण को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत विभिन्न विभागों में स्वीकृत स्थायी और अस्थायी पदों के विभेदीकरण को समाप्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के लिए सेवा भर्ती नियम में आवश्यक प्रावधान करने की मंजूरी दी गई। यह भी निर्णय लिया कि वर्तमान में कार्यरत कार्यभारित कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उसके आश्रित को नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इस संवर्ग में अभी ऐसा प्रावधान नहीं ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 03भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मप्र विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आज



**भोपाल।** विधानसभा का एक दिवसीय अष्टम सत्र बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। सत्र सुबह 11 बजे से शुरू होगा। एक दिन के सत्र में सत्र में मप्र को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार की योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

### कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन ने मंत्री पद छोड़ा



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन ने बिहार सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेज दिया है। नितिन नीतीश सरकार में पथ निर्माण विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'जी राम जी' बिल पेश करने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी, कांग्रेस का आरोप- गांधी का नाम हटाना उनका अपमान

# शिवराज बोले-गांधी हमारे दिल में, कांग्रेस ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था



शिवराज सिंह चौहान

◀ शिवराज ने कहा-तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था?

◀ केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के आखिरी शब्द भी 'राम जी' ही थे

◀ विपक्ष का आरोप- केंद्र सरकार तय करेगी कि फंड कहां और कब देना है। इसलिए, ग्राम पंचायत का अधिकार छीना जा रहा है। हमें यह बिल हर तरह से गलत लगता है

विपक्ष ने कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए



विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया

**100** दिन के रोज़गार अधिकार को कमज़ोर करेगा बिल

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन विधेयक 2025 यानी 'जी राम जी' बिल मंगलवार को लोकसभा में भारी हंगामे के बीच पेश किया गया। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बिल को पेश किया। यह बिल मनरेगा की जगह लेगा। लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इस बिल का विरोध किया। कांग्रेस के अलावा अन्य विपक्षी दलों ने इस बिल का ▶▶शेष पेज 4 पर

### शिवराज सिंह चौहान ने बताया...

#### 1.51 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का प्रावधान

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच यह विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि मोदी सरकार महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? शिवराज सिंह ▶▶शेष पेज 4 पर

### सरकार ने दिनों की संख्या तो बढ़ा दी है लेकिन मज़दूरी नहीं बढ़ाई

लोकसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे नाम बदलने की यह सनक समझ नहीं आती। इसमें खर्चा बहुत होता है। इसलिए मुझे समझ नहीं आता कि सरकार बेवजह ऐसा क्यों कर रही है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) ने गरीब लोगों को 100 दिन के रोज़गार का अधिकार दिया था। यह बिल ▶▶शेष पेज 4 पर

### आज कांग्रेस का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में बुधवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने इस फैसले को गरीबों, मजदूरों और महात्मा गांधी की विरासत पर सीधा हमला करार दिया है। ▶▶पढ़ें पेज 10 भी

### राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

# उज्जैन का चर्चित लैंड पूलिंग एक्ट पूर्णतः निरस्त

एक दिन पहले भाजपा के एक विधायक ने भी इस योजना को लेकर जताया था अपना विरोध



उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा मप्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के तहत प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10, 11 को अधिनियम की धारा 52(1) के प्रावधान का उपयोग कर रूपांतरित रूप से संशोधित किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राज्य शासन ने उज्जैन की सभी लैंड पूलिंग योजना को पूर्ण रूप से निरस्त कर दिया है। मंगलवार को देर रात इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई। इस योजना को लेकर पिछले काफी समय से राजनैतिक हलके में गतिरोध बना हुआ था।

अभी एक दिन पहले भाजपा के एक विधायक ने भी अपना विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया था। इसके तत्काल बाद लैंड पूलिंग एक्ट को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की अधिसूचना जारी कर दी। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगातार चली बैठकों व समझाइश के बाद ही साफ कर दिया था कि ऐसा कोई भी नियम कानून जो आम लोगों के हित में नहीं होगी, सरकार उसे किसी भी सूरत में लागू नहीं करेगी।

### देर रात आदेश जारी किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस संबंध में साफ किया था कि उज्जैन का लैंड पूलिंग एक्ट निरस्त किया जा रहा है। किंतु इसे लेकर गतिरोध बना रहा। इसके बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई। इस योजना के अनुसार उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा मप्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के तहत प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10, 11 को अधिनियम की धारा 52(1) के प्रावधान का उपयोग कर रूपांतरित रूप से संशोधित किया गया था। उज्जैन के लैंड पूलिंग योजना को लेकर पिछले कुछ समय से काफी विवाद की स्थिति बनी हुई थी। सूत्रों ने बताया कि देर रात नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव सीके साधव ने लैंड पुलिंग एक्ट निरस्त करने का आदेश जारी कर राजपत्र में प्रकाशन के लिए भेज दिया।

# वांतारा की विशेष यात्रा पर लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी के साथ पवित्र भारतीय परंपराओं एवं वन्यजीवों के बीच अविस्मरणीय अनुभव साझा किए...



अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी का आलिंगन करते हुए


















अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी से हाथ मिलाकर बातचीत करते हुए

**जामनगर, भारत।** वैश्विक फुटबॉल आइकन लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वांतारा का विशेष दौरा किया। इस केंद्र में परंपरानुसार हर पहल की शुरुआत सनातन धर्म के अनुरूप आशीर्वाद लेने से होती है, जो प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान पर बल देता है। मेस्सी की यह यात्रा इसी सांस्कृतिक लोकाचार की झलक थी—उन्होंने पारंपरिक हिंदू अनुष्ठानों में भाग लिया, वन्यजीवों का अवलोकन किया और देखभालकर्ताओं तथा संरक्षण टीमों से संवाद किया। यात्रा के दौरान उनकी गतिविधियों में वह विनम्रता और मानवीय संवेदनशीलता परिलक्षित हुई, जिसके लिए वे व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं, और वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते अनंत अंबानी के साथ उनके आत्मीय संबंध और मित्रता भी उजागर हुई।

मेस्सी अपने इंटर मियामी के साथी खिलाड़ियों लुइस सुआरेज़ और रोड्रिगो डी पॉल के साथ पहुंचे, जहाँ उनका भव्य पारंपरिक शैली में स्वागत किया गया। स्वागत में जीवंत लोकसंगीत, आशीर्वाद और शुभ भावना का प्रतीक पुष्पवर्षा, तथा औपचारिक आरती शामिल थी। फुटबॉल दिग्गज ने मंदिर में महा आरती में भी भाग लिया, जिसमें अंबे माता पूजा, गणेश पूजा, हनुमान पूजा और शिव अभिषेक सम्मिलित थे। इस अवसर पर विश्व शांति और एकता की प्रार्थना की गई, जो भारत की सभी जीव-जंतुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान की शाश्वत परंपरा के अनुरूप है। स्वागत के बाद मेस्सी ने वांतारा के विशाल संरक्षण-परिसर का निर्देशित भ्रमण किया। यह परिसर बचाए गए बड़े बिलौटों (बिग कैट्स), हाथियों, शाकाहारी जीवों, सरीसृपों और दुनिया भर से लाए गए कम उम्र के पशुओं के पुनर्वास व देखभाल का केंद्र है। उन्होंने ग्रीन एनर्जी कॉम्प्लेक्स और दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स का भी दौरा किया, जहाँ संचालन के पीछे मौजूद विशाल पैमाने और दूरदृष्टि को देखकर उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की।शेरों, तेंदुओं, बाघों और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों के देखभाल केंद्र में मेस्सी ने समृद्ध और प्राकृतिक माहौल में फल-फूल रहे जानवरों के साथ समय बिताया; कई जानवर उत्सुकतापूर्वक उनके पास भी आए। इसके बाद उन्होंने हर्बिवोर केयर सेंटर और रिपटाइल केयर सेंटर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विशेष पशु-चिकित्सा देखभाल, अनुकूलित पोषण, व्यवहार-आधारित प्रशिक्षण और सुव्यवस्थित पशुपालन प्रोटोकॉल के तहत जानवरों की उत्कृष्ट देखरेख देखी—जो वन्यजीव कल्याण में वांतारा के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाती है। यात्रा के दौरान उन्होंने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ हॉस्पिटल भी देखा, जहाँ उन्होंने वास्तविक समय में नैदानिक और शल्य-चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का अवलोकन किया, और बाद में ओकापी, गैंडे, जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। वैश्विक दृष्टि से उन्होंने देश में वन्यजीव देखभाल और संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। फॉस्टर केयर सेंटर, जो अनाथ और संवेदनशील/कमज़ोर छोटे जानवरों के लिए समर्पित है, वहाँ मेस्सी ने उनके संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रेरक यात्राओं के बारे में जाना। एक भावुक और हृदयस्पर्शी क्षण में अनंत अंबानी और राधिका अंबानी ने मिलकर एक शेर के शावक का नाम "लियोनेल" रखा—यह नाम अब आशा और निरंतरता का प्रतीक बन गया है, जो फुटबॉल दिग्गज के सम्मान में दिया गया। दौरे का सबसे खास आकर्षण एलिफेंट केयर सेंटर रहा, जहाँ मेस्सी मणिकलाल से मिले—एक बचाया गया हाथी का बच्चा, जिसे दो साल पहले उसकी बीमार माँ प्रतिमा के साथ लकड़ी उद्योग में कठोर श्रम से मुक्त कराया गया था। एक ऐसी घटना में जिसने पूरे केंद्र का दिल जीत लिया, मेस्सी ने मणिकलाल के साथ अचानक एक फुटबॉल-आधारित एनरिचमेंट गतिविधि में भाग लिया और खेल व खेलभावना की सार्वभौमिक भाषा का सुंदर प्रदर्शन किया। हाथी के बच्चे ने इस गतिविधि पर उत्साह से प्रतिक्रिया दी और खेल-खेल में ऐसे अंदाज़ दिखाए, जिनसे उसकी उभरती क्षमताएँ झलकती थीं—यह पल मेस्सी की भारत यात्रा के सबसे यादगार क्षणों में से एक बन गया। अनंत अंबानी ने वांतारा आने और जानवरों व मानवता के प्रति निस्वार्थ रूप से प्रेरणा देने के लिए मेस्सी का आभार व्यक्त किया। इसके उत्तर में मेस्सी ने स्पेनिश में कहा, "वांतारा जो करता है, वह सचमुच बहुत सुंदर है—जानवरों के लिए किया जाने वाला काम, उन्हें मिलने वाली देखभाल, और जिस तरीके से उन्हें बचाकर सुरक्षित रखा जाता है। यह वास्तव में प्रभावशाली है। हमने यहाँ बहुत अच्छा समय बिताया, पूरे समय खुद को पूरी तरह सहज महसूस किया, और यह एक ऐसा अनुभव है जो आपके साथ बना रहता है। इस अर्थपूर्ण कार्य को प्रेरित करने और समर्थन देने के लिए हम निश्चित रूप से फिर से आएँगे।"

यात्रा के अंत में मेस्सी ने नारियल उत्सर्ग और मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग लिया, जो सद्भावना और शुभ आरंभ का प्रतीक माने जाते हैं। समारोह शांति और कल्याण के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, जिसने उन साझा मूल्यों को रेखांकित किया जो वांतारा के मिशन को मेस्सी की वैश्विक विरासत से जोड़ते हैं। विश्वभर में सामाजिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित लियो मेस्सी फाउंडेशन का नेतृत्व करने वाले मेस्सी ने वांतारा के उद्देश्य के साथ गहरा जुड़ाव व्यक्त किया और जानवरों के लिए करुणामय, विज्ञान-आधारित देखभाल की उसकी दृष्टि की सराहना की।


विकास और सेवा के 2 वर्ष
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
लोकतंत्र बन रहा हर दिन सशक्त और जीवंत
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में
एक दिवसीय विशेष सत्र
तय होगी विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा
17 दिसम्बर, 2025
नागरिकों के लिए
विशेष प्रदर्शनी
18 से 25 दिसम्बर, 2025 । विधानसभा भवन, भोपाल
विधानसभा के 70 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें
प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पर आधारित
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
नागरिकों की सहभागिता-लोकतंत्र की शक्ति
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-111164/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

**भोपाल**, बुधवार 17 दिसंबर 2025 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष -13 ■ वर्ष : 12, अंक : 257 ■ पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 25 न्यून.11 haribhoomi.com


रायसेन में पौधों पर जमी ओस की बूंदें

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**आज एक दर्जन जिलों में घना कोहरा, शाजापुर का गिरवर प्रदेश में सबसे सर्द, पारा 4.4 डिग्री**

# भोपाल में सीजन की सबसे ठंडी रात का पारा 4.8 डिग्री, 4 जिलों में कोल्ड वेव

भोपाल, रायसेन, इंदौर, शाजापुर जिले में शीतलहर, खजुराहो जिले में घना कोहरा, रीवा में मध्यम और भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में हल्के कोहरे का असर रहा

**भोपाल में सुबह 8 :30 बजे तक दृश्यता 500 से 1000 मीटर तक रही**

**रीवा, नौगांव, सतना और सीधी में 200 से 500 मीटर दर्ज की गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में ठंड ने मंगलवार को पूरे साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां सीजन की सबसे ठंडी रात का पारा 4.8 डिग्री दर्ज किया गया है। यह नॉर्मल से 6.1 डिग्री कम है। इससे पहले 17 नवंबर को सीजन का सबसे कम रात का पारा 5.2 डिग्री तक रहा है। चार जिलों में कोल्ड वेव रही। इनमें भोपाल, रायसेन, इंदौर, शाजापुर जिले शामिल हैं। लगातार तीसरे दिन प्रदेश में कोहरे का असर भी बरकरार है।

7 जिलों में रात का पारा 4 से 5 डिग्री तक रहने से कड़ाके की सर्दी का असर रहा। खजुराहो जिले में घना कोहरा, रीवा में मध्यम और भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में हल्के कोहरे का ⏩ शेष पेज 4 पर

## 7 जिलों में पारा 5 डिग्री के करीब

गिरवर (शाजापुर) 4.4, मंदसौर 4.6, भोपाल 4.8, कल्याणपुर (शहडोल), राजगढ़, नौगांव 5 और पचमढ़ी में न्यूनतम पारा 5.2 डिग्री रहा है। यहां कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बुधवार को भी आधा दर्जन से अधिक जिलों में कड़ाके की सर्दी का दौर रहेगा। बुधवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, मऊगंज, सतना, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी में घना कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। रीवा और छतरपुर जिलों में अति घना कोहरा रहेगा। भोपाल, ⏩ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### संत प्रेमानंद से मिले विराट और अनुष्का



**मथुरा।** क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार को वृंदावन पहुंचे। दोनों ने केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों की इस साल प्रेमानंद जी से यह तीसरी मुलाकात है। दोनों घुटनों के बल महाराज जी के सामने बैठे और सिर झुकाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान दोनों ने हाथ जोड़कर महाराज की बातें सुनते रहे। विराट सिर हिला-हिलाकर महाराज की बातें सुनते रहे, मुस्कुराते रहे।

### तीन मकानों में आग एक व्यक्ति जिंदा जला



**खंडवा।** जिले के पुनासा क्षेत्र में ग्राम सक्तापुर में मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। सुबह करीब 5.30 बजे लगी भीषण आग ने देखते ही देखते तीन मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 50 वर्षीय सूरज राठौर की जिंदा जलने से मौत हो गई। छह से अधिक दमकल वाहनों के साथ ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। मृतक ग्राम सरपंच सुनील राठौर के भाई सूरज राठौर हैं। जिनकी हादसे में मौत हो गई।

### दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने की राह पर मस्क



**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मस्क की कंपनी स्पेसएक्स 800 अरब डॉलर की वैल्यू पर टेंडर ऑफर लाने की तैयारी कर रही है। इससे मस्क की नेटवर्थ 168 अरब डॉलर बढ़कर 677 अरब डॉलर होने का अनुमान है। मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी संपत्ति 600 अरब डॉलर से अधिक हो गई है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने अम्मान में इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम को किया संबोधित**

# भारत-जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार, पुराने संबंधों को जीवित करना होगा


*पीएम ने कहा कि अब समय आ गया है कि उन पुराने व्यापारिक रास्तों और रिश्तों को फिर से जीवित किया जाए, ताकि आने वाले समय में दोनों देशों को समृद्धि मिल सके*

एजेंसी ⏭ अम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जॉर्डन दौरे के आखिरी दिन अम्मान में आयोजित इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत और जॉर्डन के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायिक नेताओं से बातचीत की और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के नए अवसर तलाशने पर जोर दिया और दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग को लेकर अहम बातें भी कहीं।

फोरम में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के रिश्ते सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें लंबे समय के मजबूत साझे में बदला जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार की दुनिया में आंकड़ों की अपनी अहमियत होती है, लेकिन भारत और जॉर्डन का लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि भरोसे और साझेदारी पर आधारित भविष्य बनाना है। उन्होंने इतिहास का ⏩ शेष पेज 4 पर

**जॉर्डन दौरा खत्म कर इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे पीएम**



⏩ *भारत की आर्थिक विकास दर आठ प्रतिशत से ज्यादा है, जो बेहतर उत्पादकता, मजबूत शासन व्यवस्था और नवाचार पर आधारित नीतियों का नतीजा*


⏩ *इसके कारण भारत में निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, जिसका फायदा जॉर्डन के निवेशक और कारोबारी भी उठा सकते हैं*

**पैगंबर मोहम्मद से है खून का रिश्ता**

### पीएम मोदी को खुद ड्राइव करके ले गए जॉर्डन के क्राउन प्रिंस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन के दौरे पर थे। पीएम मोदी सोमवार को जॉर्डन पहुंचे और उन्होंने वहां के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात की। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस पीएम मोदी को अम्मान के जॉर्डन म्यूजियम खुद गाड़ी चलाकर लेकर गए। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस गाड़ी चला रहे थे और पीएम मोदी उनके बगल बैठे हुए थे। इस तस्वीर को पीएम मोदी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। यह केवल तस्वीर नहीं बल्कि भारत और जॉर्डन के बीच मजबूत भरोसे और आपकी सम्मान का भी प्रतीक है। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अब्दुल्ला द्वितीय पैगंबर मोहम्मद के 42वीं पीढ़ी के वंशज हैं। क्राउन प्रिंस का रिश्ता जॉर्डन के शाही परिवार हाशमी ⏩ शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान**



### बोले- मेरे लिए सौभाग्य की बात

पीएम मोदी मंगलवार को जॉर्डन का दौरा खत्म कर इथियोपिया पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ बैठक की। पीएम मोदी ने इथियोपियाई पीएम अहमद अली को अपना भाई और दोस्त बताया। इथियोपिया ने मोदी को अपना सर्वोच्च पुरस्कार- द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी यह पुरस्कार पाने वाले पहले वैश्विक ⏩ शेष पेज 4 पर, ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

**सतना में अस्पताल की बड़ी लापरवाही**

# दूषित खून चढ़ाने से चार बच्चे एचआईवी पॉजिटिव




**डिप्टी सीएम शुक्ल ने दिए जांच के आदेश**

**एचआईवी से प्रभावित बच्चों की उम्र 12 से 15 साल के बीच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

सतना जिला अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित 4 बच्चों का एचआईवी टेस्ट पॉजिटिव आया है। यह मामला चार महीने पुराना है और इसकी जांच चल रही है। अधिकारियों को शक है कि बच्चों में इन्फेक्शन फैलने की वजह दूषित सुइयों का इस्तेमाल या खून चढ़ाना हो सकता है। डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं और रिपोर्ट मांगी है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि खून चढ़ाने का काम दूसरे अस्पतालों में भी हुआ था या सिर्फ सरकारी अस्पताल ⏩ शेष पेज 4 पर

### बख्शे नहीं जाएंगे दोषी: शुक्ल




इस गंभीर चूक पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा, सरकार अभी रिकॉर्ड कलेक्ट कर रही है। मामले की गहन जांच के लिए समिति गठित की गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि एक बच्चे के माता-पिता पहले से ही एचआईवी पॉजिटिव हैं, जबकि शेष तीन बच्चों को किस ब्लड बैंक से संक्रमित रक्त चढ़ाया गया, इसकी जांच ⏩ शेष पेज 4 पर

**निजी स्कूल संचालकों को राहत**

# फीस लौटाने का हाई कोर्ट ने आदेश किया निरस्त

**तल्ख टिप्पणी के साथ कहा- अधिकारियों ने शक्ति का दुरुपयोग कर अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य किया**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों ने शक्ति का दुरुपयोग कर अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य किया है।

प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने इस मत के साथ स्कूलों को दिया गया अधिक वसूली गई फीस वापस लौटाने का आदेश निरस्त कर दी। मामला शहर के निजी स्कूलों से संबंधित था। जबलपुर के दो दर्जन से अधिक निजी स्कूल संचालकों ने मनमानी फीस वसूली के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए जाने को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। इनमें से अधिकतर स्कूल मिशनरी संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। राज्य की गाइडलाइन का कथित तौर पर उल्लंघन करने के आरोप में जिला प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने स्कूल प्रबंधन से ⏩ शेष पेज 4 पर

**यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ीं**

**बसों के भीतर जले हुए और कटे हुए मानव अंग मिले**

# 13 की मौत, 70 घायल, डीएनए टेस्ट से होगी शवों की पहचान

**करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन**

**मृतकों के परिजनों को 4 लाख मिलेंगे, पीएम ने जताया दुख**

एजेंसी ⏭ मथुरा

यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं।

मथुरा के बलदेव इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में बसों के भीतर जले हुए और कटे हुए मानव अंग मिले हैं। ऐसे में शवों की पहचान डीएनए टेस्ट के जरिए की जाएगी। मथुरा के बलदेव इलाके में हुए ⏩ शेष पेज 4 पर


दुर्घटना के बाद जली हुई बस का दृश्य

**खजराना मंदिर के गर्भगृह में एंट्री नहीं!**

# गोलू शुक्ला के नवविवाहित बेटे-बहू ने एक दूसरे को पहनाई वरमाला


सिमर-अंजनेश शुक्ला

**वरमाला रस्म का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का परिवार एक बार फिर विवादों में आ गया है। इस बार मामला शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर से जुड़ा है, जहां गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बाद भी विधायक गोलू शुक्ला के बेटे अंजनेश शुक्ला और उनकी नवविवाहित पत्नी सिमर ने भगवान गणेश के सामने एक दूसरे को वरमाला पहनाई । यह घटना शादी के तुरंत बाद 11 दिसंबर की बताई जा रही है, ⏩ शेष पेज 4 पर

**ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट का संज्ञान से इनकार**

# राहुल-सोनिया गांधी को बड़ी राहत कांग्रेस बोली-सत्य की जीत हुई

**कोर्ट ने ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दे दी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। केस से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। वहीं, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज की गई नई एफआईआर में प्राथमिकी की कॉपी देने से इनकार कर दिया।


सोनिया व राहुल गांधी

अदालत ने कहा है कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य आरोपी एफआईआर की प्रतिलिपि पाने के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दे दी है। स्पष्ट किया है कि आगे की जांच के लिए ईडी को स्वतंत्रता है।

साथ ही कहा है कि ईडी का मामला सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत और मजिस्ट्रेट के समन आदेशों पर आधारित है, न कि किसी प्राथमिकी पर। हालांकि, एजेंसी इस मामले से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों को इकट्ठा करना जारी रख सकती है। कांग्रेस अपने आधिकारिक एक्स खाते से एक पोस्ट में लिखा- सत्य की जीत हुई है। मोदी ⏩ शेष पेज 4 पर

**आईपीएल -19 नीलामी: मिनी ऑक्शन में अनकैप्ड खिलाड़ियों पर धनवर्षा हुई**

# प्रशांत और कार्तिक सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20-14.20 करोड़ में खरीदे

**आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी और तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने कैमरन ग्रीन 25.20 करोड़ में बिके**

एजेंसी ⏭ अबु धाबी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण के लिए मिनी-ऑक्शन मंगलवार को अबुधाबी में हुआ। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ में खरीदा। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी और तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।

श्रीलंका के मथिशा पथिराना को 18 करोड़ में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा। मिनी ऑक्शन में अनकैप्ड खिलाड़ियों पर धनवर्षा हुई। प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20-14.20 करोड़ में खरीदा। दोनों ⏩ शेष पेज 4 पर


प्रशांत वीर


कार्तिक शर्मा


कैमरन ग्रीन

### भोपाल लेपर्ड्स के खिलाड़ी शिवांग कुमार को 30 लाख में खरीदा

*भोपाल। भोपाल लेपर्ड्स के लिए गर्व का क्षण है कि टीम के होनहार खिलाड़ी शिवांग कुमार को सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख रुपए में खरीदा* ⏩ शेष पेज 4 पर




### इनकी भी बोलियां

- मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा
- 1.50 करोड़ बेस वाले ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट को चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा।
- जेसन होल्डर को गुजरात टाइटंस ने 7 करोड़ में खरीदा
- राहुल त्रिपाठी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 75 लाख में खरीदा

### बुजुर्ग दादा-दादी के साथ महापौर भी रहीं साथ, कहा- बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं, उनका सम्मान जरूरी, उत्साह भरा रहा बोट क्लब का माहौल

# वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों ने बोट क्लब पर शिकारा बोट में की सैर, बिताए यादगार पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बोट क्लब पर मंगलवार को नजारा बदला-बदला था। यहां मौजूद थे अपना घर वृद्ध आश्रम के 24 बुजुर्ग। बुजुर्ग दादा-दादी को यहां बडे तालाब में शिकारे की सैर के लिए लाया गया था। इस मौके पर महापौर मालती राय भी मौजूद रहीं। उन्होंने दादा-दादी के साथ शिकारे में सैर की और उनके साथ यादगार पल बिताए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं। उनका सम्मान जरूरी है। महापौर बड़े तालाब की लहरों के बीच शिकारा में सवार होकर दादा-दादी के साथ समय बिताया। इस दौरान बोट क्लब का माहौल भी उत्साह से भरा रहा। यहां मौजूद लोगों ने भी बुजुर्गों को शिकारे में सैर करते देखने का आनंद उठाया कई लोगों ने बुजुर्गों के साथ सेल्फी भी ली। अपना घर की संचालक माधुरी मिश्रा ने बताया कि दादा-दादी ने तालाब से शहर की सुंदरता का आनंद लिया और बेहद खुश रहीं।


बोट क्लब पर मौजूद वृद्धजन एवं महापौर।


शिकारे में वृद्धजन के बीच महापौर।

## सफाई कर्मियों को कंबल वितरित किए

**भोपाल।** आंबेडकर नगर में महर्षि दयानंद जनकल्याण संस्था द्वारा मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम परिषद के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सपफाई कर्मचारियों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर सूर्यवंशी ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। समाज का दायित्व है कि कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले इन कर्मयोगियों के सम्मान एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।


कंबल वितरण का दृश्य।

## सरकार कॉलेजों में पढ़ने वालों की बनेगी आभा आईडी

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की (आभा आईडी) बनाई जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। हर शासकीय महाविद्यालय में आभा आईडी बनाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों को एबीडीएम चैंपियन के रूप में नामांकित किया जाएगा, जो इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारी और चैंपियन को आयुष्मान भारत मिशन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कॉलेजों से शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए विद्यार्थियों के आभा आईडी निर्माण को प्राथमिकता देने को कहा है, जिससे विद्यार्थी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से सीधे जुड़ सकें।

- विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर

**क्या है आभा आईडी:** आभा आईडी एक डिजिटल हेल्थ आईडी है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियां जैसे डॉक्टर प्रिसक्रिप्शन, जांच रिपोर्ट, दवाओं का विवरण आदि को एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर सुरक्षित रख सकते हैं। भविष्य में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में यह आईडी अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

### कोहरे के कारण रूट बदलने से स्टेशन पर यात्रियों को घंटों करना पड़ा इंतजार

# भोपाल एक्सप्रेस रही साढ़े तीन घंटे डिले शताब्दी एक्सप्रेस दूसरे दिन भी पहुंची लेट


टिकट काउंटर से यात्री टिकट लेते तो नजर आए, पर उन्हें यह नहीं पता था कि उनकी ट्रेन कब आएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल व रानीकमलापति रेलवे स्टेशन पर जो यात्री मंगलवार सुबह ट्रेन पकड़ने पहुंचे, उन्हें घंटों बैठकर इंतजार करना पड़ा। दरअसल रेलवे की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल ब्लॉक लिए जाने से कुछ ट्रेनों के रूट में बदलवा किया है। इसके चलते भोपाल स्टेशन सहित मंडल के विभिन्न से गुजरने वाली कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा है। तो वहीं इन दिनों उत्तर भारत व दिल्ली में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। इसके चलते भोपाल आने वाली ट्रेनों चाल बिगड़ गई। जिसके चलते मंगलवार को आने वाली ट्रेनें 40 मिनट से लेकर 7 घंटे तक की देरी से पहुंची। इसमें जहां भोपाल एक्सप्रेस व शताब्दी एक्सप्रेस लगातार पिछले 5-6 दिनों से देरी से आ रही है। इसके चलते सर्दी के बीच यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

#### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 2:27 घंटे लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 2:17 घंटे लेट आई
- 12780 हजरत निजामुद्दीन-वास्को डी गामा एक्सप्रेस 1:53 घंटे लेट आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 2 :44 घंटे लेट आई
- 12616 जीटी एक्सप्रेस 3:31 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1:59 घंटे लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0.40 मिनट देरी से
- 20424 पातालकोट 4.45 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.47 मिनट देरी से
- 14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 6:00 घंटे लेट आई
- 12626 केरला एक्सप्रेस 7:11 घंटे लेट आई
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 3:26 घंटे लेट आई
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 1:00 घंटे लेट आई
- 11072 कमायानी एक्सप्रेस 1:17 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 2:13 घंटे लेट आई
- 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 1:16 घंटे लेट आई

### 85 फीसदी शिकायतों का समाधान

## इस साल अप्रैल से नवंबर तक 36,372 यात्रियों ने की शिकायत


रेलवे की कंप्लेंट रूम का दृश्य।

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की सख्ती व पंकज त्यागी ने डीआरएम का पदभार संभालने के बाद भोपाल रेल मंडल के काम-काज व यात्रियों की शिकायतों के निराकरण को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके चलते भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं शिकायत निवारण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रेल मदद पोर्टल/एप के माध्यम से शिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप भोपाल मंडल ने 85 प्रतिशत यात्रियों ने संतुष्टि प्राप्त किया है। रेलवे द्वारा हेल्पलाइन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को रेल मदद पोर्टल एवं मोबाइल एप में एकीकृत किया गया है, जिससे यात्रियों की शिकायतें एक ही प्लेटफॉर्म पर दर्ज होकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शिकायत के निस्तारण के पश्चात यात्रियों से फीडबैक भी प्राप्त किया जाता है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जा रहा है। भोपाल रेल मंडल प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया भोपाल मंडल में 16 जून 2024 से रेल मदद वॉर रूम की शुरुआत की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य यात्री शिकायतों पर तत्काल प्रतिक्रिया एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

### तीन साल में बनकर तैयार हो जाएगा भवन

## ट्रिपल आईटी को सात साल बाद डोबरा में मिली जमीन

**ढाई सौ करोड़ की लागत से सीपीडब्ल्यूडी बनाएगा कैंपस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) भोपाल को आखिरकार सात साल के बाद हुजूर तहसील की छापरी पंचायत के डोबरा गांव में जमीन मिल गई है। संस्थान को फतेहपुर डोबरा में 24.680 हेक्टेयर भूमि का आधिपत्य सौंप दिया गया है।

राष्ट्रीय संस्थान का भवन करीब 60 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा, जिसमें हाईटेक प्रयोगशाला, पार्किंग, पुस्तकालय, खेल मैदान जैसी कई सुविधाएं होंगी। भवन के निर्माण में करीब तीन साल लगेंगे। करीब ढाई सौ करोड़ रुपए की लागत से सीपीडब्ल्यूडी इसका निर्माण करेगा। जिससे ट्रिपल आईटी संस्थान में छात्रों की तादाद भी बढ़ जाएगी।

भोपाल में संस्थान की स्थापना करीब सात साल पहले हुई थी। वर्तमान में संस्थान को मैनिट के नए टीचिंग ब्लॉक के 22 कमरों में चलाया जा रहा है। संस्थान में केवल तीन प्रयोगशालाएं स्थापित हैं, जबकि छात्रों की संख्या अधिक है। छात्र अस्थायी तौर पर मैनिट की प्रयोगशाला का उपयोग कर रहे हैं। इससे पहले भोपाल आईआईआईटी को बरखेड़ा नाथू में जमीन आरक्षित की गई थी। वर्तमान में यहाँ दो हजार से अधिक छात्र। अध्ययन कर रहे हैं। आवंटन स्वीकृति के बाद जमीन संस्थान को सौंप दी गई है। हालांकि यहां दो दर्जन से अधिक अतिक्रमण हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी अजय श्रीवास्तव का कहना है कि खुद का भवन बनने से संस्थान अच्छे से काम कर सकेगा। वर्तमान में खेल ग्राउंड, ऑडिटोरियम और लेबोरेटरी का सीमित समय के लिए उपयोग करना पड़ता है।

#### जमीन पर बीस से ज्यादा कब्जे

डोबरा में जमीन आवंटन होने के साथ इस जगह पर बीस से अधिक लोगों ने कब्जे किए हैं। जिन्हें पजेशन से पहले हटाया जाएगा। संस्थान को पजेशन मिलने के पहले ही बिल्डिंग को बनाने का एमओयू साइन कर लिया गया है।

#### हॉस्टल में रह रहे संस्थान के 6 सौ छात्र

दो साल पहले भेल ने ट्रिपल आईटी संस्थान की खुद की जगह नहीं होने की वजह से संस्थान को भेल में छह सौ छात्रों के लिए हॉस्टल दिया है, जिससे यहां रहकर छात्र संस्थान में पढ़ाई कर पाते हैं। इधर मैनिट की बिल्डिंग का उपयोग करने की वजह से खेल मैदान, ऑडिटोरियम सहित अन्य जगहों का उपयोग सीमित समय के लिए करना पड़ता है।

### स्वास्थ्य विभाग के नए आदेश पर विवाद

## एनएसयूआई ने लगाया आरोप गड़बड़ियां छिपाने की कोशिश

**विभाग ने पोर्टल से हटाई निजी और सरकारी अस्पतालों रजिस्टर्ड डॉक्टरों की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब आप स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट देखकर यह जानकारी नहीं ले सकेंगे कि शहर में चल रहा कोई अस्पताल रजिस्टर्ड है या नहीं। यही नहीं यहां कौन- कौन से डॉक्टर काम कर रहे हैं, अस्पताल में क्या सुविधाएं और बेड कितने हैं? यह जानकारी भी अब आम आदमी को नहीं मिलेगी। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग ने अब अपने पोर्टल से निजी और सरकारी अस्पतालों में पदस्थ रजिस्टर्ड डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ के साथ अन्य जानकारियां हटा दी हैं। विभाग के इस कदम का विरोध भी शुरू हो गया है। एनएसयूआई ने इसे फर्जीवाड़े पर पर्दा डालने जैसा बताया है। मालूम हो कि अब तक अब तक स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर यह जानकारी उपलब्ध रहती थी कि किस अस्पताल में कौन-कौन से डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ रजिस्टर्ड हैं। इससे न केवल मरीजों को जानकारी मिलती थी, बल्कि फर्जी पंजीयन पर भी एक हद तक अंकुश बना रहता था, लेकिन अब यह डेटा हटाए जाने के बाद पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो गई है। मालूम हो कि हाल ही में एनआरआई नर्सिंग कॉलेज और उससे संबद्ध अरनव अस्पताल में फर्जी रिपोर्ट का मामला सामने आया था।

विभागीय अधिकारियों ने फर्जी रिपोर्ट बनाकर अरनव अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ बताया था। हालांकि रिपोर्ट में जिन स्टाफ का नाम लिखा था, उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने कभी अरनव अस्पताल में काम नहीं किया।

## शहीदी गुरमत समागम 26 को, 200 बच्चे संभालेंगे मंच संचालन

**भोपाल।** गुरु गोविंद सिंह के चार साहबजादे और माता गुजरी बाई की शहादत की याद में हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में शहीदी गुरमत समागम का आयोजन 26 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें बच्चों द्वारा पूरे समागम की व्यवस्था का संचालन किया जाएगा। इसमें कीर्तन, कथा, कविता, अरदास, हुकमनामा, मंच संचालन सहित सभी कार्यक्रम में बच्चे जिम्मेदारी निभाएंगे। समागम में 200 से अधिक बच्चे विभिन्न व्यवस्थाओं की भागीदारी निभाएंगे।

कमेटी के अध्यक्ष परमवीर सिंह ने बताया कि इसमें 16 साल तक के बच्चें शामिल रहेंगे। इसमें अरदास, हुकुमनामा, मंच संचालन, लंगर की सेवा सहित सभी व्यवस्थाओं का संचालन बच्चों की टीम द्वारा किया जाएगा। गुरु गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबजादे की शहादत पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 21 से 28 दिसंबर तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

### विस अध्यक्ष तोमर रहे मुख्य अतिथि

## पीएम श्री डेमॉन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज ने मनाया 58वां वार्षिक दिवस


नरेन्द्र सिंह तोमर (फाइल फोटो)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित पीएम श्री डेमॉन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज़ स्कूल (सेकेंडरी सेक्शन) का 58वां वार्षिक दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शामिल हुए। समारोह में विद्यालय की विद्यार्थी परिषद के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का बैज लगाकर एवं फ्लावर सैंपलिंग भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित गणमान्य का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विगत शैक्षणिक सत्र की प्रमुख शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआईई), भोपाल के प्राचार्य प्रो. शिव कुमार गुप्ता ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय द्वारा सतत शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में किए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की।

### ऐसे आयोजनों से होता है आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकास

## बीयू: विवि के पहले वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव की प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मंगलवार को विश्वविद्यालय के पहले वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत हुई। इस अवसर पर विवि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन छात्र कल्याण विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईला तिवारी रहीं। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. पवन मिश्रा (डीन) एवं प्रो. अंशुजा तिवारी (सांस्कृतिक समन्वयक) विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कुलगुरु प्रो. जैन ने कहा कि विवि का यह पहला वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

#### पहले दिन नृत्य, गायन, मिमिक्री, पोस्टर मेकिंग

प्रो. पवन मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय का पहला वार्षिक उत्सव है, जिसमें 16 से 18 दिसंबर तक विभिन्न अंतर-विभागीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन नृत्य, गायन, मिमिक्री, पोस्टर मेकिंग, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई, जिनमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रो. अंशुजा तिवारी, सांस्कृतिक समन्वयक के अनुसार उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान करना है। आने वाले दिनों में तमाम सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### खेड़ापति व्यायाम प्रशिक्षण जन सेवा समिति के संतोष सहित रहवासियों की आपत्ति

**लापता बच्चों को लेकर पिता ने कलेक्टर से प्रार्थना**

# पार्क की जमीन पर कब्जा कर किया मकान-दुकान का अवैध निर्माण जनसुनवाई में 130 लोगों ने दर्ज कराई शिकायतें, लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के छोला क्षेत्र में पार्क की जमीन कब्जा कर पार्किंग बनाई जा रही है, इतना ही नहीं मकान और दुकान तक बना लिए हैं। यह शिकायत खेड़ापति व्यायाम प्रशिक्षण जन सेवा समिति के संतोष बैरागी सहित रहवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में करते हुए कार्रवाई की मांग की है। बैरसिया तहसील के कड़ैया कोटा से बच्चे लापता होने पर पिता ने शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे 130 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। जमीन में कई मकान बनवा दिए हैं और दुकानें बनाकर किराए पर दी गई हैं।



जनसुनवाई करते कलेक्टर।

#### बच्चों को तलाश करवाने कलेक्टोरेट पहुंचे माता-पिता

बैरसिया तहसील क्षेत्र के कढ़या कोटा में रहने वाले सर्जन गुर्जर ने बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा अंकित गुर्जर और करण गुर्जर का बेटा 15 वर्षीय धीरज गुर्जर जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड़, भोपाल में पढ़ाई करते हैं। दोनों हास्टल में रहते हैं जो कि शुक्रवार रात को कहीं चले गए हैं, जिनकी सूचना रातीबड़ थाना में दी गई है। बावजूद इसके अब तक उनका पता नहीं लगा है।

#### अवैध कॉलोनी में सुविधा नहीं, प्लॉट बेचे

बाल विहार बैरसिया के रहने वाले विवेक सक्सेना ने शिकायत की है कि ग्राम नजीराबाद में भूमि पर शैलेंद्र, सुंदरबाई, बापूलाल, शशिकंवर मीणा ने अवैध रूप से कृषि भूमि पर मां पीतांम्बरा के नाम से कालोनी काटकर प्लाट बेचे जा रहे हैं। कालोनी में बिजली, पानी, सड़क, नाली सहित अन्य सुविधाएं नहीं हैं।

### पद वृद्धि के साथ काउंसलिंग के लिए आंदोलन

## शिक्षक भर्ती: पदों की बढ़ोत्तरी को लेकर फिर होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शिक्षक भर्ती में खाली पदों की बढ़ोत्तरी को लेकर अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। अब एक बार फिर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन का ऐलान किया है। वर्ग 1 2023 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी पद वृद्धि के साथ सेकंड काउंसलिंग के लिए 2 जनवरी को भोपाल में करेंगे प्रदर्शन।

यह जानकारी देते हुए शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी मनोज दंडोतिया, देवेश पालीवाल, नीरज द्विवेदी ने बताया कि वर्ग 1 2023 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी पिछले 2 वर्षों से पद वृद्धि के साथ सेकंड काउंसलिंग के लिए दर्जनों आंदोलन कर चुके हैं। सभी मंत्रियों से मिल चुके हैं। अभ्यर्थियों ने मुंडन, दंडवत होकर सरकार से गुहार लगाई पर मांग पूरी नहीं हुई। अब अभ्यर्थी अपनी मांग मनवाने के लिए एक फिर भोपाल बड़ा प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि इसके पहले भी शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया था।

# विधानसभा सत्र के दिन राजधानी में लागू रहेगी धारा 163 5 किमी दायरे में पांच से अधिक लोगों के जुटने पर प्रतिबंध

किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, रैली, पुतला दहन या आंदोलन की नहीं होगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के सत्र को लेकर राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बुधवार 17 दिसंबर को आहूत विधानसभा सत्र के दौरान लोकशांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त भोपाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 17 दिसंबर को सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक अथवा सत्रावसान तक (जो पहले हो) प्रभावी रहेगा। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार विधानसभा भवन के आसपास और चिन्हित मार्गों पर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन, रैली, आम सभा, पुतला दहन या आंदोलन की अनुमति नहीं होगी।



विधानसभा सत्र को लेकर तैयारियों का दृश्य।

## हथियार और भारी वाहनों पर सख्ती

आदेश में सार्वजनिक स्थानों पर शस्त्र, लाठी, डंडा, भाला, पत्थर, चाकू, धारदार हथियार या आग्नेय शस्त्र लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विधानसभा परिसर के 5 किलोमीटर के दायरे में ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर जैसे भारी वाहनों तथा यातायात बाधित करने वाले तांगा, बैलगाड़ी आदि के आवागमन पर भी रोक रहेगी।

### व्यवधान फैलाने पर कार्रवाई

शिक्षण संस्थानों, होटलों, दुकानों, उद्योगों और निजी अथवा सार्वजनिक सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न करने वाली किसी भी गतिविधि पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### इन क्षेत्रों में रहेगा आदेश प्रभावी

लिली टॉकीज से 7 बटालियन मार्ग, रोशनपुरा, बाणगंगा चौराहा, राजभवन-ओल्ड विधानसभा मार्ग, जिंसी-शब्बन-पुरानी जेल मार्ग, स्लॉटर हाउस रोड, बोर्ड ऑफिस चौराहा, भारत भवन रोड से सीएम हाउस तक, नवीन विधानसभा, राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, सहित आसपास के संवेदनशील इलाकों में प्रभावी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के ब्लॉक स्तर के अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूप में जीतू पटवारी के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन संगठन के सबसे महत्वपूर्ण आधार माने जाने वाले ब्लॉक स्तर पर अब तक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। ग्रास रूट यानी ब्लॉक लेवल को कांग्रेस संगठन की रीढ़ माना जाता है, लेकिन प्रदेशभर में ब्लॉक अध्यक्ष असमंजस की स्थिति में हैं कि वे पद पर बने रहेंगे या हटाए जाएंगे। ब्लॉक स्तरीय कमेटियों की भी बनी हुई है। ब्लॉक स्तर पर अनिश्चितता का सीधा असर पार्टी के कामकाज पर पड़ रहा है। खासकर एसआईआर जैसे संगठनात्मक और चुनावी महत्व के कार्यों में समन्वय की कमी देखी जा रही है। इसमें वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष और उनकी टीम की भूमिका अहम मानी जा रही है, लेकिन असमंजस के बीच वे अपना आउटपुट सौ प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं। पिछले दो महीनों से कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के बीच में विचार ही चल रहा है, लेकिन यह विचार नियुक्तियों में नहीं बदल सका।

### समाधान योजना में उपभोक्ताओं का पंजीयन

**भोपाल।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 1 लाख 74 हजार 347 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 191 करोड़ 55 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 101 करोड़ 02 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भी देगा अनुकंपा नियुक्ति

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश न केवल हितग्राहियों बल्कि अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एक अप्रैल से लागू हुए एच आर मैनुअल में कई कर्मचारी हितैषी नीतियों शामिल की गई थी। जिनमें कर्मचारियों को प्रतिवर्ष संविदा अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता समाप्त दी गई थी। इसके अतिरिक्त कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के अनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रावधान किया गया था। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिले के अंतर्गत स्थानांतरण का प्रावधान भी लागू किया गया था। मिशन द्वारा जारी संविदा नीति में सबसे बड़ा परिवर्तन किसी भी कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश अंतर्गत विभिन्न संवर्गों में 32,000 से अधिक संविदा कर्मचारी कार्यरत है तथा कई कर्मचारियों के साथ आकस्मिक मृत्यु जैसी दुखदः घटना पूर्व में देखी गई है।

## इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल का 773 करोड़ रुपए की लागत से होगा नवनिर्माण

# राजधानी के प्रमुख मार्गों पर बनने वाले द्वार विरासत से विकास के संकल्प की करेंगे सिद्धि

▶▶ मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक की हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुना जिले के म्याना रेलवे स्टेशन को सम्मानित किया है। म्याना स्टेशन को 9687 यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि म्याना रेलवे स्टेशन का बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिट के रूप में सम्मानित होना, प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने बैतूल जिले के शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है।

उन्होंने बताया कि भरेवा धातु शिल्प को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। गोंड जनजाति की एक उपजाति धातु ढलाई का यह कौशल, पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करती है। यह शिल्पकार प्रतीकात्मक देवी-देवताओं की मूर्ति, परंपरागत आभूषण, गोंड अनुष्ठान में प्रयुक्त धार्मिक सामान के साथ ही मोर लैंप, बैलगाड़ी, घंटियां, पायल, दर्पण के फ्रेम जैसी सजावटी वस्तुएं का निर्माण करते हैं। इस सामग्री की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत लोकप्रियता है। मुख्यमंत्री ने वाघमारे को बधाई दी।

### 773 करोड़ रुपए लागत से इंदौर में एमवाय हॉस्पिटल का नवनिर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 773 करोड़ रुपए लागत से इंदौर में एमवाय हॉस्पिटल का नवनिर्माण किया जाएगा। नए 1450 बिस्तरीय एमवाय हॉस्पिटल के निर्माण से पुरानी बिल्डिंग की कठिनाईयों से मुक्ति मिलेगी। अस्पताल के साथ ही नर्सिंग हॉस्टल, ऑडिटोरियम आदि का भी निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने बताया की विमेन टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 (ब्लाइंड) का फाइनल मैच जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्यप्रदेश की तीन दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों सुश्री सुनीता सराठे, सुश्री सुषमा पटेल और सुश्री दुर्गा येवले को 25-25 लाख रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जा रही है। प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 10-10 लाख रुपए नगद और 15-15 लाख रुपए की एफडी की व्यवस्था है। टीम के तीनों कोच सर्वश्री सोनू गोलकर, ओमप्रकाश पाल और दीपक पहाड़े को एक-एक लाख रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में 12, 13 ,14 दिसंबर को मप्र उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हस्तशिल्प, एक जिला-एक उत्पाद, माटी कला परिषद, पर्यटन आदि के स्टाल लगाए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। सीएम ने कहा कि विधायक मधु वर्मा ने अपने पुत्र का विवाह का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीएम ने विधायक वर्मा की ओर से सामाजिक समरसता और शादियों में अपव्यय को रोकने के लिए की गई इस पहल की सराहना की। सीएम ने कहा कि भोपाल को प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धता से जोड़ने के संकल्प के अंतर्गत राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों को समर्पित द्वार बनाने का निर्णय लिया गया था।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को लेकर मंजूरी

## स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के प्रावधान की स्वीकृति

**भोपाल।** मप्र कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने और योजना के तहत 905 करोड़ 25 लाख रुपए के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत प्रदेश के 18-45 वर्ष के स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 हजार से 50 लाख रुपए तक का ऋण बैंक की ओर से स्वीकृत किया जाता है। राज्य शासन की ओर से 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान और 7 वर्ष तक ऋण गारंटी फीस अनुदान दिया जाता है। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में आधा दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व मद में 90 करोड़ 67 लाख रुपए के बजट की स्वीकृति प्रदान की गई। दोनों महानगरों के मेट्रो प्रोजेक्ट अब लगभग पूर्ण हो चुके हैं। भोपाल मेट्रो का शुभारंभ 20 दिसंबर को होने जा रहा है।

▶ मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखने की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के कार्यों को अनुमति

कैबिनेट की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना में विभाग में 10 लाख या उससे अधिक लागत राशि के कार्य स्वीकृत किए जाने की अनुमति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार 693 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत के लगभग 3810 कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे।

### वन विज्ञान केंद्र की के लिए राशि स्वीकृत

कैबिनेट की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक राज्य में 6 वन विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए 48 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार प्रदेश में वन क्षेत्र के बाहर वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ाने, वन भूमि की उत्पादकता बढ़ाने, काष्ठ के विदोहन से अतिरिक्त आय के साधन के लिए जागरूकता बढ़ाने, वृक्ष खेती को बढ़ावा देने और कृषि वानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वन विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। अशासकीय संस्था की ओर से भी वन विज्ञान केंद्र की स्थापना, वन विभाग की अनुमति से की जा सकेगी।

## ऐतिहासिक व सर्वांगीण प्रगति प्रशंसनीय शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हुई



प्रेस को संबोधित करते डिप्टी सीएम।

▶ मप्र में सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराने योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हो चुकी है तथा निजी मेडिकल कॉलेज 12 से बढ़कर 14 हो गए हैं। आगामी शैक्षणिक सत्र से दमोह, बुधनी और छतरपुर में नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे इन क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ सेवाएं भी सुदृढ़ होंगी। राजगढ़, मंडला और उज्जैन में मेडिकल कॉलेज स्थापना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह बात उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जनसंपर्क संचालनालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

### ग्वालियर में अत्याधुनिक लिनियर एक्स-रेटर मशीनें स्थापित

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि इंदौर, जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में अत्याधुनिक लिनियर एक्स-रेटर मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे कैंसर उपचार की सुविधाएं प्रदेश स्तर पर सुलभ हुई हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और सागर में सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीनों को स्वीकृति दी गई है, जबकि ग्वालियर, रतलाम और विदिशा में एमआरआई एवं सीटी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। भोपाल एवं रीवा में कार्डियक कैथ लैब स्थापित की गई हैं तथा भोपाल, इंदौर, रीवा और सागर में ब्रेकी-थेरेपी मशीनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इंदौर और जबलपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं और जबलपुर मेडिकल कॉलेज में ऑर्गन एवं हार्ट हार्वेस्टिंग के माध्यम से सात लाभार्थियों को जीवनदान मिला है।
इंदौर मेडिकल कॉलेज में ब्लड कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक सीएआर-टी सेल थेरेपी प्रारंभ की गई है, जो प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना के तहत लाखों लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया गया है।

### एमबीबीएस सीटों की संख्या 2850 हुई

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय एमबीबीएस सीटों की संख्या 2275 से बढ़कर 2850 हो गई है तथा शासकीय एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल एमबीबीएस सीटें 5550 तक पहुंच चुकी हैं। पीजी (एमडी, एमएस) सीटों की संख्या 1262 से बढ़कर 1468 हुई है। कुल पीजी सीटें 2862 हो गई हैं। इसके साथ ही 93 सुपर स्पेशियलिटी सीटों की उपलब्धता से प्रदेश में उन्नत चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ सेवाओं को नया आयाम मिला है। साथ ही 13 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए 192.40 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

23 दिसंबर तक होगा अंतरराष्ट्रीय वन मेले का आयोजन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे अंतरराष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिध ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लाल परेड ग्राउण्ड में बुधवार 17 दिसम्बर को शाम 5 बजे अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे 'लघु वनोपज हमारी शान' गान का विमोचन एवं एमएफपी-पार्क के 'लोगो' के अनावरण के साथ ही एमएफपी-पार्क द्वारा निर्मित वेलनेस किट का विमोचन भी करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वन मेला कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव एवं प्रशासक मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वीएन अम्बाडे और प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज डॉ समीता राजौरा उपस्थित रहेंगे।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जाएंगे पशुपालक किसानों के

## आज से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का होगा शुभारंभ

पशु पोषण, नस्ल सुधार और पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पशुपालकों, किसानों की आय बढ़ाने व दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसके द्वितीय चरण का शुभारंभ बुधवार 17 दिसंबर से होने जा रहा है। इस अभियान के तहत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पशुपालकों और किसानों के घर जाएंगे, जहां पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देंगे। अभियान में मंत्री, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण में 5 से 9 गौवंश एवं भैंसवंश रखने वाले 7.87 लाख पशुपालकों के यहां प्रशिक्षित विभागीय अमले की ओर से घर-घर जाकर भेंट की जाएगी। साथ ही उन्हें नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर जागरूक किया जाएगा।

### गांवों में पहुंचेगा विभागीय अमला

द्वितीय चरण में प्रदेश के सभी गांवों में दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क कर संवाद किया जाएगा। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया गया है। प्रथम चरण में 3 लाख 76 हजार पशुपालकों के घर विभागीय अधिकारी पहुंचे थे और उन्हें अभियान से संबंधित सूचनाओं व सुविधाओं लाभान्वित किया था। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का प्रथम चरण 3 से 9 अक्टूबर के मध्य संचालित हुआ, जिसमें 3.76 लाख पशुपालकों के यहां 8752 प्रशिक्षित विभागीय अमला घर पहुंचा था।

### अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम

अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर नियमित रूप से अभियान की समीक्षा करेंगे। साथ ही राज्य स्तर पर जानकारी साक्षा की जाएगी। अभियान के द्वितीय चरण के लिए राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में 18 से 24 नवंबर के मध्य लगभग 428 पशु चिकित्सक (प्रत्येक जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के पशु चिकित्सक, जिला नोडल अधिकारी, राज्य नोडल अधिकारी) का प्रशिक्षण मल्टीमॉडल तथा तीनों पहलू पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार में गतिविधि बेस कराया गया। इन प्रशिक्षित मास्टर नोडल की ओर से प्रशिक्षण अपने जिलें, विकासखण्ड में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री एवं गोसेवक को दिया गया।

## राज्य सरकार को नहीं दी गई मोहलत, अगली सुनवाई कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रमोशन में आरक्षण की नई पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बहस संभव नहीं है, इसलिए कोई अगली तारीख दे दी जाए। कोर्ट ने पूछा कि दलीलें पेश करने के लिए कितना समय लेंगे। इस पर वैद्यानाथन ने कहा कि करीब एक घंटे का समय लगेगा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की सुनवाई 18 दिसंबर को निर्धारित की है।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अपनी बहस पूरी कर दी गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का डाटा भी पेश किया गया है। दावा किया गया है कि आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को अधिक प्रमोशन दिए गए हैं, जिस कारण एससी व एसटी वर्ग के कर्मचारी ऊंचे पदों पर पदस्थ हैं। वहीं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों को कम या देरी प्रमोशन दिए गए, जिनके नाम ग्रेडेशन लिस्ट नीचे हैं। आरबी राय के मामले में वर्ष 2016 में हाईकोर्ट ने कहा था कि वर्ष 2002 तक के सभी प्रमोशन निरस्त करें और नए सिरे से ग्रेडेशन लिस्ट जारी करें।

### दायर याचिकाओं में मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती

गौरतलब है कि भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए।

कहा, श्रमिक प्रदेश को गढ़ने वाले सच्चे सेवक, इनकी मेहनत ही विकास की बुनियाद

# अनुग्रह सहायता राशि श्रमिकों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की अंतरित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। डॉ यादव मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण सम्बल योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। डॉ यादव ने कहा कि इस योजना के प्रारंभ वर्ष 2018 से लेकर अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7383 करोड़ रुपए की सहायता राशि जरूरतमंद हितग्राहियों को दी जा चुकी है।





सीएम ने सम्बल 2 .0 योजना के तहत हितग्राहियों को राशि अंतरित की।

### समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले हैं। हमारी सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा दिया है। एक मार्च 2024 से इन्हें भी संबल योजना के दायरे में शामिल किया गया है। गरीबों और श्रमिकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हमने संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ दिया है।

### माला की तरह रखती है संबल योजना

सीएम ने कहा कि अब पत्थर तोड़ने वाले, ईंट बनाने वाले, पापड़ अचार बनाने वाले, खाना बनाने वाले, घरों में काम करने वाले मजदूर या तेंदूपत्ता बीनने वाले सभी श्रमिक और उनके परिवार इस योजना से जुड़कर आर्थिक मदद पा रहे हैं। साथ ही प्रदेश की कुशल श्रम शक्ति को सहकारिता के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए हमने 'श्रमणा' जैसी योजनाएं भी शुरू की हैं, जिससे श्रमिक वर्ग आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में कठिनाई कभी बताकर नहीं आती। ऐसी स्थिति में जमा-पूंजी ही हमें संबल देता है। राज्य सरकार सभी श्रमिक परिवारों के हर मुश्किल वक्त में साथ खड़ी है।

### राज्य सरकार ने खत्म कर दिया बैकलॉग

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कार्यक्रम में अमरकंटक से वर्चुअल शामिल होकर कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में आज संबल योजना के अंतर्गत 7वीं बार हितग्राही परिवारों को राशि अंतरित की जा रही है। संबल योजना के अंतर्गत अब तक 1.83 करोड़ से अधिक श्रमिकों ने पंजीयन कराया है, जबकि संबल 2.0 में 43 लाख लोगों ने पंजीयन किया है। राज्य सरकार ने पूर्व की सरकार का बैकलॉग भी खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब श्रम विभाग इस स्थिति में आ चुका है कि किसी भी संबल प्रकरण में हम मात्र 60 दिन के अंदर हितग्राही को भुगतान कर सकते हैं। यही हमारी दो साल की बड़ी उपलब्धि है।

## जैकेट का शेष....

### मप्र में अब नियमित...

1656 करोड़ 2 लाख रुपए के अतिरिक्त 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया है। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें आधा दर्जन से अधिक मसौदों को मंजूरी दी गई। प्रदेश के करीब साढ़े सात लाख शासकीय सेवकों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने विभेदीकरण (यहां अलग-अलग ज़रूरतों, क्षमताओं या कार्यों के हिसाब से पदों को बदलना या अलग करना) कर दिया है। इस फैसले के तहत दैनिक वेतन भोगी, अंशकालिक, कार्यभारित और स्थायीकर्मी सहित 7 कैटेगरी समाप्त कर दिया गया है। अब प्रदेश में केवल तीन श्रेणियां- नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी ही रहेंगे।

### स्थायी व अस्थायी पदों...

था। जिन कैटेगरी को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, वे अपने सेवाकाल तक कार्य करते रहेंगे। उनके रिटायर होते ही वह पद स्वतः समाप्त हो जाएगा। यदि विभाग कर्मचारी की मांग करता है, तो उस पद के विरुद्ध नियमित पद का सृजन किया जाएगा और भर्ती की जाएगी।

### शिवराज बोले-गांधी...

विरोध किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना उनका अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि मोदी सरकार महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के आखिरी शब्द भी राम जी ही थे।

**प्रियंका ने कहा-इस विधेयक में ज्यादातर प्रदेशों में अब 60% अनुदान ही आएगाः** -प्रियंका ने कहा कि मनरेगा में 90% अनुदान केंद्र से आता था, लेकिन इस विधेयक में ज्यादातर प्रदेशों में अब 60% अनुदान ही आएगा। इससे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था पर बहुत भार पड़ेगा। ये उन प्रदेशों को और प्रभावित करेगा जिनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही केंद्र की जीएसटी के बकाया का इंतजार कर रही है। इस विधेयक द्वारा केंद्र का नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है और जिम्मेदारी घटाई जारी जा रही है। ये विधेयक काम के दिन 100 से बढ़ाकर 125 करने की बात करता है, लेकिन इसमें मज़दूरी बढ़ाने की कोई बात नहीं है।

### 1.51 लाख करोड़...

ने कहा कि सरकार ने मनरेगा पर 8.53 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि हम इस विधेयक में 125 दिन के रोजगार की गारंटी दे रहे हैं। यह कोई कोरी गारंटी नहीं है, बल्कि 1.51 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से गांवों का संपूर्ण विकास होगा।

### सरकार ने दिनों....

उस अधिकार को कमज़ोर करेगा। सरकार ने दिनों की संख्या तो बढ़ा दी है लेकिन मजदूरी नहीं बढ़ाई। पहले ग्राम पंचायत तय करती थी कि मनरेगा का काम कहां और किस तरह का होगा, लेकिन यह बिल कहता है कि केंद्र सरकार तय करेगी कि फंड कहां और कब देना है। इसलिए, ग्राम पंचायत का अधिकार छीना जा रहा है। हमें यह बिल हर तरह से गलत लगता है।

## पेज एक का शेष....

### भोपाल में सीजन....

असर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी एक दर्जन जिलों में घना कोहरा और आधा दर्जन जिलों में शीतलहर रहेगी।

### 7 जिलों में ....

रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर में शीतलहर के साथ मध्यम कोहरा रहेगा। विदिशा, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर में भी हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा।

### भारत-जॉर्डन का ....

जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब गुजरात से यूरोप तक व्यापार पेट्रा के रास्ते होता था। अब समय आ गया है कि उन पुराने व्यापारिक रास्तों और रिश्तों को फिर से जीवित किया जाए, ताकि आने वाले समय में दोनों देशों को समृद्धि मिल सके।

**प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे इथियोपियाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन दौरा खत्म कर मंगलवार को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचे। राजधानी अदीस अबाबा के एयरपोर्ट पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने गले लगाकर कर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। पीएम नरेंद्र मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के निमंत्रण पर दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। पीएम मोदी की इथियोपिया की यह पहली यात्रा है। दो दिवसीय दौरे में प्रधानमंत्री मोदी इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली से मुलाकात की। इसके साथ ही वहां की संसद को भी संबोधित करेंगे। इथियोपिया में रहने वाला भारतीय समुदाय पीएम मोदी के आगमन पर काफी उत्साहित है। इस दौरे में भारत-इथियोपिया के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा और ब्रिक्स सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है।

**भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदलने पर चर्चाः** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे बताया कि जॉर्डन के राजा से हुई अपनी मुलाकात में उन्होंने इस बात पर विस्तार से चर्चा की कि कैसे भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदला जाए और उन अवसरों से आर्थिक विकास किया जाए। उन्होंने जॉर्डन के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि जॉर्डन आज एक ऐसा सेतु (ब्रिज) बनकर उभरा है, जो अलग-अलग क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद कर रहा है। जॉर्डन बिजनेस फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की आर्थिक स्थिति पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर आठ प्रतिशत से ज्यादा है, जो बेहतर उत्पादकता, मजबूत शासन व्यवस्था और नवाचार पर आधारित नीतियों का नतीजा है। इसके कारण भारत में निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, जिसका फायदा जॉर्डन के निवेशक और कारोबारी भी उठा सकते हैं।

### बोले- मेरे लिए ...

राष्ट्राध्यक्ष हैं। पीएम ने इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर कहा कि आप सभी के बीच इथियोपिया की इस महान भूमि पर होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। दोपहर मैं इथियोपिया पहुंचा। यहां पहुंचते ही यहां के लोगों ने मुझे अद्भुत आत्मीयता और अपनेपन का अनुभव कराया। प्रधानमंत्री अली मुझे हवाई अड्डे पर लेने आए थे। वे मुझे फ्रेंडशिप पार्क और विज्ञान संग्रहालय लेकर गए। यहां नेतृत्व से मेरी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।'

### पीएम मोदी को ....

से है। हाशमी परिवार जॉर्डन के इतिहास से जुड़ा हुआ है। इसी परिवार ने 1921 में जॉर्डन की नींव रखी थी और उसके बाद से ही इसी परिवार का राज है। जॉर्डन के शाही परिवार का रक्त-सम्बन्ध सीधे पैगंबर मोहम्मद की सबसे छोटी बेटी फातिमा से जुड़ता है। इस्लाम के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद की छोटी बेटी फातिमा का निकाह मोहम्मद के चचेरे भाई अली से हुआ था। हजरत अली के तीन बेटे थे, जिसमें से एक की मौत बचपन में ही हो गई थी। वहीं उनके दो बेटे हजरत हसन और हजरत हुसैन जीवित रहे। जॉर्डन के क्राउन प्रिंस हजरत हसन के बेटे हसन के वंश से आते हैं। इसी के कारण जॉर्डन के क्राउन प्रिंस का संबंध पैगंबर मोहम्मद से माना जाता है।

### दूषित खून चढ़ाने ...

में। 12 से 15 साल की उम्र के प्रभावित बच्चों को अस्पताल के ब्लड बैंक से खून चढ़ाया गया था। सतना के सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के इंचार्ज देवेंद्र पटेल ने कहा कि चार बच्चों का एचआईवी टेस्ट पॉजिटिव आया है और वे कैसे संक्रमित हुए, इसकी जांच चल रही है। ये सभी बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित हैं और कुछ को 80 या 100 बार खून चढ़ाया गया है।

### बख्शे नहीं जाएंगे .....

चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 13 की मौत....

इस भीषण सड़क हादसे में करीब 6 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। आसपास के 9 थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे पर सीएम आदित्यनाथ योगी ने दुख जताया। मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। घायलों को पीएम राहत कोष से 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। पीएमओ ने एक्स पर कहा कि हादसे में लोगों की मृत्यु का दुख बहुत ज्यादा है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मथुरा में एक सड़क हादसे में लोगों की मौत का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं सभी शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### गोलू शुक्ला के....

जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद अब मंदिर प्रशासन की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। दोनों गर्भगृह में गए और भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने एक-दूसरे को माला पहनाई। कोरोना काल से खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है। गोलू शुक्ला के छोटे बेटे रुद्राक्ष उज्जैन के महाकाल मंदिर और देवास के टेकरी माता मंदिर में प्रोटोकॉल तोड़ चुके हैं। विधायक शुक्ला के छोटे बेटे रुद्राक्ष जुलाई 2025 में जबरन उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भगृह में घुसे थे। इस दौरान मंदिर कर्मचारी आशीष दुबे ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो रुद्राक्ष ने उसे धमकाया। विधायक गोलू शुक्ला भी वहां मौजूद थे। दोनों ने करीब 5 मिनट तक मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### फीस लौटाने का ....

जुड़े व्यक्तियां व प्राचार्यों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी किया था। जबलपुर का यह घटनाक्रम राज्य स्तर पर चर्चित हुआ था।

**तो अभिभावक सरकारी स्कूलों में दाखिला क्यों नहीं दिलाते?**

हाईकोर्ट ने इस मामले में विगत सुनवाई के दौरान अपनी तल्ख टिप्पणी में यह तक कह दिया था कि जिन अभिभावकों को निजी स्कूलों की फीस अधिक लगती है, वे अपने बच्चों को गवर्मेंट स्कूलों में दाखिला क्यों नहीं दिलाते। अंततः पूरे मामले का पटाक्षेप करते हुए कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि राज्य के अधिकारियों ने बहुत खराब माहौल में और अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए अपने अधिकार से बाहर काम किया। राज्य के अधिकारियों का कार्य स्कूलों के मैनेजमेंट में दखलंदाजी के बराबर है। स्टूडेंट्स की फीस वापस करने का राज्य सरकार का निर्देश टिकने लायक नहीं है। अधिकारी आरोपों को साबित करने में नाकाम रहे। हाई कोर्ट ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि उनके पास फीस तय करने और अलग-अलग निर्देश जारी करने का अधिकार नहीं है, जो स्कूल चलाने वाले मैनेजमेंट या सोसाइटी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। जिस तरह से लोकल एडमिनिस्ट्रेशन ने पूरे मामले को हैंडल किया, उससे स्कूल मैनेजमेंट और पेरेंट्स के बीच अनबन और मतभेद पैदा हो गए। जो स्टूडेंट्स की पढ़ाई और करियर के लिए अच्छा नहीं है।

### राहुल-सोनिया गांधी ....

सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें गांधी परिवार के अलावा कांग्रेस नेता सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक मर्चेंडाइज लिमिटेड, इसके प्रमोटर सुनील भंडारी और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को नामजद किया गया है।

### प्रशांत और कार्तिक ....

सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। जम्मू कश्मीर के आकिब नबी को 8.40 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। कई बड़े नामों के लिए कुछ खास बोली नहीं लगी। वेंकटेश अय्यर को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7 करोड़ रुपए में खरीदा। रवि बिश्नोई को राजस्थान रॉयल्स ने 7.20 करोड़ में खरीदा। डेविड मिलर और बेन डकेट को दिल्ली कैपिटल्स ने 2-2 करोड़ में खरीदा। मंगेश यादव के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिलचस्पी दिखाई। आरसीबी ने 5.20 करोड़ में खरीदा। अक्षत रघुवंशी को 2.20 करोड़ में लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा।

### भोपाल लेपर्ड्स के ....

है। इसके साथ ही शिवांग कुमार आईपीएल में चयनित होने वाले भोपाल लेपर्ड्स के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14648820X Rank of HAV Name MUNDE MAHADEV VILAS Unit-1 MILITARY TRN BN, 3EME CENTRE, Bhopal , I have changed my wife name from ANJALI to ANJALI MAHADEV MUNDE, due to erroneously mentioned name as ANJALI MAHADEV MUNDE in service of my document.That both names ANJALI and ANJALI MAHADEV MUNDE pertain to one and the same person.AFFIDAVIT 29AA 377146

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्नीचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्नीचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की Books, Q Bank Notes
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
बुकिंग के लिए संपर्क करें । मो. 9407279644 , फोन नं. 0755-4049924

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6080



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6079 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6090

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6089 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### एसईपीसी को 269.68 करोड़ का ऑर्डर मिला

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड ने उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल की अजमेर -चंदेरिया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 269.69 करोड़ रुपए मूल्य की रेलवे अवसंरचना परियोजना हासिल की है। यह परियोजना वीपीआरपीएल एसबीईएल संयुक्त उद्यम को प्रदान की गई है, जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जारी लेटर ऑफ अवार्ड के अनुरूप, संयुक्त उद्यम के नियंत्रण और पर्यवेक्षण में परियोजना के कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी एसईपीसी लिमिटेड को सौंपी गई है।

### युरपीक (टिरजेपाटाइड) को सिप्ला ने लांच किया

**नई दिल्ली।** सिप्ला लिमिटेड ने युरपीक (टिरजेपाटाइड) के लांच की घोषणा की। यह एक सप्ताह में एक बार दिया जाने वाला इंजेक्टेबल उपचार है, जिसे मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस देश की दो सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन के लिए बनाया गया है। लिली को 'भारत के औषधि नियंत्रक महानियंत्रक' की मंजूरी मिलने के बाद सिप्ला को भारत में युरपीक के दूसरे ब्रांड, को वितरित और प्रमोट करने के अधिकार प्राप्त हैं।

### एक्सिस मैक्स ने दर्ज की 52 फीसदी की ग्रोथ रेट

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपने ई-कॉमर्स चैनल के माध्यम से आए बिजनेस के मामले में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 52 प्रतिशत का टू ईयर कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट दर्ज किया है। एक्सिस मैक्स लाइफ का ई-कॉमर्स चैनल इस उद्योग में ऑनलाइन प्रोटेक्शन एवं सेविंग्स मार्केट के अग्रणी माध्यमों में शुमार हो गया है।

### कैलिफ़ोर्निया बादाम शरीर को देता है पोषण : ऋतिका

**नई दिल्ली।** न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार , रीजनल हेड, डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर ने कहाकि सर्दियों में त्वचा की देखभाल का सबसे प्रभावी तरीका सही खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर को पोषण देना है। वह बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की सूखापन केवल स्किनकेयर का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह पोषण से भी जुड़ा हुआ है। यह प्रोटीन, वसा, विटामिन ई, ओमेगा-3 से भरपूर है।

### एयरबीएनबी ने पेश किया एक खास अनुभव

**मुंबई।** एयरबीएनबी ने लोलापलूज़ा इंडिया 2026 के दौरान प्रशंसकों के लिए अपनी तरह के खास अनुभव की पेशकश की है। मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने जा रहे लोलापलूज़ा इंडिया एयरबीएनबी एक्सपीरियंसेज के साथ पसंदीदा संगीत को करीब से देखने का मौका मिलेगा। कंपनी के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने कहाकि लाइव म्यूजिक और यात्रा को लोगों ने हमेशा हाथों-हाथ लिया है।

### जेफरीज ने एचजेडएल पर शुरू किया कवरेज

**मुंबई।** वैश्विक शोध फर्म जेफरीज ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड पर कवरेज शुरू किया है, जिसमें 660 के लक्ष्य मूल्य के साथ 'खरीदें' (बाय) रेटिंग दी गई है। यह लक्ष्य मूल्य सितंबर-वित्त वर्ष 27 के एबिटडा अनुमान पर 10एक्वएवी ईवी/एबिटडा मल्टीपल पर आधारित है। यह लक्ष्य, स्टॉक के पिछले समापन मूल्य 561.65 रुपए से संभावित रूप से 18फीसदी की वृद्धि दर्शाता है, इसके अलावा लगभग 4 फीसदी की अपेक्षित लाभांश उपज भी है।

### सनफीस्ट का घी रोस्टेड नट्स कुकीज पेश

**नई दिल्ली।** सनफीस्ट ने अपनी नई पेशकश- मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स कुकीज पेश किया । इस लॉन्च के साथ ब्रांड ग्राहकों को घी-रोस्टेड नट्स कुकीज के बेहतरीन स्वाद का फिर से आनंद उठाने के लिए आमंत्रित कर रहा है काजू और बादाम से ठीक उसी तरह बनाया गया है जैसे एक मां बनाती हैं। कंपनी की चीफ एग्जीक्यूटिव सुश्री कविता चतुर्वेदी ने कहाकि इसमें एक अनूठी, ताजी और अच्छी खुशबू आती है ।

## यह कई बार परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बना है

# पुरुषों और महिलाओं के ...स्वास्थ्य और स्फूर्ति के लिए बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) एक आयुर्वेदिक टॉनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर




बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) एक विशेष रूप से तैयार किया गया अवलेह (च्यवनप्राश) है, जो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक पुरुषों और महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपने चीनी के सेवन को नियंत्रित रखना चाहते हैं। यह श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा. लिमिटेड, द्वारा विकसित किया गया है, जो हमेशा नए आयुर्वेदिक औषधि निर्माण में अग्रणी है इसमें पारंपरिक च्यवनप्राश की श्रेष्ठता भी है, लेकिन बिना किसी अतिरिक्त चीनी के।

बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') में कोई चीनी नहीं है। इसे कम कैलोरी वाले प्राकृतिक मधुर स्रोतों से मीठा किया गया है, जिससे यह कैलोरी-सचेत व्यक्तियों के लिए उपयुक्त है। यह कई समय परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बना है, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है आँवला, जो प्रत्येक चम्मच में विटामिन 'सी' प्रदान करता है तथा जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है।

### यह शरीर की दुर्बलता को कम करके पोषण और स्फूर्ति प्रदान करता है

अश्वगंधा, कौंच बीज, बिल्व, दशमूल और केसर यह वनस्पति स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं। ये शरीर की दुर्बलता को कम करके पोषण देने और स्फूर्ति में वृद्धी करने में मदद करते हैं। दालचिनी, जावित्री, गिलोय और विदारीकंद शरीर को विभिन्न प्रकार के संक्रमणों से बचाने में सहायक होते हैं।

उच्चरक्त शर्करा से पीड़ित व्यक्ति अक्सर कमजोरी और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता से ग्रसित रहते हैं। नियमित रूप से बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) का सेवन, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के साथ करने से, शरीर में ऊर्जा, शक्ति और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। च्यवनफिट (शुगर फ्री') में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट युक्त जड़ी-बूटियाँ शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को संतुलित बनाए रखने में मदद करती हैं।

### श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन आयुर्वेदिक औषधी निर्माण और निरंतर शोध के लिए समर्पित

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन सदैव मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रामाणिक आयुर्वेदिक औषधी निर्माण और निरंतर शोध हेतु समर्पित रहा है। बैद्यनाथ अनुसंधान केंद्र द्वारा किए गए विस्तृत शोध के बाद, बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया कि जो लोग पारंपरिक अवलेह (च्यवनप्राश) का लाभ चाहते हैं, उन्हें बिना चीनी के रूप में भी यह प्राप्त हो सकें। उपयोग विधि :- प्रतिदिन दो बार 1-2 चाय चम्मच (5-10 ग्राम) दूध के साथ या चिकित्सक के निर्देशानुसार लें। बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') प्राकृतिक, सुरक्षित है, सभी ऋतुओं में उपयुक्त है तथा सभी केमिस्ट और आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध है। (शुगर फ्री') कोई अतिरिक्त चीनी नहीं होती है।

## पेट की बीमारियों के लिए धौति योग 50 वर्षों से प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अगर आप बीमार नहीं पड़ना चाहते, तो पेट साफ़ रखना ज़रूरी है। इसी दृष्टि से प्राचीन योग विज्ञान के आधार पर जिस चूर्ण को संशोधित और विकसित किया गया है, वह है धौति योग पिछले 50 वर्षों से यह धौति योग आज के आधुनिक लोगों के लिए उपयोगी बना हुआ है। प्राचीन काल के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक यह चूर्ण अब आज के आधुनिक लोगों के लिए गोलियों के रूप में भी उपलब्ध है। बिना किसी दुष्प्रभाव वाला यह धौतियोग चूर्ण पेट की बीमारियों, अपच, गैस आदि के लिए रामबाण औषधि बन गया है।




### यह आंतों को साफ़ करता है, पेट में जमे मल के पत्थरों को तोड़ता है

यह आंतों को साफ़ करता है, पेट में जमे मल के पत्थरों को तोड़ता है और आंतों में फंसे मल के साथ पेट को भी साफ़ करता है। इससे मल पतला नहीं, बल्कि ठोस होता है। इसका आंतों पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता। हमारी जीवन शैली के कारण आज हर घर में पेट के कई रोग देखने को मिलते हैं।

## देवी अहिल्या कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक हार्डिया ने कहा

# हर्बल इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन द्वारा संभव है कैंसर का इलाज , बिना कीमो-बिना रेडिएशन के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



अजय हार्डिया

कैंसर के उपचार में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति एक रामबाण के रूप में उभर रही है। देश के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं देवी अहिल्या कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक अजय हार्डिया की देखरेख में चलाए जा रहे क्लिनिकल ट्रायल्स में थर्ड और फोर्थ स्टेज के कैंसर मरीजों पर इस पद्धति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अजय हार्डिया का मानना है कि यदि फर्स्ट और सेकंड स्टेज के कैंसर मरीजों का उपचार समय रहते इलेक्ट्रो होम्योपैथी से किया जाए, तो अधिकतर मरीजों की जिंदगी बचाई जा सकती है।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथी औषधि 'ऑन्को फोर्ट' का प्रयोग किया

**ऑन्को फोर्ट:** कैसर उपचार में नवीन शोध- देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान पूर्णतः औषधीय पौधों पर आधारित इलेक्ट्रो होम्योपैथी औषधि 'ऑन्को फोर्ट' का प्रयोग किया जाता है। इस दवा से मरीजों को कैंसर के असहनीय दर्द में शीघ्र राहत मिलती है तथा ट्यूमर से संबंधित दर्द और जलन में भी उल्लेखनीय कमी आती है। चूंकि यह औषधि ऊर्जा-आधारित है, इसलिए यह मरीजों के ऊर्जा स्तर में सुधार कर उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है। हम लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, ताकि वे नियमित जांच करवा सकें और कैंसर का समय पर पता लगाकर उसका प्रभावी उपचार करवा सकें। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम अपने रोगियों को सही दिशा में उपचार प्रदान कर उनके जीवन को बेहतर बना रहे हैं।

### नई तेल एवं गैस नीति से भारत की ऊर्जा क्षमता को मिलेगा बड़ा फायदा: वेदांता चेयरमैन

**नई दिल्ली।** वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने तेल एवं गैस क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा किए गए बड़े सुधारों को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह बदलाव भारत की वर्षों से पहचानी गई लेकिन कम विकसित हाइड्रोकार्बन क्षमता को तेजी से उजागर करने का मार्ग खोलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को बधाई देते हुए कहा कि नए नियम देश में अन्वेषण और उत्पादन को गति देने के लिए एक निर्णायक नीतिगत बदलाव का संकेत हैं। अग्रवाल के अनुसार कि भारत के पास ऊर्जा संसाधनों का अपार भंडार है, और ये सुधार अंततः उन्हें उपयोग में लाने के लिए सही माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे किफायती तेल और गैस उत्पादक देशों में से एक बन सकता है।

## सीआईआई मुंबई अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

# व्यापार और विकास के लिए मुंबई नए वैश्विक प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है: मंत्री जयकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई




सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

कृषि विपणन, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और प्रवासी संपर्क मंत्री महाराष्ट्र जयकुमार रावल ने सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास के इंजन के रूप में महाराष्ट्र का नेतृत्व प्रोत्साहनों से नहीं, बल्कि विश्वास से प्रेरित है नेतृत्व, नीति और क्रियान्वयन में विश्वास।

मंत्री ने कहा कि मुंबई एक ऐसा दुर्लभ वैश्विक शहर है जहां पूंजी, प्रतिभा और महत्वाकांक्षा हर दिन एक साथ आती हैं और फिर भी विकास के लिए गुंजाइश पाती हैं। उन्होंने कहाकि मुंबई भविष्य का इंतजार नहीं करता; यह तेजी से आगे बढ़ता है और आत्मविश्वास से दुनिया को कदम मिलाकर चलने के लिए आमंत्रित करता है, उन्होंने वैश्विक व्यापार, नवाचार और सतत विकास के प्रवेश द्वार के रूप में शहर की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा। सीआईआई मुंबई अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2025 में इन विचारों को दोहराया गया, जिसमें वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, राजनयिकों और उद्योगपतियों ने मुंबई की वैश्विक आर्थिक, नवाचार और साझेदारी केंद्र के रूप में बढ़ती भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए भाग लिया।

सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष ऋषि कुमार बागला ने कहा कि मुंबई महत्वाकांक्षा और पुनर्निर्माण का प्रतीक है। भारत की वित्तीय और वाणिज्यिक राजधानी के वैश्विक प्रवेश द्वार के रूप में विकसित होने के साथ, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यवसाय को केवल विकास से आगे बढ़कर उद्देश्य, स्थिरता और दीर्घकालिक सामाजिक मूल्य प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष वीर एस आडवाणी ने कहा कि भारत के बहु-खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा में मुंबई केंद्रीय भूमिका निभाएगा। सीआईआई मुंबई इंटरनेशनल समिट 2025 के अध्यक्ष वैभव वोहरा ने कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई संपर्क सड़कों और विश्व स्तरीय एक्सप्रेस-वे सहित कई महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं से शहर के अगले चरण को आकार मिल रहा है। जबकि ब्राजील के महावाणिज्यदूत जोस माउरो दा फोंसेका कोस्टा कौटो ने कहा कि मुंबई जैसे शहर अब वैश्विक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से नवाचार, व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। दक्षिण एशिया के लिए एचएम व्यापार आयुक्त और पश्चिमी भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त हरजिंदर सिंह कांग ने कहा कि भारत-ब्रिटेन संबंध दशकों में सबसे मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न भविष्य-उन्मुख मुक्त व्यापार समझौते को साझा महत्वाकांक्षा और विश्वास पर निर्मित एक मील का पत्थर बताया।

## जीएसटी 2.0 आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने का जरूरी कदम था

# जीएसटी सुधार से वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में खुदरा ऋण मांग को बढ़ावा मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

भारत के त्योहारी सीजन से ठीक पहले, सितंबर 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का सुधार खुदरा ऋण बाजार को बढ़ावा देने में सहायक साबित हुआ है। बेहतर सामर्थ्य के साथ, खुदरा उधारकर्ताओं ने अधिक ऋण की तलाश की। ट्रांसयूनियन सिबिल की दिसंबर 2025 क्रेडिट मार्केट रिपोर्ट के अनुसार इसके परिणामस्वरूप, क्रेडिट मार्केट इंडिकेटर (सीएमआई)1 अप्रैल से जून 2025 में 98 से बढ़कर जुलाई से सितंबर 2025 के लिए 99 हो गया।

ट्रांसयूनियन सिबिल के एमडी और सीईओ, भावेश जैन ने कहाकि जीएसटी 2.0 आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक बहुत ज़रूरी कदम था और इसका सकारात्मक प्रभाव उपभोक्ता भावना के सुधार और ऋण मांग में ऊपर की ओर रुझान में स्पष्ट है। जबकि इस ऋण मांग को बढ़ावा देना और बनाए रखना महत्वपूर्ण है, जिम्मेदार उधार प्रथाओं को बढ़ावा देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भारत में ऋण के स्वस्थ विकास का समर्थन करने के लिए ऋणदाताओं को वित्तीय अनुशासन और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई टचप्वाइंट पर उपभोक्ताओं के साथ जुड़ना चाहिए।

## बिजनेस न्यूज

### सेंट्रल बैंक के स्थापना दिवस पर वॉकथॉन का सफल आयोजन

**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के गौरवशाली 115 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 15 से 21 दिसम्बर 2025 तक बैंक द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इसी तारतम्य में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जन-स्वास्थ्य, फिटनेस तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 दिसम्बर 25 को बैंक द्वारा एक भव्य वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ शरीर, सशक्त समाज का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा. इस वॉकाथॉन की थीमरू स्वस्थ रहे, फिट रहे। वॉकथॉन का शुभारंभ आंचलिक कार्यालय के परिसर से अंचल प्रमुख द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा, उप अंचल प्रमुख डी. के. पाण्डेय, क्षेत्रीय प्रमुख संजीव कुमार एवं बैंक के अधिकारीगण, कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर अनुशासित ढंग से पैदल चलकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख धीरज गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैंक स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन का भी प्रतीक है।

### एचडीएफसी बैंक ने आयोजित की 4000 से ज्यादा साइबर फ्रॉड जागरुकता वर्कशॉप

**भोपाल ।** एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के तहत पूरे भारत में साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप की एक श्रृंखला आयोजित की। बैंक ने अप्रैल 2025 से इस श्रृंखला के तहत 4,000 से ज़्यादा वर्कशॉप आयोजित कीं, जिनमें 27,000 से ज़्यादा नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। इन वर्कशॉप का मकसद स्कूल और कॉलेज के छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, सेल्फ-हेल्प ग्रुप, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। वर्कशॉप में असल जिंदगी के उदाहरण, कहानियां और वीडियो शामिल थे, जिनसे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग तरीकों और ऐसे फ्रॉड से सुरक्षित रहने के टिप्स समझने में मदद मिली।

### भीम पेमेंट्स एप ने शुरू किया 'गर्व से स्वदेशी' अभियान

**भोपाल।** भीम पेमेंट्स एप ने अपने 'गर्व से स्वदेशी' अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में नए उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। भीम इस महीने अपनी स्थापना के 10वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मील का पत्थर मनाने के लिए, नए उपयोगकर्ताओं के लिए 20 रुपए या उससे अधिक के किसी भी लेन-देन पर 20 रुपए का फ्लैट कैशबैक पेश किया गया है। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ, ललिता नटराज ने कहाकि भीम एक डिजिटल, आत्मनिर्भर भारत का आत्मविश्वास दर्शाता है 'गर्व से स्वदेशी' अभियान इस विचार पर आधारित है।

### वी ने पेश किया रीचार्ज-लिंक्ड हैंडसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेंस प्लान

**भोपाल।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने टेलीकॉम उद्योग के पहले हैंडसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेन्स प्लांस के लांच की घोषणा की है, ये प्लान आईओएस एवं एंड्रोइड- दोनों तरह की डिवाइसेज इस्तेमाल करने वाले प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं। यह अनूठी पेशकश चुनिंदा प्रीपेड रीचार्ज पैक्स के साथ उपलब्ध है। मई 2025 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार तकरीबन 85.5 फीसदी परिवारों के पास कम से कम एक स्मार्टफोन होता है। वी की ओर से पेश किया गया हैंडसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेंस रीचार्ज, हैण्डसेट को सुरक्षित रखने के लिए सबसे किफायती विकल्प है, यह तीन तरह के पैक्स में उपलब्ध है 61 रु.(30 दिन), 201रु. (180 दिन) और 251 रु.(365 दिन)।

### सैमसंग ने की नई इनोवेशन विजन की घोषणा



**गुरुग्राम।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपना नया रणनीतिक विजन पॉवरिंग इनोवेशन फॉर इंडया पेश किया। यह आने वाले वर्षों में देश में लोगों पर केंद्रित नवाचार, भारतीय प्रतिभा और भारत-आधारित उत्पाद विकास को कंपनी की विकास यात्रा को नई दिशा देगा। जेबी पार्क, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहाकि भारत में 30 वर्षों की अपनी यात्रा का जश्न मनाते हुए सैमसंग का यह नया विज़न भारत के डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन, मेक इन इंडिया और इनोवेशन-आधारित आर्थिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। सैमसंग ने भारत में बने इनोवेशन को अपने वैश्विक इकोसिस्टम का अहम हिस्सा बनाया है। 1.11 लाख करोड़ रूपए के राजस्व वाली सैमसंग आज भारत की अकेली कंपनी है।

### जेन एस लाइफ एप से बुजुर्गों को इलाज और वेलनेस सेवाएं

**नई दिल्ली।** जेन एस लाइफ एप ने बुज़ुर्गों के लिए स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीना और भी आसान बनाता है। इस ऐप की मदद से बुज़ुर्गों को इलाज या वेलनेस सेवाएं पाने के लिए अलग-अलग जगह खोजने की जरूरत नहीं पड़ती। जेन एस लाइफ की फाउंडर, मीनाक्षी मेनन ने बताया कि जांच करवाना, डॉक्टर से सलाह लेना, व्यायाम, पोषण से जुड़े सुझाव और मानसिक शांति आदि यह सब एक ही भरोसेमंद ऐप में आसानी से मिल जाता है।

## ब्याज और लेट फीस के साथ विवरणी भरें

# आयकर रिटर्न फाइलिंग का आखिरी मौका 31 दिसंबर के बाद भरनी होगी पेनल्टी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न भरने में जो लोग चूक गए है, उनके लिए 31 दिसंबर आखिरी मौका है। आइटीआर में गलती हो गई है तो इसे सुधारा जा सकता है। इस तारीख तक ब्याज और लेट फीस के साथ विवरणी प्रस्तुत की जा सकती है। इसके बाद 25 प्रतिशत अतिरिक्त कर के साथ ही करदाता आयकर विवरणी प्रस्तुत कर पाएंगे। आयकर नियमों के अनुसार जो करदाता पूर्व में आयकर विवरणी प्रस्तुत नहीं कर पाए है वह इस तारीख तक ब्याज एवं लेट फीस के साथ विवरणी प्रस्तुत कर सकते है। टैक्स ला बार एसोसिएशन,भोपाल के अध्यक्ष एडवोकेट मृदुल आर्य के अनुसार पूर्व में 31 मार्च तक आयकर विवरणी प्रस्तुत की जा सकती थी, परंतु अब सरकार ने इसे 31 दिसंबर तक सीमित कर दिया है। विभाग द्वारा करदाताओं को मैसेज और ईमेल के द्वारा भी विवरणी प्रस्तुत करने के लिए बताया है। साथ ही जिन करदाताओं के बड़े वित्तीय लेनदेन किए है उनकी जानकारी विभाग के पास है।

एडवोकेट आर्य ने बताया कि जिन टैक्सपेयर्स ने फर्जी कटौती और छूट के लिए दावे किए हैं, उनसे अपने आईटीआर अपडेट करने की अपील की गई है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस सिलसिले में गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और धर्मार्थ संस्थानों से संबंधित गलत दावों के लिए टैक्सपेयर्स को टेक्स्ट मैसेज और ईमेल के जरिए आगाह करना शुरू कर दिया है।

## इंडिया फर्स्ट लाइफ ने लांच किया नया ब्रांड कैंपेन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडिया फर्स्ट लाइफ) ने एक नया ब्रांड कैंपेन लांच किया है जो कि लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) को नया रूप देता है। पहले लोग जीवन बीमा को सिर्फ जिम्मेदारियों की याद दिलाने वाला प्रोडक्ट समझते थे लेकिन अब यह जिम्मेदारियों से राहत देने वाला अनुभव बन गया है। द वॉम्ब ने इस कैंपेन की परिकल्पना की है। यह पुरानी सोच को चैलेंज करता है कि बीमा का फायदा बाद में मिलेगा। अब इसे बोझ (जिम्मेदारियों का भार) हल्का करने वाला बताया गया है। इससे तुरंत मन को सुकून मिलता है। जिम्मेदारियां हमसे बांटिए, हल्का लगेगा यह सारा आइडिया नए ब्रांड वादे से बखूबी जुड़ गया है। सुभंकर सेनगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, इंडियाफर्स्ट लाइफ ने कहाकि इस कैंपेन के साथ हम पूरी पिक्चर को 'जिम्मेदार बनने की याद दिलाने' से 'कोई भी बोझ महसूस ना करने में मदद करने' 'यह करो' से 'यह महसूस करो' की ओर लेकर जा रहे हैं। यह जीवन बीमा के प्रति एक अधिक सहानुभूतिपूर्ण, मानवीय दृष्टिकोण है जो आज के जमाने के लिए बिल्कुल प्रासंगिक है। हेवल पटेल, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, द वॉम्ब ने कहाकि यह कैंपेन इसे एक आजाद करने वाली कहानी में बदल देता है।



### एसईपीसी को 3,300 करोड़ के खनन परियोजना में प्रवेश मिला

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के सोहागपुर क्षेत्र में स्थित रामपुर बटुरा ओपनकास्ट कोयला खनन परियोजना के संबंध में जेएआरपीएल एटी कंसोर्टियम के साथ अपनी सहभागिता की घोषणा की है। कंपनी ने मे. जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड और मे. अविनाश ट्रांसपोर्ट के साथ समझौते किए हैं, जो मिलकरजेएआरपीएल एटी कंसोर्टियम का गठन करते हैं।

पूर्व मध्य रेल

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा संख्याः GeM Bid no. GEM/2025/B/6989328. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** **Part "A"** - Manning & Housekeeping of 02 Nos. 'B' Area TRD Maintenance Depots at DHN/OHE, DHN/S&W and 13 Nos. 'C' Area TRD Maintenance Depots at GMO/OHE, GMO/PSI, HZD/OHE, KQR/PSI, GJD/OHE, PRP/OHE, CRP/OHE&PSI, GMIA/OHE, BRKA/S&W, BRKA/OHE, KLRE/OHE, LTHR/OHE, DTO/OHE &PSI in Dhanbad Division for the period of three years. **Part "B"** - Manning & Housekeeping of 09 Nos. 'C' Area TRD Maintenance (OHE& PSI) Depots at SGRL, CPU, RNQ, NUQ, BRHI, HZBN, KANWAR, NAWADIH & MESRA in Dhanbad Division for the period of three years. कार्य समापन की अवधि–03 वर्ष। **कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः ₹4,49,55,577/-. निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। **बिड सिक्युरिटीः ₹ 3,74,780/-. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तिथि – 05.01.2026 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि– 05.01.2026 को 11:30 बजे। **वेबसाईट का विवरणः www.gem.gov.in** जेम निविदा के तहत् मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि.
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1463/डीएचएन/टी/25–26/44

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्र./ परि.शा./न.नि./2025/3229/355 भिलाई दिनांक 12/12/2025

**// रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) //**

नगर पालिक निगम भिलाई नव निर्मित गारमेंट फैक्ट्री हेतु मशीनरी एवं अन्य सामग्री स्थापित करने एवं संचालन पी.पी.पी. मोड पर EOI दिनांक 05.01.2026 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त EOI दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित एजेंसी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में परियोजना शाखा एवं मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं www.uad.cg.gov.in संचालनालय की वेबसाईट से भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

## चिंतन

# भारत-जॉर्डन साझेदारी को मिलेगी नई गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से काफी अहम रही। इससे न केवल साझेदारी और सहयोग को गति मिलेगी, बल्कि आपसी रिश्ते भी और मजबूत होंगे। यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है और पश्चिम एशिया में भारत के प्रभाव को बढ़ाने के लिए एक अहम कदम भी है। अक्सर देखने में आ रहा है कि जब भी पीएम नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर रवाना होते हैं, तो यह केवल एक औपचारिक दौरा नहीं होता, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी होता है। जो देश के विकास और मजबूती को नया आयाम देता है। बता दें कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 37 वर्षों में जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा रही है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हुई इस यात्रा से भारत-जॉर्डन साझेदारी को नई गति मिली है और दोनों देशों के बीच विश्वास तथा आपसी समझ भी बढ़ी है। पीएम मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्व रखती है कि जॉर्डन दुनिया के उन देशों में से एक है, जिसने स्वतंत्र देश के रूप में भारत से शुरुआती दौर में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। दोनों देशों के बीच सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए पहला द्विपक्षीय समझौता 1947 में हुआ था और 1950 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए थे। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध भी दशकों से मजबूत रहे हैं। दोनों देश शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति का जायजा लेने के लिए नियमित रूप से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल-हुसैन के साथ व्यापक बातचीत की। वहीं, जॉर्डन ने भी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। बता दें कि जॉर्डन भारत को फॉस्फेटिक उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। भारत की बढ़ती उर्वरक मांग को पूरा करने के लिए दोनों देशों की कंपनियों ने जॉर्डन में और निवेश करने के लिए बातचीत की। पीएम मोदी ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर अहम चर्चा हुई। रुपे कार्ड के उपयोग सहित डिजिटल लेनदेन के एक आशय पत्र, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प के रूप में नागरिक परमाणु ऊर्जा पर भी बात हुई। इसके अलावा पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जॉर्डन के पेट्रा और भारत के एलोरा पर्यटन स्थलों के बीच संबंध स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जॉर्डन के बाद मोदी इथोपिया और ओमान का दौरा भी करेंगे। पीएम के विदेश दौरे दर्शाते हैं कि आज भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। उनकी यह यात्रा भारत की उसी छवि को और सशक्त करती है। वैश्विक मुद्दों पर भारत की भूमिका को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की आवाज और प्रभाव बढ़ेगा।

# नशे के खिलाफ मालदीव मॉडल जरूरी



**नशामुक्ति**
डॉ. रमेश ठाकुर

> मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। नशा-धूम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।

मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। कानून के मुताबिक वर्ष-2007 के बाद मालदीव में जन्में लोग अब भविष्य में कभी भी किसी सूरत में स्मोकिंग नहीं कर पाएंगे। अगर ऐसा किसी ने भूलवश किया, तो उसे भारी जुर्माना चुकाना होगा। कानून को पिछले महीने यानी 15 नवंबर से पूरे देश में लागू कर दिया गया है। मालदीव में अब तंबाकू-खैनी, गुटखा, बीड़ी सिगरेट, चरस-गांजा, अफीम या ई-सिगरेट को खरीदना और बेचना अपराध की श्रेणी में है।

कोई दुकानदार अगर खुदा न खास्ता चोरी छिपे किसी को तंबाकू बेचता पकड़ा गया, तो उसे 50,000 मालदीवियन रूफिया यानी 2.88 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। वहीं, ई-सिगरेट या वेपिंग करते पकड़े जाने पर 5,000 रूफिया यानी 29,000 हजार रुपये बतौर जुर्माना देने होंगे। दूसरी बार जुर्माना लगने पर ड्राइविंग लाइसेंस को हमेशा के लिए निरस्त करने का प्रावधान है। ये नियम मालदीव जाने वाले अन्य देशों के लोगों पर भी लागू है। इस अनोखे कानून का सबसे सुखद पहलू ये है कि उसे सत्ता और विपक्ष की आम सहमति से संसद में पारित किया गया। देश वासियों ने बाकायदा जश्न मनाया। कानून बनने की खुशी में पक्ष-विपक्ष के सांसदों ने मिलकर पार्टी भी आयोजित की और एक-दूसरे को बधाइयां दीं। दरअसल, धूम्रपान ऐसी आधुनिक बीमारी के रूप में उभर चुकी है जिसने तकरीबन प्रत्येक के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। वाजिब सवाल यहां ये उठता है कि आखिर धूम्रपान के विरुद्ध मालदीव की तरह कठोर कदम भारत में क्यां नहीं उठाया जा सकता?

किस बात की दिक्कत है। जबकि, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में नशे से मरने वालों की संख्या सर्वाधिक है। भारत में कुछ प्रदेशों के युवा नशे में उड़ रहे हैं। घर के घर तबाह हैं। ऐसों को देखकर फिल्ममेकर 'उड़ता पंजाब' जैसी फिल्में भी बनाने लगे हैं। फिर भी कोई सुधार नहीं होता दिखता। नशेड़ियों का हर पल, हर जगह, उपहास उड़ता है। बावजूद इसके अपनी हरकतों से वो बाज नहीं आते? दुनिया में हर बरस 80 लाख मौतें होती हैं फिर भी कोई नहीं डर रहा। नशा-धुम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। हिंदुस्तान तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक देश है। सरकार राजस्व का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुटाती है। भारत में तंबाकू-धूम्रपान से सालाना 13.5 लाख लोग असमय मरते हैं।

'सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेशन' के मुताबिक भारत सरकार प्रत्येक बरस अपने मरीजों पर 1.77 करोड़ रुपये खर्च करती है। ये जानते हुए भी कि तंबाकू कैंसर, फेफड़ों की बीमारी और हृदय रोग सहित कई पुरानी बीमारियों का प्रमुख कारण है। फिर भी लोग गुटखा-खैनी इस्तेमाल करते हैं। पंजाब पाकिस्तान के बॉर्डर से सटा है, जहां से चोरी छिपे हर दिन सैकड़ों किलो मादक पदार्थों की खेप पहुंचती हैं। तस्कर इसके



लिए ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। देखा जाए तो मालदीव ने अपनी पीढ़ियों को बचाने के लिए जो इच्छाशक्ति दिखाई है, वह अन्य मुल्कों के लिए एक नायाब उदाहरण जैसा है। उनका यह निर्णय नशे से प्रभावित देशों को धूम्रपान से लड़ने के लिए ना सिर्फ हिम्मत देगा, बल्कि स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। मालदीव का नशा मुक्ति पर लिया कठोर निर्णय निश्चित रूप से साहसिक कदम कहा जाएगा। ऐसा करके मालदीव विश्व का पहला मुल्क बना है, जहां साल 2007 के बाद जन्मा कोई इंसान कश से दूर रहेगा। मालदीव में धूम्रपान से सालाना मात्र 150 लोग ही जान गवाते हैं, फिर भी सरकार अपने नागरिकों के लिए इतनी फिक्रमंद है। कानून से जुड़ी एक अच्छी बात ये भी है कि यह नियम वहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी लागू रहेंगे। विश्व की सरकारें अगर ईमानदारी से जनहित की नीतियों पर मंथन करें, तो धूम्रपान पर मुक्ति पाना असंभव नहीं? मॉर्डन स्टेटस कहें, या पश्चिमी सभ्यता का विस्तार? देखा-देखी युवा नशे की लत में घुसते जा रहे हैं। मालदीव ही नहीं, विश्व का कोई देश इस समय अछूता नहीं बचा, जहां के टीनएजर्स इस समस्या की गिरफत में न समाए हों? इस मामले में एशिया पहले पायदान पर है जहां बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त जारी है। मालदीव सरकार द्वारा पारित 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' दुनिया का पहला 'तम्बाकू मुक्त' कानून है। हालाकि, हिंदुस्तान में धूम्रपान पर पीढ़ीगत प्रतिबंध के संबंध में कोई विशेष कानून नहीं है। पर, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जैसे कई कानून पहले से हैं। इसके अलावा समय-समय पर प्रदेश सरकारें अपने स्तर पर प्रतिबंध लगाती रहती हैं। जैसे, इस समय पंजाब सरकार ने नशा मुक्ति को लेकर अभियान छेड़ा हुआ है। अभियान के तहत महीने भर से मादक पदार्थों की धरपकड़ जारी है। दुर्भाग्य से इस तरह के अभियान या प्रदेश सरकारों की सख्तियां कारगर साबित नहीं हो पाती। कुछ समय बाद ही दम तोड़ देती हैं। हमारे यहां कागजों में ही ऐसी पाबंदियों की भरमार हैं जिनमें शिक्षण संस्थाओं जैसे स्कूल-कॉलेजों के सौ मीटर दूरी तक पान-मसाला बेचने की मनाही होती है। लेकिन अब स्कूलों के भीतर भी मादक पदार्थ पकड़े जाने लगे हैं। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा के एक नामी कॉलेज में छात्रों के पास से पुलिस ने नशे की ढेर सारी सामग्रियां बरामद की। वैश्विक स्तर धूम्रपान के विरुद्ध लड़ाई लड़ने की जरूरत अब महसूस होने लगी है। इस लड़ाई में पहला कदम मालदीव ने बढ़ा दिया है।

अब कोई ये भी नहीं कहेगा कि 'बिल्ली के गले में कौन बांधे घंटी'। ऐसी पहल का इंतजार सभी को था लेकिन अब हो गई। कितनी सुखद खबर है कि दुनिया में पहली बार किसी देश ने तय किया कि उसकी आने वाली पीढ़ियां कभी सिगरेट, तंबाकू से अपने फेफड़े नहीं जलाएंगी। मालदीव की आबादी मात्र 5 से 7 लाख है और जीडीपी पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। मालदीव स्वास्थ्य मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की है कि 1 नवम्बर 2025 से तंबाकू-मुक्त पीढ़ी कानून लागू हो चुका है। यह नियम विदेशी पर्यटकों पर भी लागू होगा। दुकानदारों को खरीदार की उम्र की अनिवार्य जांच करनी होगी। मालदीप ने वर्ष 2024 में 40 करोड़ सिगरेट आयात की थी। कमाई की परवाह न करते हुए भी मालदीव ने अपने यहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी कानून लागू किया है। साफ-सफाई और सुंदरता में उसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। हालांकि, वहां ई-सिगरेट और वेपिंग पर रोक करीब दशक भर पहले से थी। पर, अब पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## स्क्रीन टाइम

मानसी द्विवेदी



# मोबाइल के सीमित उपयोग से ही होगी डिजिटल वेलनेस

भारत में इंटरनेट का इतिहास भले ही तीन दशक पुराना हो, परंतु उसका सामाजिक, मानसिक और व्यवहारिक प्रभाव आज अत्यंत स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। 1995 में जब वीएसएनएल ने आम नागरिकों को पहली बार इंटरनेट उपलब्ध कराया था, तब यह केवल सूचना तक पहुँचने का साधन प्रतीत होता था। लेकिन कुछ ही वर्षों में इंटरनेट भारत के आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ढाँचे का केंद्रीय तत्व बन गया। तकनीक ने जिस गति से भारतीय जीवन को बदला, उसकी तीव्रतम झलक कोविड-19 महामारी के दौरान देखने को मिली। लॉकडाउन के समय स्कूल बंद हो गए, मैदानों की चहल-पहल खत्म हो गई और बच्चों की पूरी दुनिया एक स्क्रीन में सिमटकर रह गई। इस अवधि ने बच्चों की डिजिटल आदतों को तीव्र गति से बढ़ाया और डिजिटल ऑटिज़्म जैसी स्थितियों को प्रबल किया। यह चिकित्सकीय अर्थों में औपचारिक ऑटिज़्म नहीं, बल्कि अत्यधिक स्क्रीन उपयोग, तेज़-रफ्तार डिजिटल सामग्री और सीमित मानवीय संवाद से उत्पन्न एक व्यवहारिक स्थिति है। इसमें बच्चा धीरे-धीरे आई-कॉन्टैक्ट कम करने लगता है, भाषा विकास प्रभावित होता है, सामाजिक परिस्थितियों में अनिच्छा बढ़ती है और वह स्क्रीन की कृत्रिम दुनिया में अधिक सहज हो जाता है। भारत में मोबाइल और इंटरनेट के तेज़ प्रसार के कारण बच्चों का डिवाइस से कम उम्र में परिचय होना इस स्थिति को और बढ़ाता है। यह केवल स्वास्थ्य का नहीं बल्कि सामाजिक दिशा का प्रश्न है कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार की जीवन शैली में ढाल रहे हैं।

इन्हीं चिंताओं के बीच ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज का यह निर्णय वैश्विक चर्चा में आया कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट और सोशल मीडिया पर सीमाएँ या प्रतिबंध लगाए जाएँ। उनका तर्क है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के डोपामिन-उत्तेजक एल्गोरिथ्म किशोर मस्तिष्क को अत्यधिक उत्तेजना के आदी बना देते हैं। इंस्टाग्राम, टिक-टॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों का ध्यान खींचने के लिए निरंतर उत्तेजक सामग्री प्रस्तुत करते हैं, जिसके कारण वे वास्तविक दुनिया के शांत, सामूहिक और बौद्धिक वातावरण में कम रुचि लेने लगते हैं। डिजिटल ऑटिज़्म इसी असंतुलित डिजिटल उपभोग का परिणाम है। इसलिए आयु-आधारित इंटरनेट नियंत्रण केवल प्रतिबंध का प्रश्न नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा का विषय है।

भारत में यह मुद्दा और भी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यहां इंटरनेट का विस्तार एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन के समय हुआ। इन परिस्थितियों को देखते हुए भारत में इंटरनेट से जुड़े कई कानून लागू हैं। आईटी एक्ट 2000 और आईटी अमेंडमेंट एक्ट 2008 साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और ऑनलाइन सामग्री नियंत्रण को कानूनी ढाँचा देते हैं। हाल ही में लागू डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 बच्चों की ऑनलाइन गोपनीयता और डेटा संरक्षण को विशेष महत्व देता है। फिर भी किशोरों के इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया आयु-सीमा और स्क्रीन समय नियंत्रण पर उतनी कठोरता नहीं है जितनी विदेशों में है। भारत को इस दिशा में और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

साथ ही, माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। पारंपरिक भारतीय परिवार संवाद, कहानी, खेल और सामूहिक गतिविधियों पर आधारित रहा है, लेकिन आधुनिकता और व्यस्तताओं के कारण यह संस्कृति कमजोर पड़ी है यदि माता-पिता स्क्रीन समय नियंत्रित करें, बच्चों के साथ संवाद बढ़ाएं, उन्हें पढ़ने, कला और बाहरी खेलों की ओर प्रेरित करें, तो डिजिटल ऑटिज़्म जैसे जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

स्कूलों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। एनईपी 2020 डिजिटल शिक्षा का समर्थन जरूर करता है, पर साथ ही डिजिटल संतुलन, साइबर सुरक्षा और स्क्रीन अनुशासन पर भी जोर देता है। यदि स्कूल नो-मोबाइल नीति, डिजिटल वेलनेस कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाएं, तो बच्चे इंटरनेट का उपयोग सीखते हुए भी उसके दुष्प्रभावों से सुरक्षित रह सकते हैं। अंततः डिजिटल ऑटिज़्म केवल एक व्यवहारिक समस्या नहीं, बल्कि यह समय का स्पष्ट संकेत है कि हमें तकनीक और मानव विकास के बीच संतुलन स्थापित करना होगा।

## सवाल पूछना, जवाबदेही तय करना व सही के पक्ष में खड़े होना सक्रिय नागरिकता की पहचान

# न्याय केवल निष्पक्ष होना ही नहीं, दिखना भी चाहिए



संतोष कुमार
स्वतंत्र पत्रकार

कानून के प्रति विश्वास किसी भी लोकतांत्रिक समाज की मूल शर्त है। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान न्याय का अधिकार दिया है किंतु व्यवहार में यह समानता अब भी अधूरी दिखाई देती है। न्याय की प्रक्रिया आज उस वर्ग के लिए सबसे अधिक बोझिल बन गई है जिसके पास साधन सबसे कम हैं। अदालतों की लंबी प्रक्रिया, बढ़ती कानूनी लागत और अंतहीन प्रतीक्षा ने न्याय को गरीब के लिए एक कठिन संघर्ष में बदल दिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गरीब नागरिक के लिए हर तारीख़ एक नई आर्थिक और मानसिक चुनौती बन जाती है। इसके विपरीत संसाधन-संपन्न वर्ग महंगे अधिवक्ताओं, प्रभाव और कानूनी जटिलताओं के सहारे अपेक्षाकृत सुरक्षित रास्ते तलाश लेता है।

इस स्थिति के लिए केवल प्रणालीगत कमियों को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं होगा। समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब व्यवस्था के भीतर बैठे कुछ लोग अपने पद और अधिकारों का उपयोग सार्वजनिक हित के बजाए निजी लाभ के लिए करने लगते हैं। न्याय केवल निष्पक्ष होना ही नहीं चाहिए बल्कि उसका निष्पक्ष दिखना भी उतना ही आवश्यक है। अक्सर यह मान लिया जाता है कि व्यवस्था में सुधार का रास्ता केवल राजनीति से होकर जाता है। यह दृष्टिकोण अधूरा है। लोकतंत्र की मजबूती उसके सभी स्तंभों प्रशासन, न्यायपालिका, मीडिया और नागरिक समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। किसी एक क्षेत्र से ही बदलाव की उम्मीद करना न तो व्यावहारिक है और न ही टिकाऊ। आज ज़रूरत इस बात की है कि ईमानदार और सक्षम लोग अपने-अपने क्षेत्रों में आगे आएं और सक्रिय भूमिका निभाएं। केवल सत्ता के केंद्रों तक पहुंचना ही परिवर्तन का पर्याय नहीं हो सकता। लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका केवल मतदाता तक सीमित नहीं होती। चुप्पी कई बार सहमति का रूप ले लेती है।

सवाल पूछना, जवाबदेही तय करना और सही के पक्ष में खड़ा होना यही सक्रिय नागरिकता की पहचान है। न्याय किसी एक फैसले का नाम नहीं बल्कि वह भरोसा है जिस पर लोकतांत्रिक व्यवस्था टिकी होती है। यदि यह भरोसा कमजोर पड़ता है तो संविधान की सबसे सशक्त पंक्तियां भी अपना प्रभाव खोने लगती हैं। ऐसे समय में ज़रूरत है व्यापक आत्ममंथन की व्यवस्था से पहले स्वयं से सवाल पूछने की। न्याय तभी बचेगा जब उसे बचाने की जिम्मेदारी हर नागरिक अपने कंधों पर लेने को तैयार होगा।

## सटाका




## आज की पाती

### श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए।

- **प्रखर जोशी**, दुर्ग

## ट्रेंड

### हमारे लिए देश पहले



तमाम विपक्षी दलों को समझना होगा कि एसआईआर विषय केवल चुनाव जीतने और हारने का नहीं बल्कि देश का विषय है। हमारे लिए देश पहले होना चाहिए इसके बाद बाकी विषय होना चाहिए।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### ग्राम-स्वराज का सपना



पीएम मोदी को दो चीज़ों से पक्की नफरत है महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है। मगर, आज मोदी जी मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सरकार मिशन मोड में



27 वर्षों से जिन समस्याओं से दिल्ली जूझ रही थी, उनके स्थायी समाधान में हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से जुटी है। नालों की डी-सिल्टिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इस लक्ष्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नेशनल हेराल्ड मामला




नेशनल हेराल्ड मामले में राउज़ एवेन्यू कोर्ट का फैसला मोदी सरकार के षड्यंत्रों पर करारा तमाचा है। कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज कर यह साबित कर दिया है कि सोनिया गांधी व राहुल के खिलाफा यह केस राजनीतिक द्वेष से बनाया गया था।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' बताया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका का राष्ट्रपति कार्यालय) में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ज्वाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, व्हाइट हाउस में सीमा से जुड़े मामलों के प्रमुख टॉम होमन और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रशासन 'फेंटानिल को आधिकारिक तौर पर सामूहिक विनाश के हथियार के रूप में वर्गीकृत कर रहा है, जो वास्तव में वही है। कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।' हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि नये कार्यकारी आदेश के अमल में आने के फेंटानिल की लत के शिकार लोगों और इसकी तस्करी में शामिल अपराधियों के लिए क्या मायने होंगे तथा इससे ट्रंप प्रशासन की नीति में क्या बदलाव आएगा। सामूहिक विनाश के हथियार शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर परमाणु, जैविक, रासायनिक या साइबर खतरों के लिए किया जाता है, जो किसी आबादी, बुनियादी ढांचे या पर्यावरण को भारी एवं स्थायी नुकसान पहुंचाने में सक्षम होते हैं। इराक पर अमेरिका के आक्रमण के बाद वाशिंगटन के सियासी गलियारों में इस शब्द पर जमकर बहस हुई है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## नागपुर जा रही बस का टायर फटा, पलटी

# हादसे में चालक सहित 12 से अधिक यात्री घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर चौथा मील के पास दोपहर लगभग 2 बजे एक यात्री बस का टायर फटने से बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में चालक सहित 12 लोगों से अधिक यात्री घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, रॉयल बस जबलपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। चौथा मील के पास पहुंचते ही अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लखनादौन पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत प्रसाद दुबे ने बताया कि बस पलटने से कुछ लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी।

पुलिस फिलहाल घटना की जांच कर रही है और घायलों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ वहां लोगों व वाहनों का आना जाना अधिक होता है। घटना के समय लोग या वाहन मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 48 करोड़ का गांजा बरामद, बैंकॉक से आए 6 तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम्स अधिकारियों ने गांजे की तस्करी के एक बड़े प्रयास को नाकाम कर दिया। कस्टम्स ने 48 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के नारकोटिक्स के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 11 दिसंबर को बैंकॉक से दिल्ली पहुंचे यात्रियों के खिलाफ की गई।

संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर यात्रियों के सामान की गहन जांच की गई थी। कस्टम के एक अधिकारी के मुताबिक, तलाशी के दौरान दो ग्रे, एक हरे और एक टील रंग के ट्रॉली बैग से कुल 24 पॉलीथीन पाउच बरामद किए गए। इन पाउच में हरे रंग का नारकोटिक पदार्थ मिला, जिसके गांजा या मारिजुआना होने का शक था। जब्त किए गए पदार्थ का कुल वजन 48.016 किलोग्राम पाया गया। डायग्नोस्टिक टेस्टिंग में गांजा की पुष्टि हो गई।


## नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम संतोष कुमार मुकाती था। मेरा परिवर्तित नाम संतोष मुकाती पिता श्री द्वारका प्रसाद मुकाती निवासी 21, कृष्णा हाउसिंग सोसायटी, कोलार रोड़ भोपाल, आधार नंबर 210389415890 है। अब भविष्य में मुझे सभी सरकारी/गैर सरकारी दस्तावेजों में इसी नाम से जाना पहचाना जाय।



## पश्चिम मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ईनिविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक** : डब्ल्यूसीआर–सीआरडब्ल्यूएस–बीपीएल–ईएल–टी–2025–10 दिनांक : 11.12.2025, **कार्य का नाम** : सी.आर.डब्ल्यू.एस./भोपाल में एनएमजी/एनएमजीएच/एनएमजीएचएस के रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन/विकास हेतु चल रहे अम्ब्रेला कार्य से संबंधित अन्य विद्युतीकरण कार्य, **कार्य की लागत** : Rs. 96,31,503.32, **निविदा फार्म का मूल्य** : 0.00, **धरोहर राशि** : Rs. 1,92,600.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 12 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** : 02.01.2026 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि** : 02.01.2026 15:00 बजे के उपरांत, निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा, पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

विश्वकर्मा नगर कॉलोनी, बैरसिया रोड, करोंद भोपाल में स्थित भूखंड क्र. एल.आई.जी. -100B मंडल द्वारा श्री मोहम्मद जाकिर आत्मज श्री शैख मुख्तार के नाम से आवंटित है। उनके द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री आदिल यार आत्मज श्री अकलीम यार को हस्तांतरण किये जाने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.घर. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग क्रमांक-1, भोपाल



## जाहिर सूचना

फ्लैट नं. बी-03, द्वितीयतल, रोमर अपार्टमेन्ट, कुम्हारपुरा, शाहजहांनाबाद, भोपाल

मेरे पक्षकार DMI हाऊसिंग फाईनेंस प्रा. लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि ताजवर खान आ. स्व. शाहिद खान ने एक संपत्ति जो कि फ्लैट नं. बी-03, द्वितीय तल, स्थित रोमर अपार्टमेन्ट, गली नं. 02, सुल्तानिया मस्जिद के सामने, कुम्हारपुरा, शाहजहांनाबाद, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति की नाप 53.85 वर्गमीटर होकर चतुर्सीमायें पूरब में -अन्य की संपत्ति, पश्चिम में - कॉरीडोर,, उत्तर में -फ्लैट नं. बी-02 व दक्षिण में फ्लैट नं. बी-04 है। विक्रय पत्र का निष्पादन विक्रेता श्रीमती नजमा सिद्दीकी द्वारा संबंधित उप-पंजीयक कार्यालय में कराया जावेगा व प्राप्त विक्रय पत्र की ओरिजनल प्रति मेरे पक्षकार बैंक के पास जमा होगी। साथ ही संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि समस्त अनुमतिया, अनापत्ति प्रमाण-पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा ।

भवदीय **अभिषेक पंसारी** अधिवक्ता
कार्या.- शॉप नं. 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 मो. 9993186085


# कर्ज चुकाने के लिए किसान को बेचनी पड़ी किडनी

एजेंसी ▶▶ चंद्रपुर

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में कर्ज के बोझ से दबे एक किसान द्वारा किडनी बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किसान के गंभीर आरोपों के बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध साहूकारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यह मामला जिले के नागभीड़ तहसील के मिन्थुर गांव का है। पीड़ित किसान का नाम रोशन सदाशिव कुडे है। रोशन कुडे ने आरोप लगाया है कि अवैध साहूकारों से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए उन्हें अपनी किडनी बेचनी पड़ी। पुलिस ने शाम करीब सात बजे छह साहूकारों के खिलाफ सवकारी अधिनियम की धारा 29, 30, 31 और एक्सटॉर्शन की धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपियों में किशोर बावनकुले, मनीष घाटबंधे, लक्ष्मण उरकुडे, प्रदीप बावनकुले, संजय बल्लारपुरे और सत्यवान बोरकर शामिल हैं। मामला ब्रह्मपुरी पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। इनमें से पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार किसान ने वर्ष 2021 में इलाज और व्यवसाय के लिए ब्याज पर पैसे लिए थे। समय पर कर्ज न चुका पाने पर उस पर भारी ब्याज और रोजाना जुर्माना लगाया गया। एक लाख रुपए का कर्ज बढ़कर 74 लाख रुपए तक पहुंच गया। कर्ज चुकाने के लिए किसान ने दो एकड़ जमीन, ट्रैक्टर, वाहन, घर का सामान और सोना तक बेच दिया, लेकिन फिर भी कर्ज नहीं उतरा। किसान का आरोप है कि साहूकारों के दबाव में आकर उसे किडनी बेचने की सलाह दी गई। एक एजेंट उसे पहले कोलकाता ले गया, जहां मेडिकल जांच हुई। इसके बाद कंबोडिया में उसकी सर्जरी कर किडनी निकाली गई। किसान का कहना है कि उसने आठ लाख रुपए में अपनी किडनी बेची। चंद्रपुर के पुलिस अधीक्षक सुदर्शन मुमक्का ने बताया कि अवैध साहूकारी को लेकर ठोस सबूत मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया है। बैंक लेनदेन में आरोपियों के खातों में लगातार पैसे जाने के प्रमाण मिले हैं। किडनी बेचने से जुड़े आरोपों की अलग से जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

**क्रमांक -2772/अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक वैष्णवी शर्मा श्री / आत्मज / पत्नी श्री हरीश शर्मा निवासी मिसरोद ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्रमांक 173,174, 175,312/2, 326/1/3/2, 326/1/2/3,326/1/4/3 रकबा 162.26 के आधार पर नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया

**तहसीलदार तहसील-कोलार -जिला भोपाल**



## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

**क्रमांक -2769/अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक वैष्णवी शर्मा श्री / आत्मज / पत्नी श्री हरीश शर्मा निवासी मिसरोद ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्रमांक 173,174, 175,312/2, 326/1/3/2, 326/1/2/3,326/1/4/3 रकबा 162.26 के आधार पर नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया

**तहसीलदार तहसील-कोलार -जिला भोपाल**



## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

**क्रमांक -2771/अ-6/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्री हरीश शर्मा श्री / आत्मज / पत्नी श्री अशोक कुमार शर्मा निवासी मिसरोद ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्रमांक 173,174, 175,312/2, 326/1/3/2, 326/1/2/3,326/1/4/3 रकबा 162.26 के आधार पर नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया

**तहसीलदार तहसील-कोलार -जिला भोपाल**



## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नीचे दर्शाये कार्य हेतु रखरखाव कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर प्रपत्र-अ में दिनांक 24.12.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| S. No. | NIT No. | Name of work | P.A.C. (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16/2025-26 | नेहरू नगर, भोपाल स्थित प्रगति परिसर में साफ-सफाई एवं जलप्रदाय का कार्य। | 1,97,072/- | 4,000/- |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में निर्धारित मूल्य रु. 1180/- प्रति निविदा जमाकर, निविदा तिथि से एक दिन पूर्व तक (शासकीय अवकाश छोड़कर) प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य की समयावधि छ: माह होगी। धरोहर राशि कार्यपालन यंत्री, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग-2, भोपाल के पक्ष में देय राष्ट्रीयकृत एवं शेड्यूल्ड बैंक से DD/FDR के रूप मे स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु अनुभव प्रमाण-पत्र, आयकर/जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

Visit us . www.mphousing.in — कार्यपालन यंत्री

म.प्र. माध्यम/123527/2025 — f/ mphidb X/ mphidb — संभाग-2, भोपाल, दूरभाष : 0755-4077895



## MADHYA PRADESH POWER GENERATING CO. LTD.

OFFICE OF THE Addl. C.E. (P&W),
SHREE SINGAJI THERMAL POWER PROJECT
Dongalia Distt. Khandwa (M.P.), E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com

No. 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/7671 — Date : 16.12.2025

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) (including GST) | Tender Cost & EMD in Rs. | Last date and time for closing of online submission |
|---|---|---|---|
| Work contract for repairing of damaged conveyor pulleys, repairing of damaged flat return rollers SDR-1600 & repairing/refurbishment of damaged drive shaft along with replacement of damaged sprocket of apron feeder of 2x600 MW, CHP, PH-I and 2x660 MW, CHP, PH-II, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. **( T-2025_MPPGC_462539_1)** | 64,14,914/- (Including GST) | 5000/- & 1,28,300/- | 29.12.2025 Up to 15:00 hrs |
| Procurement of 01 No. Complete Rotor Assembly of Ring Granulator for CHP-I, 2x600 MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. **(T- 2025_MPPGC_452771_1)** | 1,04,81,940/- (Inclusive of GST) | 5000/- & 2,00,000/- | 05.01.2026 Up to 15:30 Hrs. |
| "Supply Installation and Commissioning of Automatic Generation Control (AGC) system at Unit no. 1 &2 , 2x600 MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. **(T-2025_MPPGC_464305_1)** | 2,89,54,840/- (Including GST) | 5000/- & 2,89,500/- | 05.01.2026 Up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/123535/2025 — //SAVE ELECTRICITY// — SE (P&W)





डभौरा में पुलिस ने अवैध विस्फोटकों की बड़ी खेप पकड़ी, उप्र से लाया जा रहा था विस्फोटक

# ट्रेन से विस्फोटकों की तस्करी... आरोपियों के पास से डेटोनेटर और केबल समेत अन्य सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

डभौरा में पुलिस ने अवैध विस्फोटकों की बड़ी खेप पकड़ी है। सोमवार रात पुलिस ने उत्तर प्रदेश से ट्रेन के जरिए विस्फोटक ला रहे एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 400 डेटोनेटर और केबल समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है। दोनों गिरफ्तार आरोपी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

- पुलिस ने विस्फोटक ला रहे एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया

एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान को इस तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने जाल बिछाया। आरोपी जैसे ही जनता एक्सप्रेस से डभौरा रेलवे स्टेशन उतरे और बाजार क्षेत्र में पहुंचे, पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया। डेटोनेटर एक्सप्लोसिव एक्सपर्ट शरद सरवटे ने तस्वीरें देखकर इसे एक्सप्लोसिव बताया है। उनका कहना है कि ये बेहद खतरनाक हैं। अगर इस मात्रा में विस्फोट होता है तो चार से पांच किलोमीटर के दायरा प्रभावित होगा।


पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी।

## विस्फोटक सामग्री का उपयोग वे खनिज उत्खनन के लिए करते थे

पुलिस का कहना है कि जो दो लोग पकड़े गए हैं, उनका कोई पुराना आपराधिक बैकग्राउंड नहीं है। इस विस्फोटक सामग्री का उपयोग वे खनिज उत्खनन के लिए करते थे। बाद में वे ट्रैक्टर के जरिए सप्लाई करते थे। ये छोटे तस्कर हैं, इनके पीछे कोई बड़ा मास्टरमाइंड हो सकता है। जिसका खुलासा होना अभी बाकी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विनोद मांझी (निवासी सोहागी) और पूजा मांझी (निवासी छदेनी, जवा) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों उत्तर प्रदेश के मानिकपुर से यह खेप लेकर आए थे।


जब्त बिस्फोटक सामग्री।

एम्स की असिस्टेंट प्रोफेसर का सुसाइड मामला

# परिजनों ने पुलिस को बयान में नहीं दिया कोई क्लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दिनों भोपाल एम्स की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि वर्मा के सुसाइड केस में पुलिस को कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी है। परिजनों ने अपने बयान में कोई आरोप नहीं लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि सुसाइड की वजह रश्मि ही जानती है। आखिर उसने यह कदम क्यों उठाया था। इसके बारे में वही बता सकती है।

पुलिस को परिजनों के बयान से कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी हैष पुलिस को भरोसा है कि रश्मि वर्मा के बयान के बाद ही सुसाइड केस की परते खुलेगी। आखिर रश्मि ने इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश क्यों की थी। जो अभी तक प्राथमिक जानकारी आ रही थी कि डाक्टर ने सीनियर के दवाब में आकर सुसाइड किया था। इस पर भी पुलिस फिलहाल जांच कर रही है, लेकिन आखिरी में रश्मि के बयान पर ही आगे की पुलिस कार्रवाई कर पाएगी। फिलहाल अभी पुलिस रश्मि के बयान का इंतजार ही कर रही है। एक जानकारी यह आ रही है कि मानसिक दबाव में रश्मि वर्मा ने सुसाइड करने की कोशिश की है।

## खबर संक्षेप



### माता राज राजेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा, हुआ भंडारा

**मंडीदीप।** उप नगर सतलापुर के वार्ड 16 में मां राज राजेश्वरी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद रहे। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूजन, हवन किया गया। मंगलवार को भंडारा के बाद कार्यक्रम का समापन हो गया। इस मौके पर रेवा राम मेहर, नरेश मेहर, मुकेश पूर्व पार्षद, देवेंद्र चौहान, राधेश्याम उइके, माखन मेहर, जीतेन्द्र मेहर, धनसिंह राजपूत, अनिल पाल, राकेश पटेल सहित बड़ी संख्या में रहवासियों ने सहयोग किया।

### हिंदू समाज के सम्मेलन के लिए बैठक कल

**औबेदुल्लागंज।** सकल हिंदू समाज का सम्मेलन 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम के लिए 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे हिंदू समाज की बैठक एवं 11 बजे ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का आयोजन किया जाएगा। सकल हिंदू समाज नगर हिरानिया ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने को कहा है। यह कार्यक्रम विप्र भवन, परशुराम मंदिर दशहरा मैदान पानी की टंकी के पास हिरानियां में होगा।

### पटवा ने कोठारी को दी जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने भोजपुर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। बीती रात औबेदुल्लागंज में एक दर्जन से अधिक जगह पर केक काट कर खुशियां मनाई। इस बीच सैकड़ों लोगों ने कोठारी को जन्मदिन की बधाई दी।

### हर्षोल्लास से मनाया सुमित का जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र के



सामाजिक कार्यकर्ता एवं भजन प्रतियोगिता के वरिष्ठ सुमित पचौरी का जन्मदिन मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। उनके जन्मदिन पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गौरव पचौरी, भजन प्रतियोगिता के संरक्षक केशव पचौरी, संजय सिंह चौहान, अंकित अग्रवाल, राजेश खटीक, रमेश गौर, देवेंद्र सिंह राजू, डॉ. कैलाश विनय, सर्वेश गौर, राकेश तिवारी, सुदामा तिवारी, जितेंद्र दुबे आदि ने बधाई दी है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 599 | 30 | 569 |
| रात: | 138 | 27 | 458 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 150 | 65 | 357 |
| रात: | 490 | 32 | 570 |

कौशल नगर में लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद

# चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद में चाकू लगने के बाद गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन उसकी हालत बिगड़ने पर रविवार को एयर एंबुलेंस से हैदराबाद ले गए थे। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद सोमवार दोपहर मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित खजूरी कला में मनोज अवस्थी रहते थे। उनका बिल्डिंग मटैरियल की सप्लाई, भवन बनाने का काम था। उन्होंने सतीश विश्वकर्मा के मकानबनाने का काम किया था, जिसकी रकम के भुगतान को लेकर उसके साथ विवाद चल रहा था। उसके ही समाधान के लिए मनोज अवस्थी को 9 नवंबर रात लगभग नौ बजे भैरोपुर में कौशल नगर के पास बंटी दांगी के कार्यालय में बुलाया था। बंटी दांगी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। वह मनोज अवस्थी और सतीश विश्वकर्मा दोनों को पहचानते हैं। आरोपी सतीश विश्वकर्मा का वहां मनोज अवस्थी के साथ विवाद हो गया। तभी आवेश में आकर सतीश विश्वकर्मा और उसके साथी संजय मालवीय ने मिलकर चाकू निकाल लिया। दोनों जान से मारने की धमकी दे रहे थे। लेकिन, मनोज अवस्थी डरने की बजाय उनसे झूम गए, जिस कारण उनके हाथ में चाकू का वार लग गया। इसके बाद आरोपियों ने एक प्रहार सीने और दूसरा प्रहार पेट में कर दिया, जिस कारण चाकू का वार लगते ही पूरे कार्यालय में खून का फव्वारा फूट पड़ा। हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोनटेरोलॉजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार दोपहर मनोज अवस्थी की मौत हो गई। शव को पीएम के लिए हैदराबाद के मॉर्चुरी रुम में रख दिया गया है।

## भोपाल, विदिशा, छिंदवाड़ा एवं राजगढ़ में सक्रिय चोर गिरोह गिरफ्तार, 82 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति बरामद

**भोपाल।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था और अपराधों पर लगाम लगाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस तकनीकी संसाधनों, खुफिया सूचनाओं एवं आधुनिक पुलिसिंग पद्धतियों के माध्यम से सघन कार्रवाई कर रही है। भोपाल, विदिशा, छिंदवाड़ा एवं राजगढ़ जिलों में चोरी के गिरोहों का सफलतापूर्वक खुलासा किया है।

भोपाल शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल टावरों से महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी का थाना मिसरोद पुलिस ने खुलासा किया। मुखबिर सूचना, सीसीटीवी फुटेज के सूक्ष्म विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने भोपाल एवं आसपास के जिलों में आधा दर्जन से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चार बेसबैंड इलेक्ट्रॉनिक मशीनें, चोरी में प्रयुक्त औजार, दो वाहन तथा अन्य सामग्री जब्त की, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख है।

### विदिशा में सूने मकान से चोरी का खुलासा

जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की जांच में पुलिस ने 172 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया तथा 125 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से लगभग 12 तोला सोने के आभूषण, 50 हजार रुपए नगद तथा 4 लाख रुपए मूल्य की सेंट्रो कार सहित कुल लगभग 20 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की है।

**छिंदवाड़ा में दिनदहाड़े हुई चोरी सुलझाई** - जिले में हुई बड़ी चोरी की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को अनुपपुर एवं बालाघाट जिलों से गिरफ्तार किया। आरोपियों से 5 लाख 50 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए। राजगढ़ में सराफा दुकान में हुई चोरी का खुलासा थाना नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ क्षेत्र में सराफा व्यापारी की दुकान में चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही उनके कब्जे से लगभग 3.4 किलोग्राम चांदी सहित 6 लाख 50 हजार रुपए मूल्य की पूरी संपत्ति जब्त की है।

खेत में धान की फसल निकालते समय हुआ हादसा

# रोटावेटर में गमछा फंसने से धड़ से गर्दन हुई अलग, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संगीता अनिल पटेल के देवर एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल पटेल के छोटे भाई राधेश्याम पटेल विशनखेड़ा का खेत पर रोटावेटर चलाते समय उसकी चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना से विशनखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्र में शौक का माहौल है।

बताया गया है कि रोटावेटर से धान की फसल निकाल रहे थे। फसल निकलते समय अचानक मशीन में कुछ फंस गया, उसे देखने के लिए वे झुके ही थे कि उनके गले में डला गमछा मशीन में फंस गया, जिससे मशीन की ओर खींचते चले गए। इस घटना में उनकी गर्दन कटकर मशीन में फंस गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।


राधेश्याम पटेल
मृतक

राधेश्याम खेत पर अकेले थे। वह काफी देर तक घर नहीं पहुंचे तो उनके परिवार वाले खेत पर उन्हें देखने पहुंचे तो हादसे का पता चला। इसके बाद घटना की खबर पूरे क्षेत्र में फेल गई। इस हादसे के बाद विधायक सुरेंद्र पटवा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार पटेल, परेश नागर, संजय सिंह चौहान, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागीश अग्रवाल, पार्षद समीक्षा विक्रम यादव, दुर्गेश यादव, भाजपा मंडल के महामंत्री माधव यादव, राजाराम यादव, पार्षद सुजीत यादव, उत्तम यादव, आरती यादव, हरजीत सिंह मंगू, श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, पंकज नागरानी आदि ने दुःख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार विशनखेड़ा श्मशान घाट पर किया गया।



## छात्राओं को दी मार्केटिंग और एडवरटाइज़िंग की जानकारी

**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वीमेन द्वारा एमबीए. और बीबीए के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मिस्टिक 7 के फाउंडर एवं चीफ क्रिएटिव ऑफिसर राजीव मिश्रा ने मार्केटिंग एवं एडवरटाइजिंग पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वास्तविक ब्रांड केस स्टडीज़ के माध्यम से सीखने के अनुभव को और समृद्ध बनाया। इसमें ताज होटल्स की लक्ज़री पोजिशनिंग, जिंजर होटल्स की स्मार्ट-बजट अपील, तथा पेप्सी वर्सेज कोका-कोला के ब्रांड युद्ध जैसे उदाहरण शामिल थे।

## विजय दिवस पर बहादुर नायकों के सम्मान में दी पुष्पांजलि



**संतनगर।** सुदर्शन चक्र कोर ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान पर शानदार जीत की याद में 54वां 'विजय दिवस' मनाया। इस मौके पर सुदर्शन चक्र युद्ध स्मारक पर एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान ने पूर्व सैनिकों के साथ भारतीय सेना के बहादुर नायकों को सम्मान देने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। विजय दिवस हर साल 16 दिसंबर को भारतीय सेना की जीत की याद में मनाया जाता है, जिसमें पूर्वी पाकिस्तान सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाज़ी ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था।यह दिन भारतीय सेना के उन सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए भी मनाया जाता है, जिन्होंने हमारे देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

नजीराबाद में एसडीएम ने घर-घर पहुंच कर की मतदाताओं की जांच

# शिफ्ट, मृत और रिपीट मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटवाने के लिए मैदान में उतरा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश भर में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान भोपाल जिले की नगरीय क्षेत्र में आने वाली विधानसभाओं में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा विभिन्न अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। वहीं ग्रामीण विधानसभाओं में एसडीएम द्वारा विभिन्न अधिकारियों को नियुक्त कर अलग-अलग बूथ की जिम्मेदारी दी गई।

सोमवार को भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्वयं विधानसभा क्रमांक 153 के मतदान केन्द्र 150 पर पहुंचकर ऐसे मतदाताओं के घर-घर जाकर जांच की। वहीं मंगलवार को बैरसिया विधानसभा 149 के मतदान केन्द्र 7 ग्राम पंचायत नजीराबाद में बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने स्वयं पहुंचकर घर-घर जाकर मतदाताओं की जांच ली। इस दौरान एसडीएम शर्मा ग्राम में लगभग 10 से 15 घरों पर पहुंचे और मतदाताओं का सत्यापन किया। शर्मा ने बताया कि हम बुधवार को पुनः छूटे हुए मतदाताओं की जांच करेंगे। इस दौरान एसडीएम आशुतोष शर्मा के साथ ग्राम पंचायत सरपंच नर्मदा प्रसाद अहिरवार, बीएलओ छगनलाल मेहर, सचिव उधम सिंह मेहर, बीएलए राजेंद्र सेन, सहायक सचिव कमल सिंह अहिरवार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।


ग्राम पंचायत नजीराबाद में लोगों से जानकारी लेते एसडीएम आशुतोष शर्मा।

## नगर परिषद के अध्यक्ष के लिए हो रही चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में 8 पार्षदों में चर्चा है कि पिछली परिषद की उपाध्यक्ष रही वह वर्तमान नपा अध्यक्ष हैं। क्या यह परंपरा चलेगी? क्योंकि नपा में वर्तमान नमिता बागिस अग्रवाल उपाध्यक्ष हैं। आने वाले चुनाव में वह नपा अध्यक्ष का टिकट पाने में सफल होंगी? नमिता बागीश अग्रवाल पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता जबलपुर के वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री अजय विश्नोई के करीबी रिश्तेदार हैं एवं विधायक सुरेंद्र पटवा के नमिता बागिश अग्रवाल के करीबी हैं। इसीलिए भाजपा नेता नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह, शानू खान, नरेश सेठी, मनोज चौरसिया, कृष्णा नरवरिया, रवि कमल आदि ने कहा कि नमिता बागिश अग्रवाल नपा अध्यक्ष की प्रवल दावेदार हैं। और जैसा की पिछली उपाध्यक्ष को वर्तमान में अध्यक्ष बनाया अब वर्तमान की उपाध्यक्ष को आने वाले अगले चुनाव में अध्यक्ष बनाने की चर्चा जोरों पर है।



नपा ने नगर के कई क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

# सीएमओ ने दी सख्त चेतावनी स्वयं से हटा लें अपना अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका ने सोमवार को बैंक स्ट्रीट वाला रास्ता तो मंगलवार को पटेल नगर में कई जगहों से अतिक्रमण हटाया। दूसरी ओर नगर में मुनादी करा दिया गया है कि जिन-जिन व्यापारियों के सामान सड़क में तय सीमा से बाहर रखा है वो अपना सामान हटा लें। वहीं बुधवार को नगर पालिका द्वारा स्टेशन रोड, सतलापुर जोड़ से मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण हटाया जाएगा।

ज्ञात हो अतिक्रमण को लेकर आए दिन हरिभूमि खबरों को प्रमुखता से प्रसारित करता आ रहा है। उसी को संज्ञान में लेते हुए नपा प्रशासन ने कार्रवाई की। नपा के मुख्य मार्ग जैसे शनिवार बाजार, स्टेशन रोड, मंगलवार बाजार, समेत अलग-अलग जगहों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्द की जाएगी। मंडीदीप में आए दिन लगते हुए जाम की मुख्य वजह चारों तरफ फैले अतिक्रमण ही है। अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्य रूप से जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, विधायक सुरेंद्र पटवा और एसडीएम चंद्रशेखर ने नपा को निर्देश दिए हैं।



### सब पर कार्रवाई होगी

नगर में फैले अतिक्रमण को लेकर मुहिम जारी रहेगी। छोटा हो या बड़ा कार्रवाई सब पर होगी। लोग अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लेने के लिए कहा गया है।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ मंडीदीप नपा।

पार्षद खटीक ने लगाया आरोप, नगर परिषद में चला रहा भ्रष्टाचार

# नाली एवं नर्मदा पाइपलाइन के ऊपर अवैध तरीके से बनाई जा रही अस्थाई दुकानें, घटिया मटेरियल का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष और श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि नगर परिषद औबेदुल्लागंज में 200 गरीब लोगों की दुकाने तोड़ी थी। उसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ ने रेस्ट हाउस औबेदुल्लागंज में सभी दुकानदारों की बैठक में आश्वासन दिया था कि दीपावली के बाद अच्छी सुंदर व पक्की दुकाने बनाकर देंगे। दुकाने आसान किस्तों पर मिलेगी, मगर अभी तक किसी भी दुकानदार को जगह नहीं मिली है। राजेश खटीक ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण तोड़ने में भी भेदभाव बरता गया है। राजेश खटीक ने कहा कि एसडीओपी कार्यालय के बगल में अस्थाई दुकानें नाली एवं नर्मदा पाइपलाइन के ऊपर अस्थाई दुकानें अवैध तरीके से बनाई जा रही हैं। इन दोनों के निर्माण में घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है।


राजेश खटीक
पार्षद


नाली एवं नर्मदा पाइपलाइन के ऊपर बनाई जा रही अस्थाई दुकानें।

### 6 माह पूर्व तोड़ी गईं थी दुकानें, अब वहीं पर बन रही

उन्होंने बताया कि 6 माह पूर्व इन नालियों और नर्मदा पाइपलाइन के ऊपर से ही इसीलिए अतिक्रमण हटाया था कि नर्मदा पाइपलाइन और नाली के ऊपर दुकान बनी थी, अब 7 माह बाद 10 दुकाने फिर से वहीं बनाई जा रही है। खटीक ने कहा कि इन दुकानों के आवंटन करने के लिए चंदा वसूली की चर्चा है। यह दुकाने किसको देंगे और किसको नहीं देंगे यह चर्चा का विषय है। नगर में पानी की पाइपलाइन डालने के लिए कई जगह नवनिर्मित सड़कें खोद दी गई है, जो अभी कुछ दिनों पूर्व ही बनी थी। जब पाइपलाइन डालना था तो सड़क के ऊपर सड़क क्यों बनाई गई। इससे कमीशन बड़ी और भ्रष्टाचार की खुली नगर परिषद की प्रणाली है।

संस्था के पदाधिकारियों की घोषणा

# सिंधु समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों का होगा और विस्तार: इसरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक शैक्षणिक संस्था सिन्धु समाज की कार्यकारिणी घोषित की गई है, जिसमें अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी व महासचिव भरत आसवानी रहेंगे। आगामी वर्ष 2026 एंव 2027 की कार्यकारिणी में नरेश तोलानी, मनोहर वीधानी, राजेश बेलानी, दिलीप मंगतानी व हरीश मेहरचंदानी सभी उपाध्यक्ष इसके अलावा सचिव पुरुषोत्तम हरचंदानी, सहसचिव माधव पारदासानी, कोषाध्यक्ष गुरुदास रामचंदानी, सह-कोषाध्यक्ष जगदीश खुशालानी, आडिटर ओम प्रकाश रीझवानी (शेरू) रहेंगे। जब कि कार्यकारिणी सदस्यों में कन्हैयालाल ईसरानी, मोहनलाल मनवानी, मोहनलाल चंदनानी, किशन पमनानी, रामचंद नाथानी व सुरेश वासवानी को शामिल किया गया है। वहीं विशेष आंमात्रित सदस्य प्रकाश देवनानी, दयाल दोलतानी, सुरेश माझानी, प्रभु मंगलानी, सुरेश मंगतानी, प्रकाश रंगवानी, सुरेश सहजवानी, नरेश चंदनानी, अनिल आसवानी व अटल मेघानी रहेंगे।




प्रदर्शनी में लगा श्वेता का एक चित्र।

भारत भवन में 'रुपाभ' श्रृंखला के तहत श्वेता संजय उरणे की एकल चित्र प्रदर्शनी शुरू

# माल्टा में श्वेता ने जीवन, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को गहराई से किया गया अभिव्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केन्द्र भारत भवन की कला परंपरा के अंतर्गत मंगलवार से रंगदर्शनी दीर्घा में युवा एवं संवेदनशील चित्रकार श्वेता संजय उरणे की एकल चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। 'रुपाभ' श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का संयोजन रुपंकर कला प्रभाग द्वारा किया गया है।


श्वेता की प्रदर्शनी का अवलोकन करती युवतियां।

## 'माल्टा' सीरीज में स्थापत्य और संवेदना का संगम

प्रदर्शनी में श्वेता उरणे की विशेष पेंटिंग सीरीज 'माल्टा' प्रस्तुत की गई है, जो यूरोप की ऐतिहासिक भूमि 'माल्टा' से प्रेरित है। इसमें 15 से अधिक चित्र प्रदर्शित हैं। ये कृतियां न केवल मालता के स्थापत्य सौंदर्य को रेखांकित करती हैं, बल्कि वहां के जीवन, संस्कृति, मानवीय संवेदनाओं को भी गहराई से अभिव्यक्त करती हैं।

### यूरोपियन आर्किटेक्चर की स्पष्ट झलक

श्वेता की कृतियों में यूरोपियन आर्किटेक्चर दिखाई देती है। सटीक फॉर्म, सौम्य और संतुलित रंग-छायाएं उनकी चित्र-भाषा की पहचान हैं। 'माल्टा' सीरीज में ऐतिहासिक भवनों, चर्चों और स्थापत्य संरचनाओं को लैंडस्केप के साथ इस तरह संयोजित किया गया है।

## भारत भवन से निखरी कला-यात्रा


अपनी पेटिंग के बारे में जानकारी देतीं श्वेता।

### डे-टू-डे लाइफ को मिला कैनवास पर स्थान

*श्वेता ने केवल स्थापत्य तक खुद को सीमित नहीं रखा बल्कि मानव चेहरों के भाव, लोगों की जीवनशैली, सांस्कृतिक परिवेश और कलाकार के व्यक्तिगत अनुभव—ये सभी तत्व उनकी पेंटिंग्स में जीवंत रूप में सामने आते हैं। यह श्रृंखला एक यात्रा-वृत्तांत की तरह है, जहां हर चित्र एक अनुभव और एक स्मृति को सहेजता है।*

*श्वेता संजय उरणे की कला यात्रा वर्ष 2010 से प्रारंभ हुई। औपचारिक चित्रकला शिक्षा के पश्चात उन्होंने भारत भवन के रुपंकर प्रभाग के स्टूडियो में कार्य करते हुए कला की बारीकियों को गहराई से समझा। वर्ष 2018 से वे एक प्रोफेशनल कलाकार के रूप में सक्रिय हैं।*

### तीन महीने की कला साधना से उपजी सीरीज

*श्वेता ने बताया कि 'माल्टा' यूरोपियन देश है, वहां एक शो में भाग लेने के दौरान वे तीन महीने तक रहीं और उसी समय इस सीरीज को तैयार करने का निर्णय लिया।*

## भोपाल में आज मलाइका अरोड़ा देंगी बिजनेस एक्सीलेंसी अवॉर्ड



**भोपाल।** इंडियन ब्यूटी ऑर्गनाइजेशन की ओर से बुधवार दिनांक 17.12.2025 को बिजनेस एक्सीलेंसी अवॉर्ड 2025 समारोह का आयोजन किया जा रहा है। होटल ताज लेक फ्रंट में होने वाले इस अवार्ड समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की संयोजक ममता शर्मा ने बताया कि अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि एक्सिलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया और फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा बतौर सेलेब्रिटी गेस्ट उपस्थित होंगे। अवार्ड समारोह शाम 6 बजे शुरू होगा।

उर्दू अकादमी में आज सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत व्याख्यान और रचनापाठ

भोपाल। उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के में ज़िला अदब गोशा भोपाल द्वारा सिलसिला एवं तलाशे जौहर के अंतर्गत व्याख्यान एवं रचनापाठ आज दोपहर 2 बजे से हिन्दी भवन में किया जा रहा है। अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि अकादमी द्वारा सिलसिला कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी ज़िलों में काव्य, साहित्यिक एवं सांगीतिक गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। सैयद आबिद हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न होगा। पहला सत्र दोपहर 2 बजे "तलाशे जौहर" प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ज़िले के नवोदित रचनाकार तात्कालिक लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दूसरा सत्र शाम 4 बजे "सिलसिला" के अंतर्गत व्याख्यान एवं रचनापाठ का होगा।

प्रख्यात शायरों की प्रस्तुति रचनापाठ में विशिष्ट शायरों के रूप में शाहिद सागरी एवं अयाज़ क़मर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त आमंत्रित शायरों एवं साहित्यकारों में शमीम ज़हरा, नफ़ीसा सुल्ताना अना, सलीम सरमद, शिफ़ाली पाण्डेय, मुज्तबा शहरोज़, सुहैल उमर, मशग़ूल महरबानी, समीना क़मर, प्रशस्त विशाल, यूसुफ़ अली एवं अनवर शान शामिल हैं।

101वें तानसेन समारोह के दूसरे दिवस सजी प्रात:कालीन संगीत सभाएं

# गूंजा सुरों का आलाप, हवाईन गिटार और सारंगी के स्वरों ने रच दिया दिव्य वातावरण


सारंगी पर तान छेड़ते घनश्याम।


हवाईंग गिटार पर प्रस्तुति देते सुनील पावगी और उनके साथ तबले पर संगत देते सलीम अल्लाहवाले।

### हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की सधी हुई प्रस्तुति

अगली प्रस्तुति पंडित सुनील पावगी, ग्वालियर के हवाईन गिटार वादन की रही। अत्यंत दुर्लभ पाश्चात्य वाद्य पर हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की सधी हुई प्रस्तुति देने वाले पंडित पावगी ग्वालियर एवं आगरा घराने की समृद्ध परंपरा से जुड़े हैं। तानसेन समारोह के पावन मंच पर उन्होंने राग बिलासखानी तोड़ी को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से साधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर


ग्वालियर में आयोजित 101वाँ तानसेन समारोह के दूसरे दिवस मंगलवार को प्रातःकाल में संगीत की दिव्य स्वर–लहरियों से गुंजायमान हो उठा। प्रातःकाल सभाओं का आरम्भ पारम्परिक ध्रुपद गायन के साथ हुआ। भारतीय संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर के विद्यार्थी मंच पर नमूदार हुए। उन्होंने राग भटियार में विष्णु चरण जल, ब्रह्म कमण्डल नीर.... की प्रस्तुति दी। एक सुर में सधी हुई इस प्रस्तुति ने श्रोताओं को आत्मिक अनुभूति प्रदान की।

### ध्रुपद शैली में प्रस्तुत राष्ट्रप्रेम, रचित रचनाएं

*वहीं वादी संवादी के प्रथम सत्र में डॉ.मधु भट्ट तैलंग ने ध्रुपद शैली से परिवर्तित होती शैलियों का स्वरूप एवं उद्भव विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने गुरू, गणपति वंदना, सरस्वती मन्त्रोच्चारणों से शुरू किया। तत्पश्चात वैदिक संगीत, भरत, शारंगदेव , जयदेव, हवेली संगीत के संत संगीतज्ञ, तानसेन के गुरू स्वामी हरिदास,मीरा, कबीर आदि से लेकर आधुनिक रचनाकार बापू, अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रप्रेम, रचित रचनाओं को ध्रुपद शैली में प्रस्तुत किया।*

### बंगश बंधुयों ने दी अंतिम प्रस्तुति

*अन्तिम प्रस्तुति अमान और अयान अली बंगश बंधु ने दी जिसमें उन्होंने द्रुत एक ताल में राग श्री, आलाप , झपताल में दो बंदिशे प्रस्तुत की।*




मंच पर अभिनय करते कलाकार।

शहीद भवन में नाटक के दौरान दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

# ब्रजभूमि के संघर्ष और स्वाभिमान को मंच पर जीवंत करता 'वीर गोकुला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में मंगलवार की शाम को मंचित नाटक वीर गोकुला की पहली प्रस्तुति हुई, जहां सत्रहवीं शताब्दी के



अत्याचारों का सशक्त चित्रण और सत्रहवीं शताब्दी के उस दौर को नाटक वीर गोकुला में प्रभाव शाली ढंग से उकेरा गया है, जब औरंगजेब के शासनकाल में ब्रजभूमि के किसानों पर जजिया कर लगाया गया, मंदिरों को ध्वस्त किया गया, आम जनता और महिलाओं पर अत्याचार किए गए। सम्मान और अस्तित्व की रक्षा का संदेशवीर गोकुला नाटक का संदेश है कि जब सम्मान और अस्तित्व पर संकट आता है, तब किसान हल के साथ हथियार उठाने को भी विवश हो जाता है। यह कथा ब्रजभूमि के किसानों के संघर्ष, साहस और बलिदान को उजागर करती है। कलाकारों का अभिनय नाटक में वीर गोकुला की भूमिका में जोगिंदर बोकन ने गोकुला के स्वाभिमान, साहस और बलिदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।


मंच पर प्रभावी अभिनय।

*प्री-मैरिज काउंसलिंग कार्यशाला संपन्न*

# पैसे अलग-अलग तरीके से अलग अलग जगह जमा करने में फायदा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तूलिका सामाजिक कला एवं शैक्षणिक सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में घरेलू बजट एवं बचत – प्री मैरिज काउंसलिंग" विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन दुष्यंत संग्रहालय, शिवाजी नगर में संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं में इंदौर से समीक्षा सिंह, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की सहायक महाप्रबंधक रेखा तिवारी, आचार्य सुषमा पांडेय, रचना आलोक शर्मा, ज्योति दिग्विजय सिंह ने घरेलू बजट एवं बचत पर अपने विचार व्यक्त किए , रेखा तिवारी ने बताया कि पैसे अलग-अलग तरीके से अलग अलग जगह जमा करने में फायदा रहता है। वहीं, एक मध्यम वर्ग परिवार को किस तरह और किन मदों पर खर्च करना चाहिए जानकारी देते हुए ज्योति दिग्विजय सिंह ने सटीक उपाय बताए।

मानसरोवर ग्लोबल विवि के नवप्रवेशित भावी वैद्यों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

# मानसरोवर समूह के आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में धनवंतरी पूजन के साथ 'दीक्षारंभ 2025' संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में पंद्रह दिवसीय दीक्षारंभ 'ट्रांजिशनल कर्रिकुलम प्रोग्राम' बैच 2025-26 का समापन मंगलवार को धन्वंतरि पूजन एवं हवन सहित 'संवादम' कार्यक्रम के साथ किया गया। मानसरोवर के हिनोतिया आलम प्रांगण में आयोजित समापन समारोह में मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज, हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन और फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के नवप्रवेशित भावी वैद्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

समारोह में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जाने-माने मोटिवेशनल गुरु और लाइफ कोच डॉ. राजीव अग्रवाल ने कहा कि सीखने की कवायद जीवन भर बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति तीन फैक्ट्री लगा ले तो



धन्वंतरि पूजन करता कालेज स्टाफ।

जीवन 'सेटिसफैक्ट्री' हो जाएगा - दिमाग में 'आइस फैक्ट्री' है तो आप कूल हैं, जुबान पर 'शुगर फैक्ट्री' है तो आप सरल बने रहेंगे और दिल में 'स्टील फैक्ट्री' है तो बात बात पर दिल टूटेगा नहीं। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए एनसीआईएएसएम नई दिल्ली के मेंबर डॉ. कमलेश कुमार द्विवेदी ने आयुर्वेद के क्षेत्र में रिसर्च, पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप और इंटर्नशिप की विभिन्न सरकारी योजनाओं और अवसरों पर प्रकाश डाला। इससे पहले सत्र का शुभारंभ प्रमुख वक्ता लाइफ कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. राजीव अग्रवाल, मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय, मुख्य अतिथि एनसीआईएएसएम के मेंबर प्रो. के.के. द्विवेदी, मुख्य अतिथि एआईआईए नई दिल्ली के प्रोफेसर महेश व्यास, सहित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. ए.एस. यादव द्वारा दीप प्रज्वलित किया। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अनुराग सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तुत किया गया।

11 जनवरी को होगा कायस्थम- 26 का भव्य आयोजन

# तितिक्षा, सोनिया, शोभिता को कायस्थ गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 11 जनवरी को कायस्थम-26 के समारोह में कायस्थ समाज की उभरती हुई टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव को फिल्म एवं कला जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कायस्थम - का यह आयोजन स्थानीय रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में शाम 4:00 बजे से होगा । कायस्थम की महासचिव डॉ. रश्मि सक्सेना के अनुसार यह तीनों कलाकार विगत कई वर्ष से टीवी सीरियल, फिल्मों और वेब सीरीज में कार्य कर रही हैं। इनमें से तितिक्षा प्रसिद्ध उद्घोषक डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव, शोभिता डॉ. अशोक श्रीवास्तव और सोनिया आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव की पुत्री हैं । तितिक्षा ने ज़ी टीवी के धारावाहिक जागृति- एक नई सुबह में गीता का किरदार निभाया है । वे कंगना रनौत के साथ धाकड़ फिल्म में आईटीएफ एजेंट ,धर्मा प्रोडक्शन की सेल्फी में पत्रकार श्वेता वर्मा, मार्क मूवीज डरांचू में कोयल, यशराज की फिल्म 69 में नेहा सोनी का किरदार निभा चुकी हैं। नेटफ्लिक्स पर उनकी आने वाली वेब सीरीज लेटर्स टू मिस्टर खन्ना, स्टेपसंस के अलावा स नित्या मेहता की न्याय तथा कर्मा प्रोडक्शन की श्रीवास्तव संग श्रीवास्तव में भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ओटीटी के अन्य प्लेटफॉर्म पर भोपाल टू वेगास, तेरा छलावा ,मौका ए वारदात तथा सावधान इंडिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका में वे होंगी। तितिक्षा को कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट और बेहतर योगदान के लिए मध्य प्रदेश गौरव रत्न सम्मान 2021 प्राप्त हो चुका है।

खजुराहो फ़िल्म महोत्सव में पहुंचे सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार

# 50 वर्ष के फिल्मी सफर के दौरान साढ़े 500 से ज्यादा फिल्में बनाई हैं:अनुपम खेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

11 वे खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में पहुंचे सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार अनुपम खेर ने आज आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से कहा कि उन्होंने 50 वर्षों के अपने फ़िल्मी सफ़र में साढ़े 500 से ज्यादा फिल्में बनाई तब कहीं जाकर उन्होंने अपने सफरनामा पर आधारित और अपने ऊपर 'तन्वी द ग्रेट' फिल्म का निर्माण किया है जो उनकी भांजी से प्रेरित है । उन्होंने कान फिल्म महोत्सव सहित कई अन्य महोत्सव की तुलना में खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव को लेकर कहा कि इस महोत्सव के प्रमुख प्रसिद्ध सिने अभिनेता राजा बुंदेला की मेहनत का नतीजा है जो लगातार कई विपरीत परिस्थितियों के बाद भी यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।



### खजुराहो में ट्रेनिंग सेंटर के साथ फिल्म सिटी की आवश्यकता

वहीं खेर ने खजुराहो जैसे महत्वपूर्ण स्थल में नवोदित कलाकारों के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर, फिल्म सिटी तथा अभिनय क्षमता को बढ़ाने के लिए इंस्टिट्यूट की आवश्यकता है जिस पर सरकार को विचार करना चाहिए, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि हम भी कलाकारों की ट्रेनिंग में मदद कर सकते हैं, खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव की टीम खजुराहो एवं यहां के पत्रकारों की भी प्रशंसा की और कहां की खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव की उड़ान बहुत लंबी है और आगे चलकर यह खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव देश के प्रमुख महोत्सव में से एक होगा।

कला प्रदर्शनी में शहर के ख्याति प्राप्त कलाकारों की सहभागिता

# *बिड़ला संग्रहालय में कलाकारों की स्मृति में प्रदर्शनी का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

जी.पी. बिड़ला संग्रहालय में भारतीय एवं विश्व कला जगत के तीन महान कलाकारों नंदलाल घोष, पाब्लो पिकासो एवं राजा रवि वर्मा की स्मृति में पेंटिंग्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भारतीय कला परंपरा और आधुनिक कला के विविध स्वरूपों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने राजा रवि वर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय देवी-देवताओं का यथार्थ वादी चित्रण कर भारतीय कला को नई पहचान दी। वहीं, नंदलाल घोष ने स्वदेशी कला एवं राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया और भारतीय संविधान की मूल प्रति को अपनी कला से सजाया।

### कलाकारों की सहभागिता


अपनी पेटिंग के साथ हीना खन।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते दर्शक।

प्रदर्शनी में शहर के ख्याति प्राप्त कलाकारों अनु प्रकाश, डॉ. अरुणा गुप्ता, सौम्या अग्रवाल, जया गुप्ता, डॉ. बी. आर. चौधरी, अनीता सिंह, हिना खान, निखत खान, रिचा सिंह, शुभ्रा श्रीवास्तव और युवा कलाकार आशीष गुजराती ने भाग लिया। कलाकारों ने मधुबनी आर्ट, एक्रेलिक, तेलचित्र, वॉटर कलर एवं गोंड आर्ट में निर्मित अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।


अपनी पेटिंग के साथ शुभ्रा श्रीवास्तव

## राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

# चुनाव आयोग पर लंबे समय तक रहा एक परिवार का नियंत्रण, एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक अधिकार




### सदन में चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती मोदी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष देश को ईवीएम और चुनाव आयोग को लेकर गुमराह कर रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया नई नहीं है, यह लोकसभा में 1952 से चल रही है। यह 1952, 1957 और 1961 में कराया गया था, जब जवाहरलाल नेहरू पीएम थे। 1965 में, जब लालबहादुर शास्त्री पीएम थे। 1983 में जब इंदिरा गांधी पीएम थीं। 1987 और 1989 में जब राजीव गांधी पीएम थे। उन्होंने कहा कि 2002 में और 2004 में भी कराया गया। अटल जी को छोड़कर, जब भी एसआईआर किया गया, पीएम कांग्रेस से थे। नड्डा ने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों में ऐसा माहौल बनाया गया जैसे चुनाव में धांधली हो रही हो। उन्होंने 'वोट चोरी और ईवीएम' में गड़बड़ी जैसे आरोप को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा और कांग्रेस पर देश को चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चुनाव आयोग का काम एक परिवार द्वारा नियंत्रित पार्टी के जिम्मे रहा, लेकिन उस पर कभी सवाल नहीं उठाए गए।

**सरकार का लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में विश्वास**


राज्यसभा में जवाब देते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

### एसआईआर प्रक्रिया संवैधानिक और जरूरी

जेपी नड्डा ने कहा कि संविधान ने चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया है कि वह समय-समय पर मतदाता सूची की जांच और सत्यापन कर सके। एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि कोई भी योग्य नागरिक वोट देने के अधिकार से वंचित न हो और साथ ही कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न रहे। इसी संतुलन को बनाए रखने के लिए एसआईआर जरूरी है।

### 2010 के बाद किसी का नाम नहीं हटा

जेपी नड्डा ने आगे कहा कि साल 2010 के बाद से मतदाता सूची से किसी का नाम नहीं हटाया गया है, इसलिए अब इसका पुनरीक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करेगा। जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में पूरा विश्वास रखती है और हर विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार रहती है।

## 'जी राम जी विधेयक' पर रार

### नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती: प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर दूसरा विधेयक लाए जाने को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि योजनाओं के नाम बदलने की सनक समझ नहीं आती। प्रियंका ने कहा कि मनरेगा के स्थान पर लाया गया 'विकसित भारत जी राम जी' विधेयक गलत लगता है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

### पीएम को महात्मा गांधी के विचारों से नफरत: राहुल



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मनरेगा के स्थान पर लगाए गए 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' को महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान करार दिया और आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपिता के विचारों तथा गरीबों के अधिकारों से नफरत है। कांग्रेस इस 'जन विरोधी' विधेयक का सड़क से लेकर संसद तक पुरजोर विरोध करेगी।

### गांधी के नाम को बदनाम न करो: शशि थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने देव आनंद की मशहूर फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' के एक गीत का उल्लेख करते हुए सत्तापक्ष पर कटाक्ष किया कि 'देखो ओ दीवानो तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम न करो। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का राम राज्य का दृष्टिकोण कभी भी पूरी तरह से राजनीतिक प्रोजेक्ट नहीं था। यह एक सामाजिक-आर्थिक ब्लूप्रिंट था जो गांवों को मज़बूत बनाने पर आधारित था और ग्राम स्वराज में उनका अटूट विश्वास उस दृष्टिकोण का मुख्य हिस्सा था।

## 'सबका बीमा, सबकी सुरक्षा' विधेयक, बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025', बीमा अधिनियम, 1938, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 और बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 में संशोधन करने के लिए लाया जा रहा है। संशोधन से बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि विधेयक पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए पॉलिसीधारक शिक्षा और संरक्षण कोष की स्थापना का प्रावधान करता है। इससे बीमा कंपनियों, मध्यस्थों और अन्य हितधारकों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी, विनियमन बनाने में पारदर्शिता आएगी और क्षेत्र पर नियामक निगरानी बढ़ेगी।

## आंगनवाड़ी कार्यकताओं का मानदेय दोगुना करें: सोनिया



राज्यसभा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के ऊपर काम का जबरदस्त दबाव और उन्हें कम मानदेय दिए जाने का दावा करते हुए सरकार से अनुरोध किया कि देश भर में आईसीडीएस की तीन लाख रिक्तियों को भरा जाए और इनके मानदेय में केंद्र द्वारा दिए जाने वाले अंशदान को दोगुना किया जाए। उन्होंने कहा कि ढाई हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में अतिरिक्त आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाए तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में मदद के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या दोगुनी की जाए।

---

## खबर संक्षेप

### पंजाब के तीन शहरों में शराब- मांस पर रोक



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य के तीन प्रमुख धार्मिक शहरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक शेखर ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जिला अमृतसर का चारदीवारी क्षेत्र (वॉल्ड सिटी), जिला रूपनगर का श्री आनंदपुर साहिब नगर और जिला बठिंडा का तलवंडी साबो (श्री दमदमा साहिब) अब पंजाब राज्य के पवित्र शहर होंगे। फैसले के बाद इन इलाकों में शराब, तंबाकू और मांस जैसे उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाएगा।

### मंत्री माणिकराव कोकाटे पर गिरफ्तारी का खतरा



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के खेल मंत्री माणिकराव कोकाटे पर जिला सत्र न्यायालय के फैसले के बाद गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। उनका मंत्री पद भी खतरे में है। सरकारी कोटे के 10 प्रतिशत फ्लैट्स के गबन के मामले में दो साल की जेल और 10,000 रुपये का जुर्माने की सजा को जिला सत्र न्यायालय ने बरकरार रखा है। इसी साल अगस्त में विधानसभा में रमी खेलते हुए वीडियो वायरल होने के बाद माणिकराव कोकाटे का विभाग बदला गया था। पहले माणिकराव कोकाटे के पास कृषि विभाग था, जिसे बदलकर खेल मंत्रालय दिया गया था।

## निर्वाचन आयोग ने बंगाल में मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की

# एसआईआर में 58 लाख से अधिक नाम हटाए अब 7.08 करोड़ लोगों को ही वोट का अधिकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जिसमें अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने सहित विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 4 नवंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित एसआईआर अभ्यास के बाद मसौदा मतदाता सूची से 58,20,898 नाम हटा दिए गए हैं, जिससे राज्य के मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ हो गई है। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रभावित मतदाताओं के लिए सुनवाई प्रक्रिया लगभग एक सप्ताह में शुरू हो जाएगी। इसका कारण सुनवाई नोटिसों की छपाई, संबंधित मतदाताओं को नोटिस भेजने और चुनाव आयोग के डेटाबेस पर उनका 'डिजिटल बैकअप' बनाना है।

निर्वाचन आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि मसौदा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का मतलब प्रभावित मतदाताओं के लिए चुनाव प्रक्रिया का अंत नहीं है। प्रभावित व्यक्ति मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद 16 दिसंबर, 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावों और आपत्तियों को प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि के दौरान घोषणा पत्र और सहायक दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-6 में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आयोग को लगभग 85 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 2002 की सूची के साथ नामों में असंगतियां पाई गई हैं। इन्हें भी सुनवाई के लिए तलब किया जा सकता है।

### प्रभावितों के लिए सुनवाई एक सप्ताह बाद शुरू होगी

### 85 लाख वोटर्स के गणना पत्र के नामों में विसंगति

### सीएम के निर्वाचन क्षेत्र से 44,787 नाम हटाए


नई दिल्ली स्थित केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

सीएम ममता बनर्जी का भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। भवानीपुर में जनवरी 2025 में सूचीबद्ध 2,06,295 मतदाताओं में से 44,787 नाम हटाए गए, जो विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नंदीग्राम क्षेत्र में हुए हटाए गए नामों (2,78,212 मतदाताओं में से 10,599 नाम) की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है।

**सर्वाधिक नाम चौरंगी विधानसभा से हटे**

*राज्य के 294 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक नाम हटाए जाने का मामला उत्तर कोलकाता के चौरंगी में सामने आया, जिसका प्रतिनिधित्व तृणमूल कांग्रेस की विधायक नयना बंद्योपाध्याय करती हैं। यहां 74,553 नाम मतदाता सूची से काटे गए। वरिष्ठ मंत्री और कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम के निर्वाचन क्षेत्र कोलकाता पोर्ट से 63,730 नाम हटाए गए। वहीं, मंत्री आरूप बिस्वास के टॉलीगंज क्षेत्र में 35,309 नाम हटाए गए।*

### बंगाल के खेलमंत्री विश्वास की इस्तीफे की पेशकश

पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के कुप्रबंधन को लेकर हाल ही में हुए विवाद के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की है।



तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने एक फेसबुक पोस्ट में बिस्वास द्वारा सीएम ममता बेनर्जी को लिखे गए इस्तीफे की प्रति साझा की, जिसमें उन्होंने राज्य के खेल मंत्री के रूप में अपने दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया है।

#### जांच के लिए एसआईटी गठित

स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ की जांच के लिए मुख्य सचिव मनोज पंत ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों वाली चार सदस्यीय एसआईटी गठित की है। मुख्य सचिव ने बताया कि कर्तव्य में लापरवाही के लिए डीसीपी बिधाननगर अनीश सरकार को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। खेल सचिव राजेश कुमार सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और स्टेडियम के सीईओ नंदन की सेवाएं वापस ले ली गई हैं।

### यह तो बस शुरुआत है शुभेंदु अधिकारी ने कहा

मतदाता सूची जारी होने के तुरंत बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर 'संयुक्त साजिश' का आरोप लगाते हुए दावा किया कि 'लगभग दो करोड़ मतदाताओं की सुनवाई' की संभावना नागरिकों को डराने और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाने का एक प्रयास है। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया।



राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन आरोपों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि यह तो बस शुरुआत है। नाश्ता तो अभी शुरू हुआ है। दोपहर का भोजन, चाय और फिर रात का खाना भी होगा।

### 'एक करोड़ रोहिंग्या' का दावा गलत: तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कृषानु मित्रा ने कहा कि राज्य की मसौदा मतदाता सूची ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के इस दावे को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है कि राज्य में 'एक करोड़ रोहिंग्या और बांग्लादेशी' रहते हैं, क्योंकि फर्जी मतदाताओं के तौर पर चिह्नित लोगों की संख्या 1,83,328 बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारे अनुसार लगभग 80 प्रतिशत मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में नाम हटाने की औसत दर 0.6 प्रतिशत है, जबकि मतुआ बहुल क्षेत्रों में यह दर लगभग 9 प्रतिशत है।

## जस्टिस वर्मा ने दी जांच को चुनौती

# कैश कांड मामले में सुप्रीम कोर्ट याचिका पर सुनवाई के लिए राजी


जस्टिस वर्मा


सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करने की सहमति दे दी, जिसमें उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित जांच समिति की वैधता को चुनौती दी है। यह समिति जज पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने लोकसभा स्पीकर के कार्यालय तथा लोकसभा और राज्यसभा के महासचिवों को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है। जांच समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं। यह जांच समिति लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा 12 अगस्त 2025 को जजेस (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 की धारा 3(2) के तहत गठित की गई थी।

### दोनों सदनों की मंजूरी जरूरी

जस्टिस वर्मा की याचिका में लोकसभा स्पीकर के 12 अगस्त 2025 के उस निर्णय को असंवैधानिक करार देने की मांग की गई है, जिसमें केवल लोकसभा स्पीकर ने एकतरफा समिति गठित की। याचिका में कहा गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 का उल्लंघन है तथा जजेस (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 की निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत है। याचिका के अनुसार, जब दोनों सदनों में जज के हटाने का प्रस्ताव पेश किया जाता है या स्वीकार किया जाता है, तो जांच समिति का गठन लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा चेयरमैन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि केवल लोकसभा स्पीकर द्वारा एकतरफा। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि प्रस्ताव दोनों सदनों में पेश होने की स्थिति में समिति का गठन संयुक्त रूप से अनिवार्य है।

### यह है पूरा मामला

यह समिति 14 मार्च 2025 को जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने की घटना के बाद मिले जले हुए नकदी के बंडलों से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है। आग बुझाने पहुंची दिल्ली फायर सर्विस और पुलिस कर्मियों ने जलें हुए नोटों के ढेर पाए थे, जिसके बाद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। इस घटना के बाद जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट इलाहाबाद ट्रांसफर कर दिया गया और उनकी न्यायिक जिम्मेदारियां छीन ली गईं। पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा गठित एक इन-हाउस जांच समिति ने भी आरोपों में दम पाया।

## आडवाणी और जोशी से मिले नितिन नबीन

# भाजपा के पूर्व अध्यक्षों से मिलकर लिया मार्गदर्शन और आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद नितिन नबीन ने नई दिल्ली में मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पार्टी के पूर्व अध्यक्षों समेत सभी वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने पूर्व डिप्टी पीएम लाल कृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रख्यात विचारक मुरली मनोहर जोशी से भेंट कर उनका स्नेह और आशीर्वाद लिया।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि भाजपा को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हम सभी के अभिभावक 'भारत रत्न' लालकृष्ण आडवाणी जी से आत्मीय भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आपके दृढ़ संकल्प और अटूट तपस्या ने ही भाजपा को आज इस मुकाम तक पहुँचाया है। आपका मार्गदर्शन दायित्वों के निर्वहन में सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा है।

नबीन ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी भेंट की। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती, राष्ट्र निर्माण, सुशासन, विकासात्मक कार्यों एवं जनसेवा से जुड़े विषयों पर सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संवाद उनका सभी नेताओं से हुआ।

नबीन ने वरिष्ठ नेताओं के स्नेह एवं मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए संगठन और समाज के हित में समर्पित भाव से निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## दिल्ली प्रदूषण को मंत्री सिरसा ने बताया बड़ी चुनौती

# मांगी माफी, बोले- 9 से 10 महीने नहीं किसी के लिए भी 'असंभव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री, मंजीत सिंह सिरसा ने स्वीकार किया है कि नौ-दस महीनों में प्रदूषण को पूरी तरह खत्म करना किसी भी सरकार के लिए असंभव कार्य है। उन्होंने इसे बड़ी चुनौती बताते हुए दिल्लीवासियों से इस संबंध में माफी मांगी है, लेकिन साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कार्यकाल की तुलना में दैनिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को कम करने के लिए अथक प्रयास करने का आश्वासन भी दिया है। उनका यह बयान स्वीकारोक्ति के साथ-साथ जमीनी हकीकत को भी दर्शाता है।

### बीएस-6 मानक से नीचे के वाहन प्रतिबंधित


मंजीत सिंह सिरसा

सिरसा ने कहा कि 18 दिसंबर से राजधानी में बिना पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। गुरुवार से यह नियम पूरी तरह लागू हो जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई ट्रक कंस्ट्रक्शन मटेरियल लाता हुआ पाया गया तो संबंधित वाहन को सीज किया जाएगा और उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों पर अगले आदेश तक प्रतिबंध जारी रहेगा।

### दिल्ली एयरपोर्ट में 126 उड़ानें रद्द

दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खराब दृश्यता के कारण अब तक 49 प्रस्थान और 77 आगमन उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। दिल्ली हवाई अड्डे प्रबंधन ने कहा कि वे अपनी यात्राओं के लिए निरंतर ग्राउंड वर्कर्स के संपर्क में रहें।

## सीजेआई सूर्यकांत ने मांगा जवाब

# 3 हफ्तों में बताओ, लव जिहाद कानून की जरूरत क्या है?, 28 जनवरी को सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, एमपी, गुजरात समेत कई राज्यों में 'लव जिहाद' और अनैतिक धर्मांतरण को रोकने वाले कानून बन चुके हैं। इन कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। इसी बीच अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने इन कानूनों के समर्थन में याचिका दाखिल की है। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई फिलहाल टल गई है। सुप्रीम कोर्ट अब 28 जनवरी को सुनवाई करेगा।

### राज्यों को जवाब दाखिल करने के निर्देश


चीफ जस्टिस सूर्यकांत

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वे जनवरी के तीसरे हफ्ते में इस मामले की फाइनल हियरिंग के लिए लिस्ट करेंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वे तीन हफ्तों के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। जावेद मलिक की याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इसे बाकी याचिकाओं के साथ ही सुना जाएगा। जावेद मलिक ने अपनी याचिका में स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह इन राज्यों द्वारा बनाए गए कानूनों का समर्थन करते हैं और चाहते हैं कि उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जाए, जो इन कानूनों को चुनौती दे रही हैं।

**कानून का गलत इस्तेमाल होने की संभावना**

इन याचिकाओं को जमीयत उलेमा-ए-हिंद और सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस जैसे संगठन भी दाखिल कर चुके हैं। उनका कहना है कि ये कानून अंतर-धार्मिक जोड़ों को परेशान करने और व्यक्तिगत फैसलों में हस्तक्षेप करने का जरिया बन गए हैं। उनका आरोप है कि इन कानूनों की आड़ में कोई भी व्यक्ति बिना वजह धर्मांतरण के आरोप में फंस सकता है। इस तरह के मामलों में अक्सर लोगों की निजी जिंदगी में दखल दिया जाता है और सामाजिक तनाव भी बढ़ता है।

गोवा नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड मामला

# 25 मौतों के 'गुनहगार' लूथरा ब्रदर्स दिल्ली लाए गए पुलिस ने अरेस्ट कर पटियाला हाउस कोर्ट पेश किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे।

■ थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था

दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया। आज सुबह उन्हें बैंकॉक से भारत डिपोर्ट किया गया था। उत्तरी गोवा के आरपोरा गांव में स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के सह-मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई 6 दिसंबर, 2025 की रात को लगी भीषण आग से संबंधित है। नाइट क्लब में लकड़ी की छत पर आग लग गई थी। धीरे-धीरे ये आग पूरे नाइट क्लब में फैल गई थी। इस भयंकर आग में पर्यटकों और कर्मचारियों सहित 25 लोगों की जान चली गई थी। सूत्रों के अनुसार, 9 दिसंबर को थाई अधिकारियों को पता चला कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां जिन भाइयों को ढूंढ रही है, वे फुकेट में छिपे हैं।

भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटलों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 11 दिसंबर को जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने के लिए निकले तो थाई इमिग्रेशन और पुलिस अधिकारियों ने उनकी पहचान और यात्रा की डिटेल्स वेरिफाई कीं और पकड़ लिया। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।


नाइट क्लब में लगी थी भीषण आग


दिल्ली एयरपोर्ट से लूथरा ब्रदर्स को किया गिरफ्तार

## कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

गोवा नाइटक्लब अग्निकांड मामले में लूथरा ब्रदर्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, सुनवाई के बाद पटियाला हाउस कोर्ट की ड्यूटी मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला ने गोवा पुलिस की ट्रांजिट रिमांड याचिका को स्वीकार करते हुए गौरव और सौरभ लूथरा को गोवा ले जाने और वहां की संबंधित अदालत में पेश करने की अनुमति दे दी। अदालत ने गोवा पुलिस को ट्रांजिट के लिए 48 घंटे का समय दिया। हालांकि, गोवा पुलिस ने 3 दिन की रिमांड मांगी थी।

## 42 कंपनियों के डायरेक्टर या पार्टनर!

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौरभ और गौरव, बर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं, जिनमें कई सिर्फ कागज पर मौजूद हैं। ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते (2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नार्थ वेस्ट दिल्ली) पर रजिस्टर्ड हैं। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड से पता चलता है कि लूथरा भाई फर्जी कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप में डायरेक्टर या पार्टनर के तौर पर लिस्टेड हैं। ऐसी कंपनियों का इस्तेमाल आमतौर पर बेनामी लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता है। हालांकि, अभी इसकी जांच होना बाकी है।*

## इंटरपोल ने जारी किया था ब्लू कॉर्नर नोटिस

गोवा पुलिस ने विदेश मंत्रालय और सीबीआई के जरिए इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन से उनकी गिरफ्तारी की अपील की थी। इसके बाद इंटरपोल ने उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था। लूथरा ब्रदर्स, उनके बिजनेस पार्टनर, मैनेजर और कुछ कर्मचारी दिल्ली के रहने वाले हैं। इसलिए गोवा पुलिस के साथ अब दिल्ली पुलिस भी अग्निकांड मामले की जांच कर रही है। दिल्ली में भी एक केस दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रियंका गांधी से मिले प्रशांत किशोर, दो घंटे हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त झेलने के बाद जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की है और दोनों के बीच लगभग 2 घंटे तक बैठक चली। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को लेकर सियासी गलियारो में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। दोनों नेताओं की मुलाकात इसलिए अहम है क्योंकि प्रशांत किशोर के कांग्रेस से पुराने रिश्ते रहे हैं। वहीं, इस मुलाकात को लेकर संसद में जब पत्रकारों ने प्रियंका गांधी से सवाल पूछा तो उन्होंने कहा ये कोई न्यूज है?

### पाक में बंदूक दिखाकर 18 यात्रियों का अपहरण



**इस्लामाबाद।** अज्ञात बंदूकधारियों ने बस में यात्रा कर रहे कम से कम 18 लोगों का अपहरण कर लिया है। जिन लोगों का अपहरण किया गया है वो बस से क्वेटा जा रहे थे। अपहरण की इस घटना के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक घटना सिंध प्रांत के घोटाकी इलाके के पास घटी है। अज्ञात बंदूकधारियों ने योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया। बंदूकधारियों ने सिंध और पंजाब बॉर्डर के पास हाईवे लिंक रोड पर रात के समय बस पर फायरिंग की और फिर 18 लोगों का अपहरण कर लिया।

भारत और जॉर्डन दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मिली नई दिशा

# 5 महत्वपूर्ण समझौते, आर्थिक रिश्तों को मिली नई दिशा... डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक और कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने जैसे मुद्दे चर्चा में शामिल थे।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा ने भारत और जॉर्डन के रिश्तों को और मजबूत किया है। इस यात्रा के दौरान 5 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये समझौते नवीकरणीय ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिजिटल समाधान और पेट्रा व एलोरा के बीच जुड़ाव से संबंधित हैं। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक और कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने जैसे मुद्दे शामिल थे।

पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जॉर्डन के डिजिटल भुगतान प्रणाली को भारत के यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जोड़ने की भी बात की। जॉर्डन, भारत के लिए उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और दोनों देशों की कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। ऐसे में भारत में फॉस्फेटिक उर्वरकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जॉर्डन में और निवेश हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की पहली पूर्ण यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और उसे अनाज, फ्रोजन मीट, पेट्रोलियम उत्पाद, पशु चारा आदि निर्यात करता है। वहीं जॉर्डन भारत के लिए फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भी है।

## ◆ अगले 5 वर्षों में 5 अरब डॉलर तक द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रखा प्रस्ताव

भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार


हस्ताक्षर के बाद हाथ मिलाते पीएम मोदी एवं जॉर्डन राजा अब्दुल्ला

### दोनों देशों के बीच तकनीकी क्षेत्र में भी मजबूत संबंध

*इसके अलावा, भारत और जॉर्डन के बीच तकनीकी क्षेत्र में भी मजबूत संबंध बन रहे हैं। जॉर्डन में भारत-जॉर्डन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है, जो अल-हुसैन टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचटीयू) में स्थित है। यह केंद्र पूरी तरह से भारत द्वारा फंडेड है और इसमें अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, जिसमें सुपर कंप्यूटर परम शावक और अन्य उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएं शामिल हैं।*

### इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

- **नए और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में टेक्निकल**
- **जल संसाधन प्रबंधन और विकास सेक्टर**
- **पेट्रा और एलोरा के बीच ट्विनिंग एग्रीमेंट**
- **साल 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक**
- **आदान-प्रदान कार्यक्रम का रिन्यूअल**
- **डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए बड़े पैमाने पर लागू किए गए सफल डिजिटल समाधानों को शेयर करने के सेक्टर में सहयोग पर लेटर ऑफ़ इंटेंट**

### द्विपक्षीय संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने के लिए सहमत भारत- इथोपिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इथोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के बीच मंगलवार को अदीस अबाबा में हुई द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में भारतीय पीएम ने दोनों देशों के संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर तक लेकर जाने की घोषणा की है। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश अफ्रीकी डिप्लोमैसी का मुख्य केंद्र है। एक समावेशी विश्व के साझा विजन से प्रेरित होकर भारत ने 2023 में यह सुनिश्चित किया कि अब अफ्रीकी संघ जी-20 का सदस्य बनेगा। इन्हीं सभी पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए हम भारत- इथोपिया संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर पर लेकर जा रहे हैं। यह कदम हमारे संबंधों को नई ऊर्जा, गति और गहराई प्रदान करेगा। पीएम ने कहा, भविष्य की अपार सम्भावनाओं के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार होगा।

बोले विदेश मंत्री, हनुक्का उत्सव में हुए आतंकी हमले पर जतायी संवेदनाएं

# यरूशलम में इजराइल के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की मुलाकात


जयशंकर एवं इजराइल के विदेश मंत्री गिडिओन सआर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इजरायल के विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यरूशलम में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें डॉ.जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में हनुक्का उत्सव के दौरान हालिया हुए आतंकी हमले को लेकर गहरी संवेदना प्रकट की है। साथ ही आतंकवाद की इस साझा चुनौती से मुकाबला करने के अपने देश के दृढ़ संकल्प को मजबूती के साथ दोहराया। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि बैठक में हमने दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और विभिन्न क्षेत्रों में इसके आगे विकास पर सार्थक चर्चा की है। हमारी वार्ता में क्षेत्रीय घटनाक्रम, गाजा शांति योजना और स्थायी व टिकाऊ शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर भी विचार- विमर्श किया गया है। यहां बता दें कि जयशंकर ने बीते सोमवार को मामले पर ऑस्टेलिया की विदेश मंत्री से भी फोन पर बातचीत कर भारत की ओर से संवेदनाएं प्रकट की थी। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देने की बात कही थी।

**आतंकवाद की साझा चुनौती से निपटने के भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया**

### जीरो टॉलरेंस पर जताया भरोसा

विदेश मंत्री ने इजरायल के विदेश मंत्री के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा, दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हैं। साथ ही दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी बीते एक दशक में काफी मजबूत हुई है। यहां बता दें कि भारत के विदेश मंत्री की यह इजरायल यात्रा एक ऐसे दौर में हो रही है, जब दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते से लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री की प्रस्तावित भारत यात्रा की तैयारियों में लगे हुए हैं।

विजय दिवस पर महामहिम की शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि...

# राष्ट्रपति भवन में बनाई गई 'पीवीसी' विजेताओं की पहली दीर्घा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन, रक्षा मंत्री, सीडीएस, तीनों सेनाप्रमुखों की राष्ट्रपति भवन में रही मौजूदगी

***हरिभूमि ने इस विषय पर एक खबर को मंगलवार को ही अपने दिल्ली समेत अन्य संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित कर अपने सुधी पाठकों तक पहुंचा दिया था।***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विजय दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से तैयार की गई देश के 21 परमवीर चक्र (पीवीसी) विजेताओं की पहली दीर्घा (गैलरी) का उद्घाटन किया है। जो उनके द्वारा इस महत्वपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों को दी गई एक अविस्मरणीय और अनुकरणीय भेंट है। इस खास मौके पर राष्ट्रपति भवन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल डीके त्रिपाठी मौजूद थे। राष्ट्रपति भवन ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 16 दिसंबर को जिस परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया है। उसमें युद्धकाल के सर्वोच्च सैन्य अलंकरण पीवीसी से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किए गए हैं। गैलरी का उद्देश्य आगंतुकों को हमारे उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। जिन्होंने राष्ट्र रक्षा में अदम्य संकल्प और साहस का प्रदर्शन किया है। यह दीर्घा उन वीर योद्धाओं की स्मृति को सम्मान देने की एक पहल भी है। जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उद्घाटन कार्यक्रम के साथ ही राष्ट्रपति ने कुछ पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया। वहीं, इस दौरान 1999 के कारगिल युद्ध के दो जीवित पीवीसी विजेता ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार भी मौजूद रहे।

बताते चलें कि हरिभूमि ने इस विषय पर एक खबर को मंगलवार को ही अपने दिल्ली समेत अन्य संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित कर अपने सुधी पाठकों तक पहुंचा दिया था।

राजदूत जीवी श्रीनिवास ने कहा

# भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर से अधिक हुआ, नई दिशा देगी पीएम मोदी की यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी ओमान यात्रा से पहले भारत में ओमान के राजदूत जीवी श्रीनिवास ने कहा है कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती देगा।

उन्होंने बताया कि भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और अब दोनों देश ग्रीन हाइड्रोजन, सतत विकास और भविष्य की तकनीकों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। श्रीनिवास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा बेहद समयानुकूल है। आठ वर्षों बाद हो रही इस यात्रा से पहले दिसंबर 2023 में ओमान के सुल्तान भारत आए थे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का शीर्ष नेतृत्व व्यापार, आर्थिक संबंधों और समग्र सहयोग को नई दिशा और गति देने का काम करेगा।

### ओमान के सुल्तान से होगी मुलाकात

राजदूत ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा भले ही 24 घंटे से कम की होगी, लेकिन कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। पीएम मोदी ओमान के सुल्तान से एक-से-एक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इसके अलावा, मोदी एक बिजनेस समिट में हिस्सा लेंगे और भारतीय समुदाय के साथ संवाद करेंगे। इस बार प्रधानमंत्री ओमान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों से भी मुलाकात करेंगे।

रक्षा संपदा दिवस पर आयोजित समारोह में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा संपदा के संगठन ने इनोवेशन और नियमित उन्नति की स्थायी संस्कृति के रूप में विकसित किया

# छावनी क्षेत्रों को और अधिक स्मार्ट, ग्रीन और सिटीजन-फ्रैंडली बनाना है मकसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य की चुनौतियां हमारे सामने मुंह खोले खड़ी हैं। हमें उन चुनौतियों से भी निपटना है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को कही। वह रक्षा संपदा दिवस पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। यहां उन्होंने इन चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे में एक बुनियादी प्रश्न हमारे सामने खड़ा होता है, कि क्या हम केवल प्रक्रियाओं को चलाने वाले संगठन बने रहेंगे, या एक ऐसे संस्थान बनेंगे जो सीखता भी है, बदलता भी है और रास्ता भी दिखाता है।

उन्होंने रक्षा संपदा के इस संगठन के अंदर इनोवेशन और नियमित उन्नति की एक स्थायी संस्कृति विकसित की। रक्षा मंत्री ने बताया कि आने वाले वर्षों में हमें छावनी क्षेत्रों को और भी अधिक स्मार्ट, ग्रीन और सिटीजन-फ्रेंडली बनाना है। हमें ऐसा प्रशासन विकसित करना है, जो और ज्यादा सरल हो, रिस्पॉन्सिव हो और भविष्य के प्रति सजग हो। रक्षा मंत्री ने कहा कि छावनियों को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना, जल संचयन पर काम करना, कचरा प्रबंधन में वैज्ञानिक अप्रोच अपनाना यह दिखाता है कि सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चल सकते हैं।

यह आने वाले समय के लिए एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है, कि एक संस्था के रूप में रक्षा संपदा संगठन ने ग्राउंड-ऑरियेंटिड संस्थान की भूमिका निभाई है। आपने खुद को केवल फाइल्स, आदेश और नियम पुस्तिका तक सीमित न रखकर, देश के विकास से जोड़ा है। यह अपने आप में, आप सबके लिए, गर्व का विषय है। आज मैं देश के लिए, इंडियन डिफेंस स्टेट सर्विस के योगदान की सराहना करना चाहूंगा।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया संबोधित

### असली ताकत हथियारों में नहीं बल्कि उसके सिस्टम में है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज अगर हमारा रक्षा क्षेत्र इतनी तेजी से प्रगति कर रहा है, तो उसमें आपके इस समर्पण का भी बड़ा योगदान है। किसी भी राष्ट्र की ताकत केवल हथियारों से नहीं मापी जाती। उसकी असली ताकत उसके सिस्टम, उसके प्रशासन और उसके मूल्यों में होती है। प्रशासन अगर ईमानदार, पारदर्शी और संवेदनशील हो, तो वह उस राष्ट्र की सबसे मजबूत ढाल बन जाता है।

### » 17 लाख एकड़ से अधिक रक्षा भूमि का प्रबंधन करते हैं

*लगभग दो सौ वर्षों से भी अधिक समय से, इस सर्विस ने जिस परंपरा और जिस विरासत का निर्माण किया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, वो कम है। आज हमारी डिफेंस स्टेट का दायरा कितना व्यापक और कितना महत्वपूर्ण है, इसे सिर्फ इस बात से समझा जा सकता है, कि आप लोग 17 लाख एकड़ से भी अधिक रक्षा भूमि का प्रबंधन करते हैं। यह कोई साधारण जिम्मेदारी नहीं है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि हमारी जो रक्षा भूमि है, वह महज जमीन का टुकड़ा भर नहीं है।*

ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमलावर हैदराबादी था!

# पुलिस बोली- 27 साल पहले देश छोड़ा आखिरी बार 2022 में भारत आया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था।

उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था। आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था।





## सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

लाइफ Style

# श्रद्धा



## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।

## हॉलीवुड मसाला



## ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



## इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



## पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



## सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



## विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

## भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



# आईपीएल ऑक्शनः ग्रीन पर 25.2 करोड़ की बोली, मगर 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते मिलेंगे सिर्फ '18 करोड़'

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

कैमरून ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा, लेकिन नए 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को सिर्फ 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे।

'मैक्सिमम फीस' नियम को पिछले साल फ्रेंचाइजी की चिंता को दूर करने के लिए लाया गया था, क्योंकि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए सिर्फ मिनी ऑक्शन के लिए ही खुद को रजिस्टर करवा रहे थे। इस नए नियम के मुताबिक, विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा सकता, जो 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी की तरफ से खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए सबसे ज्यादा ब्रैकेट था। अगर बोली 18 करोड़ रुपए से ज्यादा की होती है, तो अतिरिक्त रुपए का इस्तेमाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों की भलाई के लिए करेगा। हालांकि, यह नियम भारतीय खिलाड़ियों पर लागू नहीं होता।





## ग्रीन बने आईपीएल के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी

कैमरून ग्रीन आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था, जबकि श्रेयस अय्यर को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। कैमरून ग्रीन को आईपीएल 2023 के लिए मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिसके बाद उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 17.50 करोड़ में अपने साथ जोड़ा। अब कैमरून ग्रीन लगातार तीसरे सीजन नई टीम से खेलते नजर आएंगे। अबू धाबी के एतिहाद एरिना में आयोजित आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में कैमरून ग्रीन इतिहास रचते हुए लीग के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले आईपीएल 2024 के ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## हसरंगा को एलएसजी और मिलर को कैपिटल्स ने खरीदा





मिनी ऑक्शन में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा और दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज डेविड मिलर को क्रमशः एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। वानिंदु हसरंगा ने अपना नाम 2 करोड़ वाले खिलाड़ियों की श्रेणी में पंजीकृत कराया था। हसरंगा को उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा। हसरंगा पूर्व में आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। हसरंगा ने 37 आईपीएल मैचों में 46 विकेट लिए हैं। डेविड मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), राजस्थान रॉयल्स, और गुजरात टाइटंस एलएसजी के लिए खेल चुके हैं।

## वेंकटेश को 16.75 करोड़ का नुकसान, आरसीबी से जुड़े



ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर आईपीएल 2026 में आरसीबी के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। नीलामी में आरसीबी ने अय्यर को खरीदा। वेंकटेश अय्यर की बेस प्राइस 2 करोड़ थी। आरसीबी ने उन्हें 7 करोड़ में खरीदा। अय्यर के लिए नीलामी प्रक्रिया की शुरुआत एलएसजी ने 2 करोड़ से की थी। इसके बाद जीटी 2.20 करोड़ के साथ नीलामी में कूदी। दोनों के बीच चल रही रस्साकशी में आरसीबी ने 3 करोड़ के साथ एंट्री की। केकेआर और आरसीबी के बीच अय्यर के लिए कड़ी जंग देखने को मिली। केकेआर ने 6.80 करोड़ तक बोली लगाई। आरसीबी ने 7 करोड़ में बाजी जीत ली। हालांकि वेंकटेश अय्यर को 16.75 करोड़ का घाटा लगा है। पिछली नीलामी में केकेआर ने अय्यर को 23.75 करोड़ में खरीदा था। 30 साल के अय्यर 2021 से केकेआर से जुड़े हुए हैं। वह पहली बार आईपीएल में केकेआर के अलावा किसी दूसरी टीम की जर्सी में दिखेंगे। अय्यर ने 61 मैचों में 1 शतक और 12 अर्धशतक लगाते हुए 1,468 रन बनाए हैं और 3 विकेट लिए हैं।

## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी प्रशांत पर सीएसके ने की धनवर्षा

प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे 'अनकैप्ड खिलाड़ी' बन गए हैं। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इन दोनों युवा खिलाड़ियों को 14.2-14.2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। बाएं हाथ के खिलाड़ी प्रशांत वीर का बेस प्राइज 30 लाख रुपए था। उन्हें खरीदने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सबसे पहले दिलचस्पी दिखाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस बिड वॉर में कूद पड़ी। 1.30 करोड़ रुपए की बोली लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने भी प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में दिलचस्पी दिखाई। इस बीच राजस्थान रॉयल्स भी इस होड़ में शामिल हो गया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.80 करोड़ रुपए की बोली लगाकर सभी को चौंकाया, लेकिन सीएसके ने आखिरकार प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की। 20 वर्षीय प्रशांत वीर ने 2 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 2 विकेट हासिल किए हैं, जबकि 9 टी20 मुकाबलों में 16.66 की औसत के साथ 12 विकेट निकाले। इस खिलाड़ी ने 28 की औसत के साथ 112 रन भी बनाए हैं।



## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स 14.20 करोड़ में खरीदा

दूसरी ओर, रणजी ट्रॉफी में शतक लगाने वाले 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने दिलचस्पी दिखाई। आखिरकार, चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज वाले इस खिलाड़ी को 14.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की।कार्तिक 8 फर्स्ट क्लास मुकाबले, 9 लिस्ट-ए मुकाबले और 12 टी20 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 2 शतक, जबकि फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 3 शतक लगाए हैं।



## पंजाब से हारा मध्यप्रदेश वेंकटेश ने जड़ा अर्धशतक



**अम्बी।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने मध्यप्रदेश के लिए प्रभावशाली अर्धशतक लगाया लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में पंजाब को दो विकेट से जीतने से नहीं रोक पाए। वेंकटेश ने 43 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 70 रन बनाए, जिससे मध्यप्रदेश ने आठ विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। हालांकि पंजाब ने युवा हरनूर सिंह की 36 गेंद में 64 रन की पारी की बदौलत 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेंकटेश को गेंदबाजी में उनके कप्तान रजत पाटीदार ने केवल एक ओवर दिया जिसमें उन्होंने 12 रन दिए।

## अंडर 19 एशिया कप में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बने कुंडू

भारत ने मलेशिया को 315 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंडर 19 एशिया कप में भारत के लिए ही नहीं किसी भी टीम के बल्लेबाज के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड अब टूट चुका है। भारत के अभिज्ञान कुंडू ने मंगलवार को मलेशिया के खिलाफ 209 रन की ऐतिहासिक नाबाद पारी खेली और सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले पाकिस्तान के समीर मिन्हास (177) और भारत के वैभव सूर्यवंशी (171) को पीछे छोड़ा।

वहीं वह अंडर 19 एशिया कप के 36 साल के इतिहास में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने। उन्होंने अपनी 125 गेंद की पारी में नाबाद 209 रन बनाए जिसमें 17 चौके और 9 छक्के शामिल थे। वह इसी के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा ओवरऑल रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने पाकिस्तान के समीर मिन्हास (220) को पीछे छोड़ा।




### मलेशिया की टीम 93 रन पर आउट

दुबई। भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई।

### अंडर-19 एशिया कप 2025 के टॉप 5 बल्लेबाज

| खिलाड़ी | देश | मैच | पारी | रन |
|---|---|---|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू | भारत | 3 | 3 | 265 |
| समीर मिन्हास | पाकिस्तान | 3 | 3 | 220 |
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 3 | 3 | 216 |
| अयान मिस्बाह | यूएई | 2 | 2 | 166 |
| जवाद अबरार | बांग्लादेश | 2 | 2 | 166 |

### अंडर 19 एशिया कप के शीर्ष स्कोरर

| | |
|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू (भारत) | 209* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| सौम्य सरकार (बांग्लादेश) | 209 (बनाम कतर), 2012 |
| समीर मिन्हास (पाकिस्तान) | 177* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| मीत भवसर (कुवैत) | 175*(बनाम नेपाल), 2021 |
| वैभव सूर्यवंशी (भारत) | 171 (बनाम यूएई), 2025 |

### वैभव का तूफानी अर्धशतक

वैभव ने मलेशिया के खिलाफ तूफानी पारी खेलते हुए शानदार अर्धशतक जड़ दिया। वैभव ने भारतीय पारी का धमाकेदार अंदाज में आगाज किया और एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद क्रीज पर पैर जमाते हुए तेजी से रन बटोरे। वैभव ने 200 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। 25 गेंदों पर अर्धशतक जड़ने के बाद वैभव की नजरें तेजी से शतक पूरा करने पर लगी थी कि तभी मलेशियाई गेंदबाज मुहम्मद अकरम ने भारत को तीसरा झटका दे दिया।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीत पर भारत की नजरें, चौथा टी-20 आज

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा।

तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए।

एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-परिचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए, जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है।



### द.अफ्रीका ने 28 में से गंवाए 18 मैच

दक्षिण अफ्रीका ने सबसे छोटे प्रारुप में 28 में से 18 मैच गंवाए हैं, जो प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश है और इसके लिए टीम प्रबंधन लगातार बदलाव कर रहा है, जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे और टीम को मैच गंवाने पड़े हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम के पास नौ फरवरी को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश को अंतिम रूप देने के लिए पांच मैच बचे हैं, जिसमें से दो भारत के खिलाफ जबकि तीन घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ हैं।

### 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन

## ऐश्वर्य ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक



मंत्री सारंग ने किया 50 मीटर राइफल इवेंट के विजेताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के अंतर्गत 50 मीटर राइफल इवेंट के फाइनल मुकाबले एवं पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को सहभागिता करते उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनसे संवाद किया। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया।

उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 597/600 अंक अर्जित किए तथा फाइनल में 470.5 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही डेफ केटेगरी में अकादमी के खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

### मंत्री सारंग बोले-विश्व की श्रेष्ठ अकादमियों में मप्र की शूटिंग अकादमी

इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी आज विश्व की श्रेष्ठ शूटिंग अकादमियों में अपनी पहचान बना चुकी है। यहाँ खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं, श्रेष्ठ प्रशिक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में संचालक (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बी. एस. यादव सहित राष्ट्रीय राइफल संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एडिलेड टेस्ट के लिए कमिंस, लियोन की ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग में वापसी, ख्वाजा बाहर

एजेंसी ▶▶| एडीलेड

अनुभवी उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में चयन से चूक गए हैं क्योंकि ट्रेविस हेड को जेक वेदराल्ड के साथ पारी का आगाज करने के लिए चुना गया है। अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर ख्वाजा को एडीलेड ओवल में बुधवार से शुरू होने वाले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में जगह नहीं मिली। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है और एडीलेड में जीत या ड्रॉ के साथ एशेज बरकरार रख सकता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल**

15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक 65/यॉं.वि./25 — भोपाल, दिनांक -11/12/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

नेम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website ttps://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | निविदा क्रय करने का अंतिम समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025 _UAD_ 467251_ 1 | (1)CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT AYODHYA BYPASS TO TULSA VERMA JI WALI ROAD MAHOLI WARD -74, ZONE -16 (2)PROVIDING AND FIXING OF PAVING BLOCK, SHED WORK, ROAD WIDENING AND RCC DRAIN WORK AT KAILASH NAGAR BPC SCHOOL KOLUA MANDIR, KARARIYA DRAIN NEAR MALI HOUSE, MAHOLI NEAR NALLA WARD-74, ZONE- 16 | 37,28,136/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 2. | 2025_ UAD_ 467179_ 1 | CONSTRUCTION OF RETAINING WALL OF NALLA FROM CHHATRASAL INDFOMAL TO PINK CITY HOUSE NO. 01 PILLI JI WARD -65, ZONE- 16 | 25,42,118/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 3. | 2025_ UAD_ 467272_1 | (1)CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL AT NEAR POONAM PRAJAPATI SHIV MANDIR AND NEAR GAYATRI GAIKWAD HOUSE WARD- 72, ZONE- 16(2)CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL AND GREEN SPACE NEAR SHIVAM RAGHUWANSHI 6TH BLOCK SHABRI NAGAR WARD- 72, ZONE- 16 | 21,33,810/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 4. | 2025_ UAD_ 467168_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT L-SECTOR INTERNAL ROADS AYODHYA NAGAR WARD- 68, ZONE- 16 | 42,37,287/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 5. | 2025_UAD_ 467212_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT CHHATRASAL NAGAR TO PEACE VELLY WARD- 65, ZONE- 16 | 16,94,908/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 6. | 2025_ UAD_ 467149_ 1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT K-SECTOR ROTARY TO ISRO NALLA AYODHYA NAGAR WARD- 68, ZONE- 16 | 33,89,640/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 7. | 2025_ UAD_ 467260_ 1 | (1)CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT KALYAN NAGAR GALI NO.5 AND MURTI CHAURAHA TO JAIN SAHAB GALI WARD -72, ZONE- 16 (2)CONSTRUCTION OF RCC DRAIN NEAR GLACIER SCHOOL KALYAN NAGAR WARD -72, ZONE- 16 (3)CONSTRUCTION OF CC ROAD WORK AT HANUMAN MANDIR KE PICHE WALI GALI KALYAN NAGAR WARD- 72, ZONE- 16 (infront of ganesh mishra house) | 23,43,985/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |
| 8. | 2025_ UAD_ 467231_ 1 | (1) CONSTRUCTION OF CC ROAD AT VARDHMAN GREEN W-68,Z-16 (2) CONSTRUCTION OF CEMENT CONCRETE WORK FROM HOUSE NO.27 TO 14 AND RCC DRAIN H.NO.47 TO MILAN FAST FOOD SANTOSHI VIHAR WARD -68, ZONE- 16 (3) PROVIDING AND FIXING OF PAVING BLOCK AND CONST. OF COMMUNITY HALL AT SANTOSHI VIHAR PARK WARD- 68, ZONE- 16 | 24,52,944/- | 12-Jan-2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

ने .क्र. 2801 /025/026

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I :
पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, नर्मदापुरम शाखा, नर्मदापुरम** | | |
| ऋणीः **मेसर्स भाग्य लक्ष्मी एंटरप्राइजेज** पताः वार्ड नं. 15 हल्का नंबर 11 मालाखेड़ी नर्मदापुरम जिला- होशंगाबाद मप्र-01 **प्रोपराइटर-श्री सुमन अभिषेक चंद्र पाठक C/o श्री अभिषेक चंद्र पाठक** जमानतदार-**श्री अभिषेक चंद्र C/o दिनेश चंद्र पाठक** **दोनों का पता :** वार्ड नं. 16 हरने कॉलोनी के सामने, चक्कर रोड मालाखेड़ी जिला-होशंगाबाद म.प्र.-461001 | मांग सूचना दिनांक : 27.11.2025 / दिनांक 26/08/2022 को बकाया राशि ₹ 28,76,748/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे / NPA : 24.11.2025 | एक रिहायशी डायवर्टेड खुला प्लाट क्षेत्रफल-1600 वर्गफुट स्थित प.ह.नं. 17, खसरा नं. 380/5 का भाग, राधा माधव नगर के सामने, चक्कर रोड, वार्ड नं. 10 नर्मदापुरम तहसील एवं जिला नर्मदापुरम म.प्र. चर्तुसीमाएँः पूर्वः दिनेश चंद्र का प्लॉट (विक्रेता का बाकी क्षेत्र) पश्चिमः दिनेश चंद्र का प्लॉट (विक्रेता का बाकी क्षेत्र) उत्तरः कुबेर जी का बेचा हुआ क्षेत्र, दक्षिणः 10' मिट्टी की सड़क, शीर्षक धारक का नामः श्री अभिषेक चंद्र पाठक पुत्र श्री दिनेश चंद्र पाठक |
| **केनरा बैंक, गंजबासोदा शाखा, गंजबसौदा** | | |
| ऋणी : **श्री ठाकुर सिंह रघुवंशी C/o उम्मेद सिंह** सहऋणी : **श्रीमती विनीता पत्नि श्री ठाकुर सिंह रघुवंशी** **दोनों का पताः** वार्ड नंबर 7 गायत्री मंदिर के पास. गंजबासौदा विदिशा गंज बासौदा म.प्र.-464221 | मांग सूचना दिनांक : 28.11.2025 / दिनांक 28.11.2025 को बकाया राशि ₹ 19,43,514.09/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे / NPA : 26.11.2025 | बंधक संपत्ति निर्मित मकान स्थित वार्ड क्रमांक 07, विवेकानन्द वार्ड, गायत्री मंदिर के पीछे, ग्राम बेहलोत, तहसील गंज बासौदा, जिला विदिशा म.प्र. सर्वे नं. 281/1/1/2, प्लॉट क्षेत्रफल 56.98 वर्गमीटर या 613 वर्गफुट। भूतल + प्रथम तल का निर्मित क्षेत्रफल- 764 वर्गफुट, नगर पालिका क्षेत्र गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र., चर्तुसीमाएं-पूर्वः प्लॉट केशव भावसार, पश्चिमः गली नगर पालिका, उत्तरः गली नगर पालिका, दक्षिणः दीक्षित जी, शीर्षक धारक का नामः श्री ठाकुर सिंह रघुवंशी पुत्र श्री उम्मेद सिंह रघुवंशी |
| **केनरा बैंक, न्यू मार्केट शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी : **मैसर्स ए एस ट्रेडर्स एंड सप्लायर्स** **प्रोपराइटर- अतीक मोहम्मद/मोहम्मद अतीक पुत्र श्री अब्दुल सत्तार** **पताः** दुकान नंबर 01, मकान नं. 115, न्यू कबाड़खाना, भोपाल 462008 **घर का पताः** 23 जेल बाग रोड, जिंसी मोमिनपुरा, छोटी मस्जिद, भोपाल, 462008 **यूनिट का पताः** औद्योगिक प्लॉट नंबर 07, औद्योगिक क्षेत्र/ एस्टेट टेक्सटाइल पार्क, अचारपुरा, पटवारी हल्का नंबर 09, तहसील हुजूर, जिला भोपाल | मांग सूचना दिनांक : 04/12/2025 / दिनांक को बकाया राशि ₹ 1,02,73,410.32 + ब्याज एवं अन्य खर्चे / NPA : 03.12.2025 | (1) बंधक संपत्ति लीज होल्ड भूमि औद्योगिक प्लॉट नंबर 07, औद्योगिक क्षेत्र/ एस्टेट टेक्सटाइल पार्क, अचारपुरा, पटवारी हल्का नंबर 09, तहसील हुजूर, जिला भोपाल क्षेत्रफल- 930 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार एवं वास्तविक) पूर्वः प्लॉट नंबर ई 01, पश्चिमः 15 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर ई 06, दक्षिणः प्लॉट नंबर ई 08, (CERSAI ID 400083427831) (2) चल संपत्तिः हाइड्रोलिक शियरिंग मशीन 84623910 स्थित दुकान नंबर 01, मकान नं. 115, न्यू कबाड़खाना, भोपाल 462008 (CERSAI ID 400083427856) दोनों संपत्ति के मालिकः मेसर्स ए एस ट्रेडर्स एंड सप्लायर्स प्रोपराइटर- श्री मोहम्मद अतीक पुत्र श्री अब्दुल सत्तार |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 17/12/2025**

प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक




# सरकार प्रशिक्षण में उन्हीं अधिकारियों को भेजती है, जो निर्वाचन कार्य में संलग्न नहीं होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी- कलेक्टर को कार्य मुक्त न किए जाने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली को शिकायती पत्र भेजा है।

पार्टी ने कहा कि आयोग के आदेश के अनुसार प्रदेश से मतदाता सूची का कार्य जो की प्रक्रिया अनुरूप चल रहा है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होना है। ऐसे में प्रशिक्षण में भेजे जाने से कार्य प्रभावित होगा।

कांग्रेस की शिकायत पर नियमों की जानकारी हुई सार्वजनिक

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होना है

सरकार 24 कलेक्टर्स को प्रशिक्षण के लिए भेज रही है


रेलवे कॉलोनी में एसआईआर की जानकारी देते हुए बीएलओ।

### प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को ट्रेनिंग में शामिल होने की मिलती है अनुमति

कांग्रेस पार्टी की ओर से कलेक्टर्स को प्रशिक्षण में भेजे जाने की शिकायत के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि कांग्रेस पार्टी सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी 2 दिसंबर के पत्र के आधार पर आयोग से शिकायत किया है कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। सरकार 24 कलेक्टर्स को प्रशिक्षण के लिए भेज रही है। वस्तुस्थिति यह है कि लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी की ओर से आवंटन वर्ष 2010 से 2018 तक के अधिकारियों को मिड कॅरियर ट्रेनिंग फेस 3 के लिए नामित किए जाने संबंधी पत्र भेजा था, जिसकी प्रति सामान्य प्रशासन विभाग ने आवश्यक कार्रवाई के लिए सभी 127 अधिकारियों को भेजा था।
दरअसल, सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक की ओर से जारी पत्र का आशय यह नहीं है कि सूची में शामिल हर अधिकारी को प्रशिक्षण के लिए नामांकित कर दिया है। अधिकारियों की ओर से ऑनलाइन नामांकन किए जाने के बाद नामांकित अधिकारियों में से प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को राज्य शासन की ओर से ट्रेनिंग में सम्मिलित होने अनुमति दी जाती है।
राज्य शासन की ओर से यह नीतिगत निर्णय लिया गया है कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में संलग्न भारतीय प्रशासनिक सेवा के किसी भी अधिकारी को प्रशिक्षण के लिए नामांकित नहीं किया जाएगा।

## निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने नए निगम मुख्यालय भवन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# नए निगम हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर होंगे पब्लिक सर्विस सेंटर सहित आम लोगों से सीधे जुड़े विभाग

रिकॉर्ड और नस्तियां भी व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के तुलसी नगर में ग्रीन बिल्डिंग कान्सेप्ट के तहत करीब 43 करोड़ रुपए से बनकर तैयार हुए हेडक्वार्टर में अब शहर के अलग-अलग विभागों की शिफ्टिंग की तैयारियां तेज हो गई हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने मंगलवार को नए हेडक्वार्टर का निरीक्षण किया और ग्राउंड फ्लोर पर पब्लिक सर्विस सेंटर सहित आम लोगों से सीधे जुड़े विभागों के संचालन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने सभी विभागों एवं शाखाओं को नए हेडक्वार्टर में स्थानांतरित करने की तैयारियां करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राउंड फ्लोर पर आम लोगों से सीधे जुडे विभाग संचालित किए जाएं, ताकि उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो। निगम के अन्य विभागों को अन्य तलों से संचालित किया जाए। उन्होंने प्रत्येक तल पर बनाए गए कक्षों आदि के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने एक समान कार्य वाले विभागों को समान तल पर संचालित करने, आवश्यकतानुसार नोटिस बोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अध्यक्ष अपने अधीनस्थ विभागों को निगम मुख्यालय भवन में स्थानांतरित करने के लिए जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए रिकॉर्ड और नस्तियां आदि व्यवस्थित करें।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, तन्मय वशिष्ट शर्मा, मुकेश शर्मा, वरूण अवस्थी, हर्षित तिवारी, गुणवंत सेवतकर, उपायुक्त चंचलेश गिरहारे, प्रभारी मुख्य अभियंता उदित गर्ग सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।


मंगलवार को नए हेडक्वार्टर का निरीक्षण कर चर्चा करते हुए निगम आयुक्त संस्कृति जैन।

### बैरसिया नगर पालिका में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन पर प्रशिक्षण

## भोपाल नगर निगम के अफसरों ने बैरसिया में कचरा प्रबंधन के बताए बेहतर तरीके

**भोपाल।** बैरसिया नगर पालिका में मंगलवार को स्वच्छता एवं बेहतर कचरा प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर मालती राय की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नगर निगम भोपाल के अफसरों ने बैरसिया नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षकों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, सफाई मित्रों, वाहन चालकों एवं स्वच्छता काम में लगे अन्य कर्मचारियों को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के संबंध महत्वपूर्ण टिप्स दिए। भोपाल नगर निगम द्वारा बैरसिया नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता की गतिविधियों व कचरा प्रबंधन आदि कार्यों में सहयोग दिया जा रहा है और विगत दिनों भोपाल नगर निगम द्वारा बैरसिया को स्वच्छता एवं बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए मैजिक वाहन, साईकिल रिक्शा एवं हैंडकार्ट उपलब्ध कराए गए हैं। महापौर ने कहा है कि भोपाल नगर निगम द्वारा बैरसिया नगर में कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने जन जागरूकता व अन्य स्वच्छता की गतिविधियों में सहयोग दे रहा है। इससे पहले महापौर राय ने विधायक विष्णु खत्री एवं बैरसिया नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक भी।


बेहतर कचरा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए।

### धमकाने और गाली-गलौज करने का आरोप

## सीएम हेल्पलाइन से शिकायत वापस लेने अतिक्रमण अधिकारी ने बनाया दबाव

**भोपाल।** नगर निगम के एक अतिक्रमण अधिकारी पर सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत को विलोपित कराने के लिए एक युवक को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और झूठे छेड़छाड़ के मामले में फंसाने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक अजय मालवीय ने मामले की शिकायत मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग में की है।

अजय मालवीय ने बताया कि वह फतेहगढ़ क्षेत्र में किराए की दुकान में टेलरिंग का काम करता था। दुकान गिर जाने के बाद उसने रोजगार के लिए एक छोटी गुमठी लगाई थी, जिसे निगम के अधिकारियों ने करीब एक साल पहले हटा दिया। कई बार जुर्माना भरने और आवेदन देने के बावजूद गुमठी वापस नहीं की गई। इसलिए उसने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। अजय ने बताया कि इसी शिकायत को वापस लेने के लिए 15 दिसंबर को उसे जोन कार्यालय बुलाया गया, जहां अतिक्रमण अधिकारी महेश गौहर ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच की और धमकी दी। शिकायत वापस न लेने पर महिला कर्मचारियों से झूठा छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराने की धमकी दी गई। मोबाइल छीनकर शिकायत विलोपित करवाई गई और दोबारा शिकायत करने पर फंसाने की धमकी दी गई। घटना से वह और उसका परिवार गहरे मानसिक तनाव में है। पीड़ित ने मानव अधिकार आयोग से दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।




**आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं**-अतिक्रमण अधिकारी महेश गौहर का कहना है कि अजय मालवीय द्वारा लगाए गए आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। करीब ढाई साल पहले एक काउंटर था उसे हटाया गया था।

### आईआईएफएम के गेट के सामने हुआ हादसा

## मजदूर को बस ने मारी टक्कर अस्पताल में मृत घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की नेहरू नगर इलाके में आईआईएफएम के गेट से भदभदा की ओर जा रहे मजदूर को बस में टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोग घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कमला नगर पुलिस ने मिलेनियम कॉलेज के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

फिलहाल बस और ड्राइवर को 2 दिन बाद पुलिस ने बुलाया है। पुलिस ने मृतक की बेटी सानिया की शिकायत के आधार पर मामला कायम किया है। कमला नगर पुलिस ने बताया कि वसीम खान रोजाना काम की तलाश में निकलते थे। इसी तरह सोमवार की सुबह 9 बजे करीब वह आईआईएफएम के गेट के पास पहुंचे। पीछे से तेज सवार आ रही कॉलेज बस ने टक्कर मार दी। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने वसीम को अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टर ने हालात देखते हुए मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ड्राइवर बस लेकर फरार हो गया है। हालांकि इस कॉलेज प्रबंधन को इसकी सूचना दे दी गई है। बस को भी जप्त किया जाएगा और ड्राइवर से भी पूछताछ की जाएगी



## चोरी का सामान रखने एवं न्यास भंग करने के दोषी को 3 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चोरी का सामान रखने एवं न्यास भंग करने वाले आरोपी जयकरण प्रजापति को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जयदीप मौर्य ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड तथा आरोपी आदेश खामरा, तुकाराम, साहिब सिंह एवं सुनील खटीक को 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का निर्णय पारित किया है। उक्त प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गुंजन गुप्ता द्वारा पैरवी की गई है।

अभियोजन के अनुसार दिनांक 22 अगस्त 2018 को फरियादी मनोज कुमार शर्मा के ट्रक को आरोपियों द्वारा चावल लेकर पूना जाने एवं वहां से भोपाल के लिए शक्कर भरकर दिनांक 27 अगस्त 2018 ट्रक लेकर फरार होने पर मिसरोद थाना द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए।

### क्षेत्रीय भाषा एवं जनजाति भाषा में होगी पढ़ाई

## प्रदेश में स्कूली शिक्षा की 49 पुस्तकों का 12 भाषाओं में किया अनुवाद

प्रदेश के 89 ट्राइबल विकासखण्डों के स्कूलों में कराई उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की स्कूली शिक्षा में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में 49 पुस्तकों को प्रदेश की 12 भाषाओं में अनुवाद कराते हुए हिन्दी, क्षेत्रीय भाषा एवं जनजाति भाषा में तैयार कर प्रदेश के 89 ट्राइबल विकासखंडों के स्कूलों में उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ अन्य क्षेत्रों में भी इस व्यवस्था को जल्द शुरू किया जाएगा।

दरअसल, प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। प्रदेश में इससे जुड़ी हुई समितियों की बैठकें भी नियमित रूप से की जा रही हैं। प्रदेश में राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा बुनियादी स्तर (एससीएफ-एफएस) एवं राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा स्कूली शिक्षा (एससीएफ-एसई) का निर्माण पूरा किया जा चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में पाठ्य-पुस्तकों को स्थानीय भाषा में प्रकाशित किए जाने की अनुशंसा की गई है। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त और संचालक स्तर की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की समितियां भी गठित की हैं। यह समितियां राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न ग्रुप एवं क्षेत्रों से संबंधित हैं।

### बच्चों के लिए लर्निंग किट एवं फ्लोर गेम्स भी तैयार

प्रदेश के स्कूलों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक मार्गदर्शिका का निर्माण और शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा चुका है। इसके आधार पर बच्चों के लिए लर्निंग किट एवं फ्लोर गेम्स भी तैयार किए गए हैं। मध्यप्रदेश में केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) ट्रेकर को अपडेट किया जा रहा है।

## निजी स्कूलों के मान्यता आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के निजी स्कूलों की कक्षा पहली से आठवीं तक की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। मान्यता की पूरी प्रक्रिया भी ऑनलाइन रहेगी। राज्य शिक्षा केंद्र के वर्ष 2026-27 की मान्यता नवीनीकरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नवीन निर्देशों के तहत मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। बीआरसीसी द्वारा आवेदन करने के पंद्रह दिन के अंदर निरीक्षण रिपोर्ट ऑनलाइन डीपीसी को देना होगी। डीपीसी द्वारा मापदंडों की पूर्ति करने वाले स्कूलों को बीआरसीसी के स्पष्ट अभिमत सहित आवेदन अग्रेषित करने के 30 दिन के अंदर मान्यता जारी करना होगी।

## जनसुनवाई में पहुंचे युवक ने गटका जहर

**विदिशा।** जसुनवाई में आवेदन देने के बाद एक युवक ने बाहर आते ही जहर खा लिया। नटेरन तहसील के फूफैर गांव अतुल पंथी आपसी विवाद के बाद नटेरन थाने में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचा था, जहां पुलिस ने उसकी नहीं सुनी।

सोमवार को 22 वर्षीय अतुल एसपी ऑफिस पहुंचा था पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को जब उसने जनसुनवाई में आवेदन दिया तो अधिकारियों ने आवेदन को एसपी ऑफिस पहुंचाने का कहा। अतुल को लगा कि घूम फिरकर बात वहीं आ गई । आवेदन देने के बाद जैसे ही वह बाहर आया तो उसने जहर खा लिया। जैसे ही यह बात अधिकारियों को पता चली तो आनन फानन में उन्होंने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## एम्स की फैकल्टी डॉ. कौल स्वर्ण पदक से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट को 14 दिसंबर को आयोजित 56वें एमपी पीडिकॉन (मध्य प्रदेश पीडियाट्रिक कॉन्फ्रेंस)-2025 के समापन समारोह में प्रतिष्ठित डॉ. के. के. कौल स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जहां यह सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष (2025) डॉ. वसंत एम. खलाटकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष-निर्वाचित (2026) डॉ. नीलम मोहन और वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।


56वें एमपी पीडिकॉन समारोह में डॉ. कौल का सम्मान करते हुए।

### श्री द्वारिकाधीश मंदिर ठाठीपुर में भागवत कथा शुरू

## भागवत कथा वेद-वेदांत का सार हैः पं. रामकृपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर के श्री द्वारिकाधीश मंदिर ठाठीपुर में विशाल शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा वाचक पं. रामकृपाल त्रिपाठी (गुरु जी) वृंदावन धाम के मुखारविंद से श्लोक व्यख्यापूर्वक आरम्भ हुई, जिसमें पूज्य गुरुजी ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्त्व को समझाते हुए कहा जिस प्रकार केवल दूध से स्वाहाकर नहीं हो सकता किन्तु दूध सार घृत से हवन होने पर देवता प्रसन्न हो जाते है तथा दूध की तुलना में घी बहुउपयोगी, गुणकारी एवं प्रकाशक होता है, इसी प्रकार से जो वेद वेदांत गीता के मंत्र सफलता नहीं दे सकते तथा इनका ही सार श्रीमद्भागवत से सदा सर्वत्र एवं शीघ्र सफलता मिलती है। कथा श्रवण एवं पाठ करने से संसार की सम्पूर्ण समस्याओं का समाधान होता है।

पूज्य गुरुजी ने स्पष्ट किया कि संसार का कोई व्यक्ति गंदगी में क्षण भर भी नहीं प्रवेश करता, किन्तु भगवान श्री कृष्ण अपने भक्त के कामादिक विकार रूप गंदगी में बलात प्रवेश करके हृदय के विकार रूपी गंदगी को सर्वथा निकालकर सर्वदा के लिए स्वच्छ करके संसार के पाप ताप से मुक्त कर देते है। कथा में उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य, शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा, शासकीय अधिवक्ता श्री भानु चौहान, सुमन देवी शर्मा, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद व्यास, राजेश शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, संदीप दंडोतिया, अरुण श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, कमलेश राजोरिया सहित बड़ी संख्या में कथा प्रेमी उपस्थित रहे।


भागवत कथा का वाचन करते पं. रामकृपाल त्रिपाठी।


श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

## पर्यावरण बचाने की सोच रखते हुए विकास चाहती है प्रदेश सरकार

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरे ने मंगलवार को राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर प्रसन्नता करते हुए कहा कि इन निर्णयों से साबित होता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग की बेहतरी के लिए संकल्पित है। खरे ने कहा कि राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक में अनूपपुर, मंडला और डिंडोरी जैसे जनजातीय बहुल जिलों में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर तथा बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के 13,873 डूब प्रभावित परिवारों के लिए 1,782 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930